www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 1 अक्टूबर, 2023

वर्ष – 16 | अंक – 176 | पृष्ठ – 10

मूल्य – 3.00 रु.

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

साहित्य

जीवन से विदा लेती ध्वनि पृष्ठ 06

खून में प्लास्टिक कण पहुंचने पर कैंसर का खतरा पृष्ठ 10

कूड़े के पहाड़ों से जल्द मिलेगी मुक्ति : केजरीवाल पृष्ठ 02

■ 12 महीने में पूरी होगी एलिगेंट विले परियोजना
■ हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए ... 04

■ ब्रिटेन से दून लौटने पर सीएम धामी का भव्य स्वागत
■ ब्लूप्रिंट के साथ तैयार करें विकास कार्यों के प्रस्तावः जिलाधिकारी 08

एशियाई खेल



## हॉकी में भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से रौंदा

**हांगझाउ।** हांगझाउ एशियाई खेलों में पुरुष हॉकी में भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से रौंद दिया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में टीम इंडिया ने लगातार चौथी जीत हासिल की।



## टेनिस में रोहन-रुतुजा का स्वर्णिम प्रदर्शन

**हांगझाउ।** भारत के रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने एशियाई खेलों में टेनिस मिश्रित युगल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपे के सुंग-हाओ हुआंग और एन शुओ लियांग की जोड़ी को हराया।



## भारतीय पुरुष स्क्वैश ने भी जीता सोना

**हांगझोउ।** एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष स्क्वैश टीम ने भी खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान को 2-1 से हरा कर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल लिया।

जन आक्रोश यात्रा में शामिल हुए राहुल गांधी, बोले

# जातीय जनगणना के सवाल पर कांपने लगती है भाजपा

**शाजापुर,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शनिवार को जन आक्रोश यात्रा में भी शामिल हुए। उन्होंने मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले के पोलायकलां में सभा को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'देश के सामने एक ही मुद्दा है, जातीय जनगणना। ओबीसी कितने हैं? उनकी भागीदारी कितनी होनी चाहिए? जब जातीय जनगणना का सवाल उठाता हूं तो भाजपा के लोग कांपने लग जाते हैं। नरेंद्र मोदी भागने लग जाते हैं।

अमित शाह हिंदू-मुस्लिम करेंगे। कांग्रेस सरकार आने पर जातीय जनगणना का काम हम करके दिखाएंगे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओबीसी की सरकार नहीं चलाते। वे दलितों-आदिवासियों के लिए भी काम नहीं करते हैं। उनका काम तो ध्यान इधर-उधर करने का है, नफरत और हिंसा फैलाने का है। यह काम उन्हें आरएसएस ने सौंपा है। राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान को 90 अफसर चलाते हैं। ये निर्णय लेते हैं कि पैसा कहां जाएगा, लेकिन इनमें 3 अफसर ही ओबीसी हैं। हिंदुस्तान के पूरे बजट में 5 फीसदी की भागीदारी ही ओबीसी अफसरों की है। जबकि ओबीसी की आबादी हिंदुस्तान में 50 फीसदी है।

■ हिंदुस्तान के पूरे बजट में 5 फीसदी की भागीदारी ही ओबीसी अफसरों की है

प्रधानमंत्री मोदी दलितों-आदिवासियों के लिए काम नहीं करते हैं। उनका काम तो ध्यान इधर-उधर करने का है, नफरत और हिंसा फैलाने का है। यह काम उन्हें आरएसएस ने सौंपा है: राहुल गांधी, कांग्रेस नेता



### मध्यप्रदेश हिंदुस्तान में भ्रष्टाचार का केंद्र

मध्य प्रदेश में 370 किलोमीटर हमारी भारत जोड़ो यात्रा रही। लोगों ने मुझे बताया कि मध्य प्रदेश हिंदुस्तान में भ्रष्टाचार का केंद्र है। महाकाल कॉरिडोर में भाजपा ने पैसा चोरी किया। हमने मध्य प्रदेश राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक में किसानों की कर्ज माफी के वादे किए। यहां कमलनाथ कर्ज माफ करवा रहे थे, लेकिन धोखा देकर भाजपा वालों ने सरकार को चोरी कर लिया। गांधी जी और गोडसे की विचारधारा की लड़ाई राहुल ने कहा हमारी लड़ाई विचारधारा की है। एक ओर कांग्रेस, दूसरी ओर आरएसएस और भाजपा। एक ओर गांधी जी, दूसरी ओर गोडसे।

बिलासपुर में बोले प्रधानमंत्री

## सपनों को पूरा करने की गारंटी है मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को बिलासपुर में भाजपा की परिवर्तन यात्रा का समापन करने पहुंचे। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत जय जोहार से करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तय हो गया है। हमारा एक ही नेता है कमल, हमारा एक ही उम्मीदवार है कमल। हर बूथ पर जब तक कमल नहीं खिलेगा हम चैन से नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सपनों को पूरा करने की गारंटी है। आज मैं गारंटी देने आया हूं, आपके सपने को साकार करने के लिए मोदी कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। आपका सपना अब मोदी का संकल्प है। छत्तीसगढ़ में भी अब भाजपा सरकार होगी।

## सार संक्षेप

### लड़ाकू विमानों के शानदार प्रदर्शन ने भोपालवासी रोमांचित



**भोपाल।** वायु सेना के लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टर के आज यहां शानदार प्रदर्शन और करतब ने ऐतिहासिक झील के आसपास एकत्रित हुए हजारों लोगों की भीड़ को दांतों तले अंगुलियां दबाने मजबूर कर दिया। वायु सेना की ओर से यहां आयोजित कार्यक्रम में ऐतिहासिक बड़ी झील को केंद्र में रखकर भोपाल के आसमान में लड़ाकू विमान सुखोई 30, मिराज 2000, जैगुआर और तेजस ने कलाबाजियां दिखायीं।

### सीबीडीटी के चेयरमैन नितिन गुप्ता को मिला सेवा विस्तार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सीबीडीटी के चेयरमैन नितिन गुप्ता को 9 महीने का सेवा विस्तार दे दिया है। वे अब 30 जून 2023 तक अपने पद पर बने रहेंगे। इसकी जानकारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। बतादें कि आयकर विभाग के भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी नितिन गुप्ता का कार्यकाल शनिवार 30 सितम्बर 2023 को खत्म हो रहा था और सेवा निवृत्त हो रहे थे। लेकिन अनुबंध के आधार पर उन्हें 9 महीने का सेवा विस्तार दे दिया गया है।

### दोषियों को जरूर पकड़ा जाएगा : एन बीरेन सिंह

**इंफाल।** मणिपुर में दो छात्रों की हत्या पर जारी हंगामे के बीच मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि दोषियों को जरूर पकड़ा जाएगा। जल्द ही सबकुछ ठीक हो जाएगा। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है और जांच के लिए सीबीआई के विशेष निदेशक अजय भटनागर इंफाल पहुंच चुके हैं।

# राष्ट्रीय संग्रहालय खाली कराने का कांग्रेस नेताओं ने किया विरोध

### अत्यधिक वास्तुशिल्प के महत्व की इमारत को किया जाएगा ध्वस्त

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय संग्रहालय को खाली कराकर ध्वस्त करने व इसकी जगह नया भवन बनाने का फैसला लिया है। कांग्रेस नेताओ ने इस पर चिंता जाहिर करते हुए केंद्र सरकार पर बड़ा हमला किया है। कांग्रेस नेता शशि थरुर ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि अत्यधिक वास्तुशिल्प के महत्व की एक ऐतिहासिक इमारत को ध्वस्त कर दिया जाएगा और उसकी जगह कुकी-कटर सरकारी भवन बनाया जाएगा। इस बीच कम से कम दो साल तक कोई राष्ट्रीय संग्रहालय नहीं होगा। यह शुद्ध व सरल बर्बरता है। उन्होंने अपने दावे के समर्थन में एक समाचार रिपार्ट को भी साथ में जोड़ा। वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहाकि, एक और शानदार इमारत,जो पारंपरिकता के साथ ही आधुनिकता को भी जोड़ती है,इस साल के अंत तक गायब हो जाएगी। उन्होंने लिखा जीबी देवलालीकर द्वारा डिजाइन की गई और 1960 में उद्घाटन किया गया राष्ट्रीय संग्रहालय को ध्वस्त किया जा रहा है। उन्होंने लिखा कि देवलालीकर ने ही सुप्रीम कोर्ट के मुख्य ब्लॉक को भी डिजाइन किया था, जो उम्मीद है जीवित रहेगा। उन्होंने कहाकि राष्ट्र न केवल राजसी संरचना खोता है, बल्कि अपने हालिया इतिहास का एक टुकडा भी खो देता है, जो प्रधानमंत्री के व्यवस्थित उन्मूलन अभियान का लक्ष्य है।



एक और शानदार इमारत, जो पारंपरिकता के साथ ही आधुनिकता को भी जोड़ती है, इस साल के अंत तक गायब हो जाएगी : जयराम रमेश

# 2000 के नोट बदलने की मियाद बढ़ी

### ■ अब 7 अक्टूबर तक बैंकों में बदल सकेंगे नोट ■ भारतीय रिजर्व बैंक ने जारी किया नया सर्कुलर

**मुंबई,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रचलन से वापस लिए गए दो हजार रुपए के 14 हजार करोड़ मूल्य के बैंक नोट के जमा नहीं कराए जाने के मद्देनजर इस नोट को जमा करने या बदलने की अवधि सात दिन बढ़ाकर सात अक्टूबर 2023 कर दी है। रिजर्व बैंक ने कहा कि दो हजार रुपए के बैंक नोट को जमा कराने या बदलने की शनिवार को अंतिम तिथि थी लेकिन कल तक 14 हजार करोड़ मूल्य के बैंक नोट न तो जमा किए गए और न ही बदले गए।

इसके मद्देनजर तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। दो हज़ार रुपए के बैंक नोट वैद्य मुद्रा बनी रहेगी और आठ अक्टूबर से इन नोटों को जमा कराने या बदलने के लिए इनको रिजर्व बैंक की 19 क्षेत्रीय शाखाओं में जाना होगा। उसने कहा कि 29 मई 2023 को जब दो हजार रुपए के बैंक नोट को प्रचलन से वापस लिया गया था तब 3.56 लाख करोड़ रुपए मूल्य के बैंक नोट प्रचलन में थे। आज यानी 30 सितंबर तक इन नोटों को जमा कराने या बदलने की तिथि दी गई थी। गत 29 सितंबर तक 3.42 लाख करोड़ रुपए के नोट ही जमा कराए गए या बदले गए जो प्रचलित नोट का 96 प्रतिशत है। अभी भी चार प्रतिशत नोट प्रचलन में है। भारतीय रिजर्व बैंक ने नया सर्कुलर जारी किया है।



### किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं

बिना किसी डॉक्यूमेंट के बैंक में जाकर आसानी से इन नोटों को बदला जा सकता है। नोट बदलने में कोई परेशानी न हो इसलिए बैंकों को भी इसके बारे में जानकारी दी गई है। सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार बैंक में नोट बदलने के लिए किसी तरह के कोई डॉक्यूमेंट नहीं देने होंगे।

### 2016 में आया था 2000 का नोट

2000 का नोट नवंबर 2016 में मार्केट में आया था। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 500 और 1000 के नोट बंद करने का ऐलान किया था। इनकी जगह नए पैटर्न में 500 का नया नोट और 2000 का नोट जारी किया गया था। हालांकि आरबीआई साल 2018-19 से 2000 के नोटों की छपाई बंद कर चुका है। वहीं 2021-22 में 38 करोड़ 2000 के नोट नष्ट किए गए थे।

नाम को लेकर मां-बाप में नहीं बन पा रही थी सहमति

# ...तो हाई कोर्ट ने ही कर दिया बच्ची का नामकरण

**कोच्चि,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। एक बच्ची के नाम को लेकर उसके माँ और पिता में असहमति इतनी लंबी चली कि साढे तीन साल की उम्र तक भी उसका कोई नाम नहीं रखा जा सका। आखिरकार मामला अदालत पहुंचा और केरल उच्च न्यायालय ने बच्ची के हित को देखते हुये उसका नामकरण कर विवाद का अंत कर दिया। पीठ ने कहा कि माता-पिता के बीच विवाद को सुलझाने के प्रयास में समय लगेगा और इस बीच, नाम का अभाव बच्चे के कल्याण या सर्वोत्तम हितों के लिए अनुकूल नहीं होगा। अदालत ने कहा, इस तरह के क्षेत्राधिकार के प्रयोग में, बच्ची के कल्याण को सर्वोपरि माना जाता है, न कि माता-पिता के अधिकारों को।

इस प्रकार, यह अदालत याचिकाकर्ता की बच्ची के लिए एक नाम का चयन करने के लिए अपने माता-पिता के अधिकार क्षेत्र का उपयोग करने के लिए मजबूर है। मौजूदा मामले में बच्ची के जन्म प्रमाणपत्र पर कोई नाम नहीं था। जब स्कूल में उसका दाखिला कराने की बारी आई तो स्कूल अधिकारियों ने उसके लिए एक नाम पर जोर दिया, और उस जन्म प्रमाणपत्र को स्वीकार करने से इनकार कर दिया जिसमें कोई नाम नहीं था। समस्या तब शुरू हुई जब याचिकाकर्ता मां ने बच्चे के लिए 'पुण्या नायर' नाम दर्ज करने का प्रयास किया, लेकिन रजिस्ट्रार ने नाम दर्ज करने के लिए माता-पिता दोनों की उपस्थिति पर जोर दिया। लेकिन अलग हो चुके माता-पिता इस मुद्दे पर आम सहमति बनाने में असफल रहे, क्योंकि पिता बच्ची का नाम 'पद्मा नायर' रखना चाहते थे। अदालत ने सभी पहलुओं पर गौर करने के बाद कहा कि मां, जिसके साथ बच्ची वर्तमान में रह रही है, द्वारा सुझाए गए नाम को उचित महत्व दिया जाना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि पिता का नाम भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि पितृत्व भी निर्विवाद था। इसके आधार पर अदालत बच्ची का नाम 'पुण्या बालगंगाधरन नायर' या 'पुण्या बी. नायर' के नाम का फैसला सुनाया।




हाई कोर्ट ने बच्ची के कल्याण को सर्वोपरि माना

# पंजाब में किसानों का रेल रोको आंदोलन खत्म

**अमृतसर,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। पंजाब में मुआवजा, एमएसपी और कर्ज माफी को लेकर किसानों का आंदोलन शनिवार को खत्म हो गया। 19 किसान संगठनों ने 21 जगहों पर प्रदर्शन किया। रेलवे की तरफ से जारी की गई जानकारी के अनुसार इस प्रोटेस्ट के कारण कुल 598 ट्रेनें प्रभावित हुईं। जिनमें से रद्द ट्रेनों की संख्या, 376 रही, वहीं शार्ट टर्मिनेट ट्रेनों की संख्या- 89, शार्ट ओरिजिनेट ट्रेनों की संख्या-46 और परिवर्तित मार्ग से संचालित ट्रेनों की संख्या-70 रही। रेल रोको आंदोलन से प्रभावित कुल यात्री रेलगाड़ियों की संख्या 581 और माल गाड़ियों की संख्या 17 रही। किसानों की एक बड़ी जत्थेबंदी ने पंजाब के टोल प्लाजों पर भी कब्जा कर लिया, जिसे अब खाली किया जा रहा है। अमृतसर में टोल प्लाजा स्टाफ और किसानों के बीच इस दौरान झड़प हो गई। किसान टोला प्लाजा बंद करने पर अड़ गए। वहीं दूसरी टोल प्लाजा कर्मियों का कहना था कि एक दिन टोल बंद होने से कंपनी को तकरीबन 2 लाख रुपए का नुकसान होता है। अंत में पुलिस ने बीच पहुंच दोनों पक्षों को शांत करवाया।



■ 19 किसान संगठनों ने 21 जगहों पर प्रदर्शन किया
■ अमृतसर में टोल कर्मचारियों-किसानों में हुई झड़प

इसरो ने दी जानकारी

# आदित्य-एल1 पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से बाहर

**चेन्नई,** 30 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि भारत की अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से सफलतापूर्वक बाहर चली गई है। आदित्य-एल1 ने अब तक 9.2 लाख किमी से अधिक की यात्रा की है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, आदित्य-एल1 अब सन-अर्थ लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल1) की ओर अपना रास्ता तय कर रहा है। इसरो ने बताया, यह लगातार दूसरी बार है कि इसरो ने पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र के बाहर एक अंतरिक्ष यान भेजा है। पहली बार मंगल ऑर्बिटर मिशन को पृथ्वी की कक्षा से बाहर भेजा गया था। यह लगातार पांचवीं बार है जब इसरो ने किसी वस्तु को किसी अन्य खगोलीय पिंड या अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया है।

विरोध | भाजपा नेताओं के खिलाफ तेज हो रहे विरोध के स्वर

# जम्मू कश्मीर व लद्दाख में बढ़ी भाजपा की परेशानी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 30 सितम्बर(देशबन्धु)। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी कई परेशानियों के दौर से गुजरने को मजबूर है। अगर कश्मीर में पार्टी नेताओं के खिलाफ तेज होते विरोधी स्वर उसकी कश्मीर में जमीन खिसका रहे हैं तो पूरे प्रदेश में बिजली के स्मार्ट मीटरों के खिलाफ चल रहे आंदोलन पर उसकी चुप्पी और समर्थन न देने की रणनीति उसके लिए भारी साबित होने वाली है।**

ऐसा ही कुछ हाल बर्फीले रेगिस्तान लद्दाख के करगिल में होने जा रहे स्वायत परिषद के चुनावों में भाजपा का है। दरअसल जम्मू कश्मीर में उसने अपने विद्रोही आठ नेताओं को अनुशासनहीनता के लिए नोटिस जारी किया है और उनसे बिना शर्त माफी मांगने के लिए कहा है। भाजपा ने 11 सितंबर को जम्मू कश्मीर इकाई के उपाध्यक्ष सोफी यूसुफ को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए भी कारण बताओ नोटिस जारी किया था, और उन्हें कुछ समय के लिए मीडिया से बातचीत करने से रोक दिया था। कश्मीर के पार्टी प्रभारी यूसुफ को उन खबरों के बीच अनुशासनात्मक नोटिस दिया गया था, जिसमें कहा गया था कि कश्मीर में पार्टी के अधिकतर नेताओं ने पिछले महीने सामूहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा देने की योजना बनाई थी। शुक्रवार को, भारतीय जनता पार्टी की अनुशासनात्मक समिति ने पार्टी के आठ नेताओं – जीएम मीर (प्रवक्ता), डा अली मोहम्मद मीर (राष्ट्रीय परिषद सदस्य), अल्ताफ ठाकुर (प्रवक्ता), आसिफ मसूदी, आरिफ राजा, अनवर खान, मंजूर भट और बिलाल पर्रे को नोटिस जारी किया। नोटिस में कहा गया है, कि सोफी यूसुफ के खिलाफ अनुशासनहीनता की जांच करते समय, अनुशासन समिति के संज्ञान में यह आया कि पार्टी में अनुशासन बनाए रखने के लिहाज से हानिकारक गतिविधियों में शामिल होने को लेकर आपमें से प्रत्येक के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। इस मामले में अनुशासनहीनता के सबूत हैं। ऐसी ही दशा भाजपा की लद्दाख में होने जा रही है, जहां केंद्र शासित प्रदेश में छठी अनुसूची को लागू करने की मांग के बीच 4 अक्तूबर को जब क्षेत्र की लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद के लिए मतदान होगा।



■ बिजली के स्मार्ट मीटरों के खिलाफ चल रहा है आंदोलन

**उल्टा पुल्टा**

एक दिन भगवान ने एक आदमी की मेमोरी डिलीट कर दी। फिर उससे पूछा क्या तुम्हें कुछ याद है? आदमी ने अपनी पत्नी का नाम बता दिया। भगवान हंसकर बोले-पूरा सिस्टम फॉमेंट कर दिया पर वायरस फिर भी रह गया।

# कूड़े के पहाड़ों से जल्द मिलेगी मुक्ति : केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि निगम में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार आने के बाद से लैंडफिल साइट से कूड़ा खत्म करने के काम में काफी तेजी आई है और तय लक्ष्य से

**तीस सितम्बर तक 14 लाख टन कूड़ा कम करने का लक्ष्य रखा गया था : अरविंद केजरीवाल**

अधिक गति से कूड़ा हटाया जा रहा है। केजरीवाल ने भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा करके कहा कि पिछले साल मध्य नवंबर से भलस्वा लैंडफिल साइट से कूड़ा साफ करने का काम शुरू हुआ था। लक्ष्य रखा गया था कि अगले 18 महीने के अंदर भलस्वा लैंडफिल साइट से लगभग 30 लाख टन कूड़ा कम किया जाएगा। तीस सितम्बर तक लगभग 14 लाख टन कूड़ा कम करने का लक्ष्य रखा गया था। यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि लक्ष्य से कहीं अधिक गति से कूड़ा साफ करने का काम चल रहा है।

सितम्बर तक भलस्वा लैंडफिल साइट से तय लक्ष्य 14 लाख टन के बजाय 18 लाख टन कूड़ा कम किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मौजूदा एजेंसी जब अगले साल 15 मई तक 45 लाख टन कूड़ा साफ कर लेगी तब यहां पर 35 एकड़ जमीन खाली हो जाएगी। जब सारा कूड़ा साफ हो जाएगा, तो यहां पर काफी जमीन खाली हो जाएगी। भलस्वा लैंडफिल साइट के बगल से गुजर रही सड़क से पंजाब और हरियाणा से लोग दिल्ली आते हैं। दिल्ली में प्रवेश करते ही उनको कूड़े का पहाड़ दिखाई देता था। ये कूड़े का पहाड साफ हो जाएगा तो इस जमीन का कई तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है। दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से जल्द मुक्ति मिलेगी। इसके लिए अतिरिक्त एजेंसी नियुक्त करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। दिल्ली को समय से पहले कूड़े के पहाड़ों से मुक्ति मिल जाएगी। वहीं भाजपा नेता सचदेवा ने आरोप लगाया कि गाजीपुर से अधिक से अधिक 1000 मीट्रिक टन कूड़े का दैनिक निस्तारण होता है पर यहां रोज लगभग 2500 मीट्रिक टन गीला बदबूदार कूड़ा नया डल रहा है जिसकी वजह से यहां कूड़े का नया पहाड़ उठ रहा है। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री केजरीवाल भलस्वा लैंडफिल साइट पर कुछ तेजी से हो रहे कूड़े के निस्तारण का श्रेय लेने पहुंचे हैं पर सच्चाई यह है कि उसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। भलस्वा लैंडफिल साइट पर जो निस्तारण हो रहा है उसके टेंडर नवंबर 2022 से पूर्व स्पेशल ऑफिसर ने किए थे और निस्तारण में एमसीडी के साथ ही डीडीए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने 2020 से 2022 के दौरान गाजीपुर में तेजी से हुए कूड़े के निस्तारण का श्रेय भाजपा सांसद गौतम गंभीर और तत्कालीन भाजपा निगम नेतृत्व को देते हुए यह आरोप लगाया कि 2021-22 में जो आम आदमी पार्टी लैंडफिल साइट से सफाई में भ्रष्टाचार दिखाती थी आज खुद कोई काम नहीं कर रही है। भ्रष्टाचार और अकर्मण्यता फैला रही है और काम की जो रफ्तार आज है उससे तो लगता है कि गाज़ीपुर में 2025 मे एक नहीं दो ऊंचे पहाड़ होंगे। भाजपा नेता ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने जनवरी 2024 तक तीनों लैंडफिल साइट साफ करने का वादा दिल्ली नगर निगम 2022 चुनाव की दस गारंटी मे किया था पर आज हालत यह है कि लैंडफिल साइटों पर कूड़ा घटने की जगह बढ़ रहा है।



- मुख्यमंत्री ने लक्ष्य से पहले दिल्ली के लैंडफिल को साफ करने का किया वादा
- मुख्यमंत्री ने भलस्वा लैंडफिल साइट का किया दौरा

### झूठे सपने दिखाने के लिए माफी मांगे केजरीवाल : भाजपा

दिल्ली में कूड़े को लेकर एक बार फिर से राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शनिवार को दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह, पूर्व महापौर हर्ष मलहोत्रा एवं योगेन्द्र चंदोलिया, विधायक अनिल वाजपेयी, निगम पार्षद संदीप कपूर और पार्टी के अन्य नेताओं के साथ गाजीपुर लैंडफिल साइट का दौरा किया। इसके बाद केजरीवाल सरकार और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि गाजीपुर लैंडफिल साइट से कूड़ा निस्तारण को लेकर 2022 नगर निगम चुनाव से पहले आप ने बड़े-बड़े दावे किए थे। लेकिन, उनके नगर निगम में सत्ता में आने के 8 महीने बाद भी कूड़ा निस्तारण कार्य लगभग ठप पड़ा है।

## दिल्ली को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाना सरकार का लक्ष्य : शैली

### मेयर ने प्रियदर्शिनी कॉलोनी का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने शनिवार को यमुना बाजार स्थित दिल्ली नगर निगम की प्रियदर्शिनी कॉलोनी का निरीक्षण किया। मेयर ने प्रियदर्शिनी कॉलोनी में निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली नागरिक सुविधाओं और सेवाओं का जायजा लिया। इस मौके पर मेयर ने स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को कॉलोनी में सिविल और इलेक्ट्रिकल संबंधित मरम्मत कराने और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। दिल्ली नगर निगम ने प्रियदर्शिनी कॉलोनी में नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इनमें कॉलोनी की मुख्य सड़क की मरम्मत, मुख्य द्वार का सौंदर्यीकरण, गमलों की व्यवस्था, मलबे की सफाई आदि शामिल हैं। स्थानीय निवासियों ने मेयर डॉ शैली ओबरॉय को बताया कि कॉलोनी में इलेक्ट्रिकल संबंधित कार्य और कुछ भवनों की मरम्मत की आवश्यकता है। स्थानीय निवासियों ने अनुरोध किया कि कॉलोनी में इलेक्ट्रिकल संबंधित और भवन मरम्मत का कार्य भी पूरा कराया जाए। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने



अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि इन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। कॉलोनी में मरम्मत व सफाई के जो भी कार्य अधूरे हैं, उन्हें जल्द ही पूरा किया जाए। छत पर पड़े मलबे को भी साफ कराया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली नगर निगम नागरिकों को अधिकतम सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। आप सरकार का लक्ष्य दिल्ली को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने का है। हम इस लक्ष्य को हासिल करने में अवश्य ही सफल होंगे। इस दौरान क्षेत्रीय निगम पार्षद पुरनदीप सिंह साहनी, क्षेत्रीय उपायुक्त और निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**सार संक्षेप**

### यात्रीज पारिवारिक ड्रामा फिल्म है : रघुवीर यादव




**नई दिल्ली।** रघुबीर यादव, अनुराग मल्हान और चाहत खन्ना अभिनीत पारिवारिक ड्रामा 'यात्रीज' की स्टार कास्ट के अलावा फिल्म की निर्माता कुकू मोहनका रोहतक स्थित मायना रिज़ॉर्ट पहुंचे। अदाकार रघुबीर यादव यात्रीज' के बारे में बताते हैं कि यह परिवार, भावनाओं और रोमांच की एक दिल छू लेने वाली कहानी है। वे कहते हैं यात्रीज मथुरा के एक मध्यमवर्गीय शर्मा परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। एक अविस्मरणीय साहसिक यात्रा पर निकलते हुए, वे खुद को प्यार, हास्य और जीवन के मूल्यवान अनुभवों के आनंदमय मिश्रण में डुबो देते हैं। यह हृदयस्पर्शी कहानी एकता और एकजुटता के सार को दर्शाती है। बनारस और थाईलैंड की पृष्ठभूमि पर आधारित इस पारिवारिक ड्रामा फिल्म के जरिए बॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं हरियाणा के अनुराग मल्हान। वे बताते हैं की वो झज्झर के सुबाना गांव के हैं। इसके अलावा बहादुरगढ़ के रेलवे रोड स्थित टीचर्स कालोनी में आज भी उनका पुश्तैनी घर है। उन्होंने अपनी पढ़ाई गुड़गाँव और दिल्ली से पूरी की। अनुराग स्पोर्ट्स में भी अच्छे थे लेकिन रूझान सिनेमा की ओर था इसलिए उन्होंने ऐक्टिंग की भी पूरी ट्रेनिंग ली है। उन्होंने जी टीवी के सीरियल सेठ जी में अभिनय किया और अपनी शॉर्ट फिल्म दी लवर्स से सुर्खियों में आए। उनके पिता नेवी में थे और बॉलीवुड से उनके परिवार का कभी कोई नाता नहीं रहा है।

### कंट्रोलजेड ने भारत एक्स के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** एक प्रमुख प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड कंट्रोलज ने यूपीआई के माध्यम से ईएमआई विकल्प पेश करने के लिए भारतएक्स के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। इस साझेदारी का उद्देश्य ग्राहकों को उनके पसंदीदा प्रीमियम डिवाइस प्राप्त करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाना है, जिससे वह अपनी खरीददारी को आसान बना सकें। कंट्रोलज़ेड के संस्थापक और सीईओ युग भाटिया ने कहा कि कंट्रोलज़ ईज़ी ईएमआई के साथ, हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों के सपनों को और अधिक किफायती बनाना है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि ग्राहक वित्तीय बाधाओं के बोझ के बिना प्रीमियम डिवाइस प्राप्त करने का अवसर मिलना चाहिए। हम पूर्व-स्वामित्व वाले स्मार्टफोन बाजार को नया आकार देने के लिए समर्पित हैं, इस क्षेत्र में सामर्थ्य बढ़ाने के लिए लगातार नवीन प्रयोगों पर काम कर रहे हैं। भारत एक्स के संस्थापक और सीईओ मेहुलनाथ जिंदल ने कहा कि हम कंट्रोलजेड के साथ जुड़कर रोमांचित हैं। हमारी संयुक्त विशेषज्ञता निश्चित रूप से अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को बिना किसी वित्तीय बाधा के उनकी इच्छानुसार खरीदारी करने में सक्षम बनाएगी।

## हृदय रोग की पूर्व चेतावनी पर ध्यान देने से बच सकती है जान : डॉ. अमित

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। देश में हृदय रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और अब युवाओं में भी हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हृदय रोग से होने वाली मृत्यु दर को कम करने और स्वयं और अपनों को बचाने के लिये इसके लक्षणों की समय से पहचान बहुत जरूरी है। इस संबंध में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.अमित पेंढारकर कहते हैं कि अधिकांश दिल के दौरे में छाती के बीच में असुविधा होती है, जो कुछ मिनटों या फिर ज्यादा देर तक रह सकती है, या फिर आ-जा सकती है। यह असहज दबाव, या दर्द जैसा महसूस हो सकता है।



यदि छाती दर्द हो तो इसे हल्के में ना लें बल्कि ईसीजी कराएं ताकि दर्द का सही कारण की जानकारी मिल सके। डॉक्टर आगे कहते हैं कि अधिकांश मामले इसलिए गंभीर हो जाते हैं क्योंकि लोग इसे आम दर्द समझकर घरेलू उपचार के जरिये इसे दूर करने की कोशिश करते हैं, जो वाकई खतरे को और गंभीर बनाता है। ऐसे में सभी को इस चेतावनी के प्रति सजग होने की जरूरत है, और जरूरी है कि दिल के दौरे के लक्षणों को पहचानें। दिल के दौरे के लक्षणों में एक अथवा दोनों बाहों, पीठ, गर्दन, जबड़े या पेट में दर्द की परेशानी, ठंडा पसीना आना, मतली या चक्कर आना, कम मेहनत करने पर भी सांस लेने में तकलीफ महसूस होना आदि शामिल है।

## दूरदर्शी युवाओं को एनसीपीईडीपी-एम्फैसिस यूनिवर्सल डिज़ाइन अवॉर्ड्स से किया सम्मानित



**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। 14वीं एनसीपीईडीपी-एम्फासिस यूनिवर्सल डिज़ाइन अवार्ड से 14 युवाओं को उनके इनोवेशन के लिए सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार उन नवाचारकों को दिए जाते हैं जो दिव्यांगों के विकास की राह में आ रहे रुकावटों को दूर करने और समावेशी समाज बनाने हेतु प्रयासरत व कार्यरत हैं। पिछले 13 वर्षों से इस अवॉर्ड के माध्यम से समावेशी समाज के निर्माण हेतु कार्यरत व्यक्तियों और संगठनों के प्रयासों की सराहना लगातार की जा रही है।

- सिंधिया ने की एनसीपीईडीपी व एम्फासिस के प्रयासों की सराहना

एनसीपीईडीपी और एम्फासिस के प्रयासों की सराहना करते हुए केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने अपने वीडियो संबोधन में कहा कि इन पुरस्कारों के संस्थापन के माध्यम से विकलांग व्यक्तियों के लिए एक समावेशी और सस्टेनेबल भविष्य बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहन एवं गति मिलेगी।

### 2030 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत : सिंधिया

केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा कि 2030 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत के लिए पूरे 1.4 अरब जनसंख्या की भागीदारी राष्ट्रीय विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने तक के सफर में भारत के दिव्यांगों एवं उनके परिवारों की संपूर्ण भागीदारी ही हमें समय से लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करेगी। समावेशी और सस्टेनेबल समाज निर्माण की दिशा में दिव्यांगों के योगदान एवं उनकी प्रतिबद्धता को प्रोत्साहन देना का यह प्रयास विकसित भारत की ओर एक सकारात्मक और प्रशंसनीय कदम है। एनसीपीईडीपी के कार्यकारी निदेशक अरमान अली ने कहा कि दुनिया में करीब एक अरब लोगों को सहायक उत्पादों की जरूरत है, लेकिन दस में से केवल एक की पहुंच ऐसे उत्पादों तक है। यूनिवर्सल डिजाइन अवार्ड्स 2023 हमें इस अंतर को पाटने के हमारे कर्तव्य की याद दिलाता है।

## दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान आज से लागू

### नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली-एनसीआर में सर्दी के मौसम में होने वाले वायु प्रदूषण की रोक-थाम को लेकर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) आज से लागू हो गया है। हॉट स्पॉट के साथ निर्माणाधीन स्थलों पर पहले चरण में निरीक्षण और सावधानी बरती जाएगी। नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही 500 स्क्वायर मीटर में बड़ी उन निर्माण स्थलों पर रोक रहेगी, जिन्होंने संबंधित एजेंसी के पास रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है। इस दौरान सिविक एजेंसियां मशीनों से सफाई करेंगी। खुले में कूड़ा जलाने में प्रतिबंध है। उधर, शनिवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 166 दर्ज किया गया। सूचकांक के 200 से ऊपर जाने पर पाबंदियां सख्त होंगी। अभी एहतियातन ग्रेप लागू कर दिया है। सर्दी के मौसम में पराली, वाहनों से होने वाले प्रदूषण व धूल प्रदूषण से दिल्ली गैस चैंबर बन जाती है। इसे लेकर सरकार सख्त है। प्रदूषण से लोगों को राहत दिलाने के लिए ग्रेप लागू किया गया है। पहले फेज में एक्यूआई 201 से 300 होने पर डीजल जनरेटर सेट्स के रेगुलर पावर सप्लाई की पाबंदी है। हालांकि, 31 दिसम्बर तक आपातकालीन सेवाओं की नौ महत्वपूर्ण श्रेणियों में डीजल जनरेटर सेट के इस्तेमाल के लिए तीन महीने की राहत दी गई है। चरण दो के तहत एक्यूआई 301 से 400 होने पर डीजल जनरेटर सेट्स पर बैन का नियम है। दिल्ली के खेतों में पराली गलाने के लिए पूसा बायो-डी-कंपोजर का मुफ्त में सफलता पूर्वक छिड़काव किया जाएगा। वाहन से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए पीयूसी सर्टिफिकेट की जांच की जाएगी। साथ ही 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहन के प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए 385 टीमें गठित की गई हैं। पिछले सालों की तरह इस साल भी दिल्ली के अंदर पटाखों के उत्पादन, भंडारण और किसी भी प्रकार की बिक्री या खरीद पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।




### एंटी स्मॉग गन लगाना अनिवार्य

दिल्ली में 13 हॉट स्पॉट चिन्हित किए हैं। इन हॉट स्पॉट के लिए अलग-अलग एक्शन प्लान बनाया गया है। इसी तरह निर्माण स्थल पर निगरानी रखने के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। 500 वर्गमीटर से ज्यादा वाले निर्माण साइट को डस्ट कंट्रोल करने के लिए वेब पोर्टल पर पंजीकृत करना है। वहीं, 5 हजार वर्ग मीटर से ज्यादा वाले निर्माण साइट पर एंटी स्मॉग गन लगाना अनिवार्य होगा।

## महिला डॉक्टर को चाकू मारा

### हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। पश्चिमी दिल्ली में एक 40 वर्षीय महिला डॉक्टर को एक व्यक्ति ने चाकू मार दिया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि प्रथम दृष्टया, डकैती का कोई पहलू नहीं है और हमलावर पीड़ित का कोई परिचित प्रतीत होता है। पुलिस के मुताबिक, राजौरी गार्डन थाने में एक महिला को चाकू मारने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। डॉ. सांगय भूटिया टैगोर गार्डन एक्सटेंशन में हेयर एंड सेंसेज नाम से क्लीनिक चलाती हैं। दोपहर के वक्त बिल्डिंग की सीढ़ी पर एक व्यक्ति आया और उसने महिला डॉक्टर पर चाकू से हमला कर दिया। डॉ. भूटिया का क्लिनिक इमारत के भूतल पर स्थित है, जहां वह ऊपरी मंजिल रहती हैं। हमले के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया। एक अधिकारी ने कहा कि शुरुआती जानकारी के आधार पर, महिला डॉक्टर चाकू



हमले में घायल हो गई। इसके बाद इलाज के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया जा रहा है। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।

### छापामार भारी मात्रा में नकली बीयरिंग जब्त

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस ने कश्मीरी गेट स्थित दुकान पर छापा मार भारी मात्रा में नकली बीयरिंग जब्त किए हैं। आरोपी एस के एफ बीयरिंग के नकली उत्पाद बेच रहे थे। कश्मीरी गेट पुलिस स्टेशन के अधिकारियों की मदद से कश्मीरी गेट स्थित कुलवंत ऑटो स्टोर्स, दुकान नंबर 138, गुरु नानक ऑटो मार्केट, कश्मीरी गेट, दिल्ली-6 पर छापेमारी की गई। छापेमारी के बाद आरोपी बलबीर सिंह चंडोक को गिरफ्तार कर लिया गया है। छापेमारी टीम में कानून प्रवर्तन एजेंट और एस के एफ के प्रतिनिधि शामिल थे जिन्होंने नकली सामानों की पहचान की। इकाई के खिलाफ एक एफआईआर भी दर्ज की गई है। एस के एफ बियरिंग्स एक अग्रणी ब्रांड है और इसकी बेहतर गुणवत्ता के कारण, एस के एफ के उत्पादों की भारत में अच्छी मांग है।

**आयोजन** *25 किमी लंबी भव्य तिरंगा यात्रा का किया गया आयोजन*

## लोगों ने जगह-जगह यात्रा का किया स्वागत

**नई दिल्ली, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। आईएचआरसीसी के चीफ डॉक्टर वी पी सिंह ने एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में हिंदुस्तानी और थाईलैंड के निवासियों ने भाग लिया। करीब 25 किलोमीटर चली इस यात्रा में लगभग 200 कारें, बड़ी संख्या में पैदल, स्कूटर, बाइक में सवार होकर लोग अपने हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। विदेशी पर्यटकों ने भी इस यात्रा का जमकर लुत्फ उठाया, सभी लोगों ने इस यात्रा में शामिल होकर तिरंगा थामा और कदम से कदम मिलाया। आपको बता दें की इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल काउंसिल पिछले कई महीनो से इस खास आयोजन में लगी थी।**

इसकी तैयारी को लेकर डॉक्टर वीपी सिंह ने बड़े स्तर पर तैयारी की थी। यहां पर उन्होंने हिंदुस्तानियों को एक साथ तो जोड़ा ही साथ ही थाईलैंड के लोगों को भी इस तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

डॉ.वी.पी. सिंह ने कहा कि शुरू से ही भारत का सिद्धांत रहा है वसुधैव कुटुंबकम हम पूरे विश्व को अपना परिवार मानते हैं। हमारे देश ने एक ऐसा ही बड़ा संदेश दिया है हम इसी संदेश को लेकर के आगे चल रहे हैं आज हमारा देश मोदी जी के नेतृत्व में अलग पहचान बना रहा है और हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम इस तरह के आयोजन से लोगों को जोड़ें और उन्हें देश के प्रति जागरुक करने के लिए प्रेरित करें। डॉ वी पी सिंह ने कहा कि हम आगे भी इसी तरह के आयोजन करते रहेंगे, जिससे पूरे विश्व में हमारे तिरंगे की आन- बान- शान लहराती और चमकती रहे, इस आयोजन में उन्होंने थाईलैंड के पुलिस प्रशासन का भी धन्यवाद किया जिन्होंने इस विशाल आयोजन की अनुमत तो दी ही साथ ही पूरी व्यवस्था की सुचारु रूप से करने में मुख्य भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम को सफल करने में पिजन टूर एंड ट्रेवल्स का विशेष योगदान रहा कंपनी के निदेशक मंटू सिंह एवं सहायक विक्की सिंह एवं आकाश सिंह के विशेष सहयोग और मेहनत से तिरंगा यात्रा यहां सफल एवं संपन्न हुई।



- तिरंगा यात्रा में विदेशी पर्यटकों ने भी हाथों में तिरंगा थामा कर लोगों के साथ कदम से कदम मिलाया
- भारत का सिद्धांत रहा है वसुधैव कुटुंबकम हम पूरे विश्व को अपना परिवार मानते हैं : वी.पी. सिंह

**बेदखली/सूचनार्थ**

मैं, जसबीर सिंह, सुपुत्र स्व. श्री सुरजीत सिंह, पत्नी दविंदर जीत कौर, निवासी एस-221/8ए, विष्णु गार्डन नई दिल्ली 18। सूचनार्थ है कि मेरे पुत्र जसनीत सिंह और उसकी पत्नी बलजीत कौर उनके दोनो बच्चों एव भविष्य मे होने वाले। सभी को अपनी सभी चल-अचल संपत्ति ओर सभी रिलेशन से सम्बन्ध विच्छेद करते हैं, क्योंकि दोनो रीति रिवाजों के अनुरूप न चलने व गलत आचरण रखते हैं। जसनीत सिंह एव उनके परिवार के साथ कोई भी व्यवहार रखेगा वो स्वम जिम्मेदार होगा।

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लॉट नं0-01, सैक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Air Force Naval Hosing Board Jal Vayu Vihar, Plot No. 08 Sector-P-4, Greater Noida के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-B-82, 2nd Floor, क्षेत्रफल-138.011 वर्ग मीटर Miss. Mita Choudhary D/o Shri H.M. Choudhary & Shri H.M. Choudhary S/o Late Shri S.M. Choudhary & Mrs. Dipali Choudhary W/o Shri H.M. Choudhary के पक्ष में हस्तांतरित/पंजीकृत है। सह आवंटी Shri H.M. Choudhary & Mrs. Dipali Choudhary की मृत्यु दिनांक-25.04.2023 व दिनांक 14.02.2020 को हो जाने के उपरान्त पूर्ण रूप से मूल आवंटी Miss. Mita Choudhary D/o Late Shri H.M. Choudhary ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में सह आवंटी Shri H.M. Choudhary & Mrs. Dipali Choudhary के स्थान पर पूर्ण रूप से सह आवंटी Miss. Mita Choudhary D/o Late H.M. Choudhary के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंग )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# रूस ने बेलगोरोड क्षेत्र में यूक्रेन के नौ रॉकेटों को मार गिराया

**मास्को,** 30 सितम्बर (एजेंसियां) रूस ने कहा है कि उरगन मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम (एमएलआरएस) से नौ रॉकेटों का उपयोग करके रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में आतंकवादी हमले को अंजाम देने के यूक्रेन के प्रयास को विफल कर दिया गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने



कहा, 30 सितंबर की सुबह मास्को समयानुसार लगभग 3:45 बजे यूक्रेन शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र पर आतंकवादी हमला करने का प्रयास किया गया, जिसे विफल कर दिया गया। यूक्रेन ने इसके लिए उरगन एमएलआरएस के नौ रॉकेटों का उपयोग किया। मंत्रालय ने कहा, ड्यूटी पर मौजूद वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड क्षेत्र के ऊपर हवा में सभी नौ रॉकेटों को नष्ट कर दिया। इससे पहले, क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि वायु रक्षा बलों ने रूसी शहर बेलगोरोड के पास हवाई लक्ष्यों को मार गिराया, कोई हताहत या क्षति की सूचना नहीं है।

# दक्षिण कोरिया में गर्मी से संबंधित मौतें 2023 में हुई चौगुनी

**सोल,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया में स्पष्ट रूप से गर्मी से संबंधित मौतों की संख्या 2023 में हर साल लगभग चौगुनी हो गई। देश असामान्य गर्मी की लहर की चपेट में था। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी के अनुसार, इस साल कुल 32 लोगों की मौत गर्मी से संबंधित बीमारी से हुई, जबकि एक साल पहले नौ लोगों की मौत हुई थी। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल का आंकड़ा 2018 के बाद से सबसे बड़ा है, जब देश में गर्मी से संबंधित 48 मौतें हुई थीं। दक्षिण कोरिया ने 2011 में संबंधित डेटा संकलित करना शुरू किया। मौसम एजेंसी के अनुसार, इस गर्मी में देश भीषण गर्मी की चपेट में था, जून से अगस्त तक औसत राष्ट्रीय तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो अब तक का चौथा उच्चतम स्तर है। आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल गर्मी से संबंधित बीमारियों से पीड़ित सभी मरीजों में 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 29.5 प्रतिशत लोग शामिल हैं, इसके बाद 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोग 21.3 प्रतिशत हैं।


# उत्तर रेलवे समय–सारणी 2023-24

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे की नई समय–सारणी 01.10.2023 से प्रभावी होगी। समय–सारणी 2023–24 की कुछ प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं:–

### समय–सारणी 2023–24 में शामिल नई रेलगाड़ियाँ

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | चालन आवृति | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 20657/20658 हुब्बल्लि जं.–हज़रत निज़ामुद्दीन–हुब्बल्लि जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 14.10.2022 |
| 22447/22448 नई दिल्ली अम्ब–अंदौरा–नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस | सप्ताह में 6 दिन | 19.10.2022 |
| 20172/20171 हज़रत निज़ामुद्दीन–रानी कमलापति–हज़रत निज़ामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस | सप्ताह में 6 दिन | 02.04.2023 |
| 20978/20977 दिल्ली कैंट–अजमेर–दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस | सप्ताह में 6 दिन | 13.04.2023 |
| 14527/14528 बठिण्डा–श्री गंगानगर–बठिण्डा एक्सप्रेस | सप्ताह में 6 दिन | 15.04.2023 |
| 22458/22457 देहरादून–आनन्द विहार(टर्मि.)–देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस | सप्ताह में 6 दिन | 29.05.2023 |
| 22549/22550 लखनऊ–गोरखपुर–लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस | सप्ताह में 6 दिन | 09.07.2023 |
| 19271/19272 भावनगर–हरिद्वार–भावनगर एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 06.09.2023 |
| 20973 फिरोजपुर कैंट–रामेश्वरम एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 07.10.2023 |
| 20974 रामेश्वरम–फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 03.10.2023 |
| 14719/14720 बीकानेर जं.–अमृतसर–बीकानेर जं. एक्सप्रेस | साप्ताहिक | तत्काल प्रभाव से |
| 04689 अम्बाला–जलंधर सिटी डीएमयू विशेष | प्रतिदिन | 23.10.2022 |

### रेलगाड़ियों के चालन मार्ग का विस्तार

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | विस्तार | | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| | से | तक | |
| 14265/14266 वाराणसी–देहरादून–वाराणसी एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | 10.10.2022 |
| 22407/22408 वाराणसी–आनन्द विहार(टर्मि.)–वाराणसी एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | 13.10.2022 |
| 14854/14853 जोधपुर–वाराणसी–जोधपुर एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | 21.10.2022 |
| 14864/14863 जोधपुर–वाराणसी–जोधपुर एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | 21.10.2022 |
| 14866/14865 जोधपुर–वाराणसी–जोधपुर एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | 21.10.2022 |
| 06951/06952/74907/74906 जम्मू तवी–एमसीटीएम–जम्मू तवी पैसेंजर | जम्मू तवी | पठानकोट | 23.10.2022 |
| 64912/64915 रोहतक–नई दिल्ली–रोहतक पैसेंजर | रोहतक | जींद | 23.10.2022 |
| 64932/64931 रोहतक–नई दिल्ली–रोहतक पैसेंजर | रोहतक | जींद | 23.10.2022 |
| 19167/19168 अहमदाबाद–वाराणसी–अहमदाबाद एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | 12.12.2022 |
| 14712/14711 श्री गंगानगर–हरिद्वार–श्री गंगानगर एक्सप्रेस | हरिद्वार | ऋषिकेश | 01.03.2023 |
| 12538/12537 बनारस–मुजफ्फरपुर–बनारस एक्सप्रेस | बनारस | प्रयागराज रामबाग | 01.03.2023 |
| 14624/14623 फिरोजपुर कैंट–छिन्दवाड़ा–फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस | छिन्दवाड़ा | सिवनी | 27.04.2023 |
| 14259/14260 लखनऊ–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–लखनऊ एक्सप्रेस | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | गया | 29.04.2023 |
| 14261/14262 लखनऊ–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–लखनऊ एक्सप्रेस | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | गया | 27.04.2023 |
| 54703/54704/09603/09604 जयपुर–लोहारु जं.–जयपुर पैसेंजर | लोहारु जं. | बठिण्डा | 11.05.2023 |
| 14310/14309 देहरादून–उज्जैन–देहरादून–एक्सप्रेस | उज्जैन | लक्ष्मीबाई नगर | 31.05.2023 |
| 04108/04107/64282/64281 उतरेटिया–सुलतानपुर–उतरेटिया एक्सप्रेस | सुलतानपुर | शिवपुर | 05.06.2023 |
| 14724/14723 भिवानी–कानपुर–भिवानी कालिन्दी एक्सप्रेस | कानपुर | प्रयागराज | 04.08.2023 |
| 12494/12493 हज़रत निज़ामुद्दीन–पुणे–हज़रत निज़ामुद्दीन दर्शन एक्सप्रेस | पुणे | मिरज | 04.08.2023 |
| 22129/22130 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–प्रयागराज–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) तुलसी एक्सप्रेस | प्रयागराज | अयोध्या कैंट | 27.08.2023 |
| 14011/14012 होशियार पुर–दिल्ली जं.–होशियार पुर एक्सप्रेस | दिल्ली | आगरा कैंट | 26.08.2023 |
| 12057 नई दिल्ली–ऊना हिमाचल एक्सप्रेस | ऊना हिमाचल | दौलतपुर चौक | 25.08.2023 |
| 12058 ऊना हिमाचल–नई दिल्ली एक्सप्रेस | ऊना हिमाचल | दौलतपुर चौक | 26.08.2023 |
| 12549/12550 दुर्ग–जम्मू तवी–दुर्ग एक्सप्रेस | जम्मू तवी | एमसीटीएम | 29.08.2023 |
| 14734/14733 जयपुर जं.–होशियार पुर–जयपुर जं. एक्सप्रेस | जयपुर जं. | बठिण्डा जं. | 13.09.2023 |

### रेलगाड़ियों की चालन आवृति में विस्तार

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | चालन आवृति में विस्तार | | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| | से | तक | |
| 15211/15212 दरभंगा–अमृतसर–दरभंगा जननायक एक्सप्रेस | सप्ताह में 3 दिन | प्रतिदिन | 03.03.2023 |
| 22435/22436 वाराणसी–नई दिल्ली–वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस | सप्ताह में 5 दिन | सप्ताह में 6 दिन | 20.03.2023 |
| 04295/04298/64211/64212 लखनऊ–कानपुर सेन्ट्रल–लखनऊ एक्सप्रेस | सप्ताह में 5 दिन | प्रतिदिन | 24.06.2023 |
| 04129/04130/64593/64594 फतेह पुर–कानपुर सेन्ट्रल–फतेह पुर एक्सप्रेस | सप्ताह में 5 दिन | प्रतिदिन | 24.06.2023 |
| 19307/19308 इन्दौरा–चंडीगढ़–इन्दौर एक्सप्रेस | साप्ताहिक | सप्ताह में 2 दिन | 04.08.2023 |

### रेलगाड़ियों का टर्मिनल परिवर्तन

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | वर्तमान टर्मिनल | परिवर्तित टर्मिनल | प्रस्थान के दिन | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 22431/22432 प्रयागराज–एमसीटीएम–प्रयागराज एक्सप्रेस | प्रयागराज | सूबेदारगंज | सप्ताह में 2 दिन | 05.11.2022 |
| 14854/14853 जोधपुर–वाराणसी–जोधपुर मरुधर एक्सप्रेस | वाराणसी | वाराणसी सिटी | सप्ताह में 3 दिन | 21.10.2022 |
| 14864/14863 जोधपुर–वाराणसी–जोधपुर मरुधर एक्सप्रेस | वाराणसी | वाराणसी सिटी | सप्ताह में 3 दिन | 21.10.2022 |
| 14866/14865 जोधपुर–वाराणसी–जोधपुर मरुधर एक्सप्रेस | वाराणसी | वाराणसी सिटी | साप्ताहिक | 21.10.2022 |
| 19167/19168 अहमदाबाद–वाराणसी–अहमदाबाद साबरमति एक्सप्रेस | वाराणसी | वाराणसी सिटी | सप्ताह में 4 दिन | 12.12.2022 |
| 14309/14310 लक्ष्मीबाई नगर–देहरादून–लक्ष्मीबाई नगर उज्जैनी एक्सप्रेस | देहरादून | योग नगरी ऋषिकेश | सप्ताह में 2 दिन | 02.01.2024 |
| 14317/14318 इन्दौर–देहरादून–इन्दौर एक्सप्रेस | देहरादून | योग नगरी ऋषिकेश | सप्ताह में 2 दिन | 05.01.2024 |
| 14265/14266 वाराणसी–देहरादून–वाराणसी एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | प्रतिदिन | 10.10.2022 |
| 22407/22408 वाराणसी–आनन्द विहार (टर्मि.)–वाराणसी एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | सप्ताह में 2 दिन | 13.10.2022 |

### (मेल/एक्सप्रेस) रेलगाड़ियों के नम्बरों में परिवर्तन

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | परिवर्तित रेलगाड़ी सं. | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 20407 बनारस–आनन्द विहार टर्मिनस | 22541 | 09.02.2023 |
| 20408 आनन्द विहार टर्मिनस–बनारस | 22542 | 10.02.2023 |
| 14811 / 14812 सीकर जं.–दिल्ली सराय रोहिल्ला–सीकर जं. एक्सप्रेस | 14713 / 14714 | 04.10.2023 |
| 14711 / 14712 ऋषिकेश–श्री गंगानगर– ऋषिकेश एक्सप्रेस | 14816 / 14815 | 01.10.2023 |
| 14012 होशियार पुर–आगरा कैंट एक्सप्रेस | 11906 | 28.12.2023 |
| 14011 आगरा कैंट–होशियार पुर एक्सप्रेस | 11905 | 27.12.2023 |
| 14723 / 14724 प्रयागराज जं.–भिवानी जं.–प्रयागराज जं. एक्सप्रेस | 14117 / 14118 | 02.12.2023 |
| 14265 / 14266 देहरादून–वाराणसी–देहरादून एक्सप्रेस | 15119 / 15120 | 01.02.2023 |
| 14553 / 14554 दिल्ली जं.–दौलतपुर चौक–दिल्ली जं. एक्सप्रेस | 14053 / 14054 | 12.01.2024 |
| 19791 जयपुर जं.–बठिण्डा जं. एक्सप्रेस | 14733 | 13.09.2023 |
| 14825 जयपुर जं.–बठिण्डा जं. एक्सप्रेस | 14734 | 13.09.2023 |
| 09603/09604 जयपुर जं.–बठिण्डा जं.–जयपुर जं. एक्सप्रेस | 04704 / 04703 | तत्काल प्रभाव से |
| 01625/01626 धूरी जं.–बठिण्डा जं.–धूरी जं. | 04765 / 04766 | तत्काल प्रभाव से |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | चालन आवृति | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग |
|---|---|---|---|
| 12209/12210 कानपुर सेन्ट्रल–काठगोदाम–कानपुर सेन्ट्रल एक्सप्रेस | साप्ताहिक | आलमनगर–बरेली जं. | आलमनगर–बरेली जं.–रामपुर जं. |

### स्टेशन के नाम में परिवर्तन

| वर्तमान नाम | नया नाम |
|---|---|
| उधमपुर (यूएचपी) | शहीद कैप्टन तुषार महाजन (एमसीटीएम) |

### रेलगाड़ी के नाम में परिवर्तन

| वर्तमान नाम | नया नाम |
|---|---|
| 14205/14206 अयोध्या कैंट–दिल्ली एक्सप्रेस | 14205/14206 अयोध्या कैंट–दिल्ली अयोध्या एक्सप्रेस |

### रेलगाड़ियों की सूची जिनका प्रस्थान समय जल्द (प्रीपोन) किया गया है

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन | पुराना समय | | नया समय | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| 13257 | लखनऊ | 02:00 | 02:10 | 01:50 | 02:00 |
| 15903 | लखनऊ | 02:15 | 02:25 | 02:10 | 02:20 |
| 19616 | लखनऊ | 02:15 | 02:25 | 02:10 | 02:20 |
| 15057 | लखनऊ | 02:15 | 02:25 | 02:10 | 02:20 |
| 15909 | लखनऊ | 05:10 | 05:20 | 05:00 | 05:10 |
| 12212 | लखनऊ | 05:20 | 05:35 | 05:15 | 05:25 |
| 15716 | लखनऊ | 05:25 | 05:35 | 05:15 | 05:25 |
| 19269 | लखनऊ | 05:25 | 05:35 | 05:15 | 05:25 |
| 13167 | लखनऊ | 05:25 | 05:35 | 05:20 | 05:30 |
| 12174 | लखनऊ | 05:25 | 05:35 | 05:20 | 05:30 |
| 12183 | लखनऊ | 05:35 | 05:45 | 05:25 | 05:35 |
| 19313 | लखनऊ | 05:35 | 05:45 | 05:25 | 05:35 |
| 19305 | लखनऊ | 05:35 | 05:45 | 05:25 | 05:35 |
| 14307 | लखनऊ | 06:20 | 06:30 | 06:15 | 06:25 |
| 12144 | लखनऊ | 06:40 | 06:50 | 06:30 | 06:40 |
| 14123 | लखनऊ | 07:40 | 07:55 | 07:45 | 07:50 |
| 15075 | लखनऊ | 08:00 | 08:10 | 07:55 | 08:05 |
| 15073 | लखनऊ | 08:00 | 08:10 | 07:55 | 08:05 |
| 19615 | लखनऊ | 13:50 | 14:00 | 13:30 | 13:40 |
| 18103 | लखनऊ | 15:05 | 15:15 | 15:00 | 15:10 |
| 13307 | लखनऊ | 15:25 | 15:35 | 15:20 | 15:30 |
| 13005 | लखनऊ | 15:40 | 15:50 | 15:35 | 15:45 |
| 15023 | लखनऊ | 15:50 | 16:00 | 15:45 | 15:55 |
| 22200 | लखनऊ | 15:50 | 16:00 | 15:45 | 15:55 |
| 15076 | लखनऊ | 16:00 | 16:10 | 15:55 | 16:05 |
| 15074 | लखनऊ | 16:00 | 16:10 | 15:55 | 16:05 |
| 15668 | लखनऊ | 17:00 | 17:10 | 16:50 | 17:00 |
| 15636 | लखनऊ | 17:00 | 17:10 | 16:50 | 17:00 |
| 14611 | लखनऊ | 17:15 | 17:25 | 17:10 | 17:20 |
| 12355 | लखनऊ | 17:15 | 17:25 | 17:10 | 17:20 |
| 12237 | लखनऊ | 17:35 | 17:45 | 17:30 | 17:40 |
| 13009 | लखनऊ | 17:50 | 18:00 | 17:45 | 17:55 |
| 04297 | लखनऊ | 10:18 | 18:20 | 17:55 | 18:05 |
| 15025 | लखनऊ | 18:40 | 18:50 | 18:30 | 18:40 |
| 13413 | लखनऊ | 18:55 | 19:05 | 18:45 | 18:55 |
| 13483 | लखनऊ | 18:55 | 19:05 | 18:45 | 18:55 |
| 14124 | लखनऊ | 19:05 | 19:10 | 19:00 | 19:05 |
| 20413 | लखनऊ | 19:10 | 19:20 | 19:05 | 19:15 |
| 12331 | लखनऊ | 19:35 | 19:45 | 19:20 | 19:30 |
| 15651 | लखनऊ | 19:35 | 19:45 | 19:20 | 19:30 |
| 15653 | लखनऊ | 19:35 | 19:45 | 19:20 | 19:30 |
| 15097 | लखनऊ | 19:35 | 19:45 | 19:20 | 19:30 |
| 12587 | लखनऊ | 19:35 | 19:45 | 19:20 | 19:30 |
| 14205 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 | 19:40 | 19:50 |
| 15635 | लखनऊ | 20:55 | 21:05 | 20:50 | 21:00 |
| 15026 | लखनऊ | 20:55 | 21:05 | 20:50 | 21:00 |
| 15667 | लखनऊ | 20:55 | 21:05 | 20:50 | 21:00 |
| 19408 | लखनऊ | 21:05 | 21:15 | 21:00 | 21:10 |
| 20940 | लखनऊ | 21:05 | 21:15 | 21:00 | 21:10 |
| 14523 | लखनऊ | 21:05 | 21:15 | 21:00 | 21:10 |
| 12555 | लखनऊ | 21:25 | 21:35 | 21:20 | 21:30 |
| 14207 | लखनऊ | 21:40 | 21:50 | 21:30 | 21:40 |
| 19166 | लखनऊ | 23:05 | 23:15 | 23:00 | 23:10 |
| 19168 | लखनऊ | 23:05 | 23:15 | 23:00 | 23:10 |
| 13237 | लखनऊ | 23:25 | 23:35 | 23:10 | 23:20 |
| 13239 | लखनऊ | 23:25 | 23:35 | 23:10 | 23:20 |
| 22317 | वाराणसी | 00:20 | 00:30 | 00:10 | 00:20 |
| 12326 | वाराणसी | 01:00 | 01:10 | 00:40 | 00:50 |
| 12358 | वाराणसी | 01:00 | 01:10 | 00:40 | 00:50 |
| 12318 | वाराणसी | 01:00 | 01:10 | 00:40 | 00:50 |
| 13152 | वाराणसी | 01:30 | 01:40 | 01:00 | 01:10 |
| 13258 | वाराणसी | 02:55 | 03:05 | 02:50 | 03:00 |
| 12372 | वाराणसी | 05:10 | 05:20 | 05:00 | 05:10 |
| 14004 | वाराणसी | 08:05 | 08:15 | 08:00 | 08:10 |
| 13430 | वाराणसी | 08:50 | 09:00 | 08:40 | 08:50 |
| 05169 | वाराणसी | 08:50 | 08:55 | 08:45 | 08:50 |
| 05138 | वाराणसी | 09:35 | 09:40 | 08:50 | 08:55 |
| 19321 | वाराणसी | 11:35 | 11:45 | 11:20 | 11:30 |
| 19046 | वाराणसी | 15:50 | 16:00 | 15:40 | 15:50 |
| 13168 | वाराणसी | 20:00 | 20:10 | 19:35 | 19:45 |
| 15103 | वाराणसी | 21:40 | 21:45 | 21:35 | 21:40 |
| 15023 | वाराणसी | 22:15 | 22:25 | 22:30 | 22:40 |
| 14003 | वाराणसी | 23:55 | 00:05 | 23:45 | 23:55 |
| 14236 | अयोध्या जं. | 01:28 | 01:30 | 00:36 | 01:38 |
| 14235 | अयोध्या जं. | 02:38 | 02:40 | 02:36 | 02:38 |
| 15083 | अयोध्या जं. | 02:56 | 02:58 | 02:51 | 02:53 |
| 15053 | अयोध्या जं. | 03:22 | 03:24 | 03:11 | 03:13 |
| 22613 | अयोध्या जं. | 04:20 | 04:25 | 03:53 | 03:55 |
| 14854 | अयोध्या जं. | 04:53 | 04:55 | 04:43 | 04:45 |
| 19054 | अयोध्या जं. | 05:48 | 05:50 | 05:24 | 05:26 |
| 13151 | अयोध्या जं. | 07:22 | 07:24 | 06:21 | 06:23 |
| 14018 | अयोध्या जं. | 06:36 | 06:38 | 06:28 | 06:30 |
| 14214 | अयोध्या जं. | 08:45 | 09:10 | 08:40 | 09:05 |
| 14650 | अयोध्या जं. | 08:51 | 08:53 | 08:48 | 08:50 |
| 13307 | अयोध्या जं. | 10:18 | 10:20 | 09:43 | 09:45 |
| 13238 | अयोध्या जं. | 09:56 | 09:58 | 09:48 | 09:50 |
| 13010 | अयोध्या जं. | 11:36 | 11:38 | 11:33 | 11:35 |
| 13308 | अयोध्या जं. | 13:54 | 13:55 | 13:47 | 13:48 |
| 13009 | अयोध्या जं. | 13:56 | 13:58 | 13:53 | 13:55 |
| 18205 | अयोध्या जं. | 15:58 | 16:00 | 15:46 | 15:48 |
| 14232 | अयोध्या जं. | 15:58 | 16:00 | 15:53 | 15:55 |
| 13237 | अयोध्या जं. | 19:48 | 19:50 | 19:42 | 19:44 |
| 14853 | अयोध्या जं. | 20:34 | 20:36 | 20:26 | 20:28 |
| 13152 | अयोध्या जं. | 20:58 | 21:00 | 20:51 | 20:53 |
| 15102 | अयोध्या जं. | 23:28 | 23:30 | 22:48 | 22:50 |
| 14854 | अयोध्या कैंट | 04:30 | 04:35 | 04:20 | 04:25 |
| 15116 | अयोध्या कैंट | 04:30 | 04:35 | 04:20 | 04:25 |
| 14018 | अयोध्या कैंट | 06:10 | 06:15 | 06:05 | 06:10 |
| 12226 | अयोध्या कैंट | 06:38 | 06:40 | 06:35 | 06:37 |
| 14236 | अयोध्या कैंट | 01:05 | 01:13 | 01:00 | 01:08 |
| 15101 | अयोध्या कैंट | 01:10 | 01:15 | 01:05 | 01:15 |
| 15715 | अयोध्या कैंट | 01:40 | 01:45 | 01:35 | 01:40 |
| 15933 | अयोध्या कैंट | 02:10 | 02:12 | 02:05 | 02:07 |
| 15083 | अयोध्या कैंट | 03:20 | 03:25 | 03:15 | 03:20 |
| 15053 | अयोध्या कैंट | 03:50 | 03:58 | 03:45 | 03:53 |
| 19167 | अयोध्या कैंट | 03:55 | 04:08 | 03:50 | 04:00 |
| 19165 | अयोध्या कैंट | 03:55 | 04:08 | 03:50 | 04:00 |
| 14234 | अयोध्या कैंट | 04:05 | 04:15 | 04:02 | 04:12 |

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन | पुराना समय | | नया समय | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| 19054 | अयोध्या कैंट | 06:33 | 06:41 | 06:00 | 06:05 |
| 13151 | अयोध्या कैंट | 07:50 | 07:58 | 07:25 | 07:30 |
| 14650 | अयोध्या कैंट | 08:30 | 08:35 | 08:23 | 08:31 |
| 13238 | अयोध्या कैंट | 09:35 | 09:40 | 09:25 | 09:30 |
| 13307 | अयोध्या कैंट | 11:05 | 11:13 | 10:30 | 10:35 |
| 15023 | अयोध्या कैंट | 12:10 | 12:15 | 12:05 | 12:10 |
| 15668 | अयोध्या कैंट | 13:25 | 13:27 | 13:18 | 13:20 |
| 15636 | अयोध्या कैंट | 13:25 | 13:27 | 13:18 | 13:20 |
| 13009 | अयोध्या कैंट | 14:25 | 14:30 | 14:20 | 14:25 |
| 18205 | अयोध्या कैंट | 15:25 | 15:35 | 14:50 | 15:00 |
| 15623 | अयोध्या कैंट | 16:30 | 16:35 | 16:20 | 16:30 |
| 19053 | अयोध्या कैंट | 16:30 | 16:35 | 16:20 | 16:30 |
| 19615 | अयोध्या कैंट | 16:30 | 16:35 | 16:20 | 16:30 |
| 19322 | अयोध्या कैंट | 19:08 | 19:10 | 19:05 | 19:10 |
| 13237 | अयोध्या कैंट | 20:15 | 20:20 | 20:10 | 20:20 |
| 14853 | अयोध्या कैंट | 20:55 | 21:00 | 20:48 | 20:56 |
| 15624 | अयोध्या कैंट | 22:20 | 22:25 | 22:15 | 22:20 |
| 14649 | अयोध्या कैंट | 22:20 | 22:25 | 22:15 | 22:20 |
| 15084 | अयोध्या कैंट | 22:50 | 22:55 | 22:45 | 22:50 |
| 15102 | अयोध्या कैंट | 23:00 | 23:10 | 22:10 | 22:20 |
| 15128 | प्रतापगढ़ जं. | 00:55 | 01:00 | 00:50 | 00:55 |
| 14229 | प्रतापगढ़ जं. | 01:03 | 01:08 | 01:00 | 01:05 |
| 14230 | प्रतापगढ़ जं. | 04:55 | 05:00 | 04:45 | 04:50 |
| 22183 | प्रतापगढ़ जं. | 05:41 | 05:46 | 05:35 | 05:40 |
| 13430 | प्रतापगढ़ जं. | 06:12 | 06:17 | 05:50 | 05:55 |
| 12539 | प्रतापगढ़ जं. | 06:25 | 06:30 | 06:15 | 06:20 |
| 14234 | प्रतापगढ़ जं. | 07:00 | 07:07 | 06:25 | 06:30 |
| 04381 | प्रतापगढ़ जं. | 08:23 | 08:28 | 08:20 | 08:25 |
| 14204 | प्रतापगढ़ जं. | 09:48 | 09:50 | 09:45 | 09:47 |
| 12875 | प्रतापगढ़ जं. | 09:46 | 09:51 | 09:43 | 09:48 |
| 22129 | प्रतापगढ़ जं. | 10:14 | 10:16 | 10:12 | 10:14 |
| 04256 | प्रतापगढ़ जं. | 10:55 | 11:00 | 10:40 | 10:45 |
| 13005 | प्रतापगढ़ जं. | 11:35 | 11:40 | 11:25 | 11:30 |
| 15120 | प्रतापगढ़ जं. | 11:40 | 11:45 | 11:15 | 11:20 |
| 12356 | प्रतापगढ़ जं. | 13:10 | 13:15 | 13:05 | 13:10 |
| 22683 | प्रतापगढ़ जं. | 14:25 | 14:30 | 14:10 | 14:15 |
| 15127 | प्रतापगढ़ जं. | 16:08 | 16:13 | 16:05 | 16:10 |
| 22130 | प्रतापगढ़ जं. | 16:20 | 16:22 | 16:18 | 16:20 |
| 15108 | प्रतापगढ़ जं. | 16:38 | 16:40 | 16:35 | 16:40 |
| 18206 | प्रतापगढ़ जं. | 17:35 | 17:45 | 17:05 | 17:10 |
| 12876 | प्रतापगढ़ जं. | 18:15 | 18:20 | 18:00 | 18:05 |
| 04255 | प्रतापगढ़ जं. | 18:30 | 18:35 | 18:25 | 18:30 |
| 14232 | प्रतापगढ़ जं. | 18:33 | 18:37 | 18:20 | 18:25 |
| 14865 | प्रतापगढ़ जं. | 20:25 | 20:30 | 20:20 | 20:25 |
| 04382 | प्रतापगढ़ जं. | 20:27 | 20:32 | 20:25 | 20:30 |
| 22684 | प्रतापगढ़ जं. | 22:00 | 22:05 | 21:45 | 21:50 |
| 12540 | प्रतापगढ़ जं. | 23:25 | 23:30 | 23:20 | 23:25 |
| 14234 | सुलतानपुर जं. | 05:28 | 05:30 | 05:25 | 05:27 |
| 22183 | सुलतानपुर जं. | 06:40 | 06:45 | 06:25 | 06:30 |
| 04107 | सुलतानपुर जं. | 07:30 | 07:35 | 07:25 | 07:30 |
| 04381 | सुलतानपुर जं.. | 09:33 | 09:38 | 09:25 | 09:30 |
| 22129 | सुलतानपुर जं. | 10:56 | 10:58 | 10:54 | 10:56 |
| 18205 | सुलतानपुर जं. | 13:20 | 13:25 | 13:15 | 13:20 |
| 22130 | सुलतानपुर जं. | 15:40 | 15:42 | 15:38 | 15:40 |
| 18206 | सुलतानपुर जं. | 16:20 | 16:30 | 16:15 | 16:25 |
| 14232 | सुलतानपुर जं. | 17:35 | 17:40 | 17:25 | 17:30 |
| 04382 | सुलतानपुर जं. | 19:20 | 19:25 | 19:15 | 19:20 |
| 04108 | सुलतानपुर जं. | 20:25 | 20:30 | 19:35 | 19:40 |
| 14308 | रायबरेली जं. | 00:23 | 00:25 | 00:20 | 00:25 |
| 14229 | रायबरेली जं. | 02:40 | 02:45 | 02:35 | 02:40 |
| 12174 | रायबरेली जं. | 03:35 | 03:40 | 03:30 | 03:35 |
| 13167 | रायबरेली जं. | 03:35 | 03:40 | 03:30 | 03:35 |
| 14003 | रायबरेली जं. | 03:35 | 03:40 | 03:30 | 03:35 |
| 14259 | रायबरेली जं. | 03:35 | 03:40 | 03:30 | 03:35 |
| 13429 | रायबरेली जं. | 03:35 | 03:40 | 03:30 | 03:35 |
| 14307 | रायबरेली जं. | 03:55 | 04:00 | 03:52 | 03:57 |
| 14123 | रायबरेली जं. | 06:10 | 06:12 | 06:01 | 06:03 |
| 14512 | रायबरेली जं. | 06:30 | 06:35 | 06:25 | 06:30 |
| 12539 | रायबरेली जं. | 08:00 | 08:05 | 07:45 | 07:50 |
| 14204 | रायबरेली जं. | 08:18 | 08:20 | 08:15 | 08:17 |
| 14215 | रायबरेली जं. | 08:15 | 08:20 | 08:05 | 08:10 |
| 14210 | रायबरेली जं. | 09:05 | 09:07 | 09:03 | 09:05 |
| 15107 | रायबरेली जं. | 09:20 | 09:25 | 09:10 | 09:15 |
| 12875 | रायबरेली जं. | 11:23 | 11:28 | 11:15 | 11:20 |
| 12356 | रायबरेली जं. | 11:33 | 11:35 | 11:30 | 11:32 |
| 13005 | रायबरेली जं. | 13:20 | 13:25 | 13:15 | 13:20 |
| 15119 | रायबरेली जं. | 13:35 | 13:40 | 13:30 | 13:35 |
| 12355 | रायबरेली जं. | 15:18 | 15:20 | 15:10 | 15:12 |
| 22683 | रायबरेली जं. | 16:00 | 16:05 | 15:40 | 15:45 |
| 12173 | रायबरेली जं. | 17:00 | 17:02 | 16:58 | 17:00 |
| 14209 | रायबरेली जं. | 17:24 | 17:26 | 17:23 | 17:25 |
| 15127 | रायबरेली जं. | 17:55 | 18:00 | 17:45 | 17:50 |
| 14207 | रायबरेली जं. | 19:30 | 19:35 | 19:25 | 19:30 |
| 12184 | रायबरेली जं. | 20:40 | 20:45 | 20:35 | 20:40 |
| 14124 | रायबरेली जं. | 20:45 | 20:47 | 20:33 | 20:35 |
| 04255 | रायबरेली जं. | 21:00 | 21:05 | 20:50 | 20:55 |
| 14203 | रायबरेली जं. | 21:14 | 21:16 | 21:12 | 21:14 |
| 14865 | रायबरेली जं. | 22:15 | 22:20 | 21:55 | 22:00 |
| 04362 | ऋषिकेश | --- | 07:50 | --- | 07:45 |
| 04366 | मुरादाबाद | --- | 07:30 | --- | 07:25 |
| 04226 | मुरादाबाद | --- | 07:55 | --- | 07:45 |
| 04370 | रोज़ा जं. | --- | 06:15 | --- | 06:00 |
| 04380 | बरेली जं. | --- | 18:50 | --- | 18:35 |
| 05396 | शाहजहांपुर | --- | 07:00 | --- | 06:40 |
| 04547 | अम्बाला | --- | 13:10 | --- | 12:15 |
| 52452 | शिमला | --- | 18:05 | --- | 17:40 |
| 52454 | शिमला | --- | 18:45 | --- | 18:15 |
| 04755 | बठिण्डा जं. | --- | 07:25 | --- | 06:55 |
| 09750 | बठिण्डा जं. | --- | 14:15 | --- | 14:00 |
| 14510 | बठिण्डा जं. | --- | 18:25 | --- | 18:10 |
| 14546 | सहारनपुर | --- | 06:20 | --- | 06:15 |
| 04402 | सहारनपुर | --- | 13:25 | --- | 13:00 |
| 04373 | सहारनपुर | --- | 13:55 | --- | 13:45 |
| 04522 | सहारनपुर | --- | 18:15 | --- | 18:00 |
| 04523 | सहारनपुर | --- | 16:40 | --- | 16:35 |
| 04765 | धूरी जं. | --- | 04:10 | --- | 04:05 |
| 04572 | धूरी जं. | --- | 05:10 | --- | 05:00 |

उपरोक्त जानकारी के अलावा उत्तर रेलवे द्वारा 100 रेल सेवाओं को 3 मिनट से लेकर 55 मिनट तक का गतिवर्धन (स्पीडिंगअप) किया गया है।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें | पर हमें फॉलो करें

### रेलगाड़ियों की सूची जिनका प्रस्थान समय जल्द (प्रीपोन) किया गया है

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन | पुराना समय | | नया समय | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| 14649 | लखनऊ | 00:45 | 00:55 | 00:40 | 00:50 |
| 14673 | लखनऊ | 00:45 | 00:55 | 00:40 | 00:50 |
| 15624 | लखनऊ | 01:00 | 01:10 | 00:55 | 01:05 |

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन | पुराना समय | | नया समय | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| 22541 | लखनऊ | 01:00 | 01:10 | 00:55 | 01:05 |
| 12371 | लखनऊ | 01:00 | 01:10 | 00:55 | 01:05 |
| 12353 | लखनऊ | 01:00 | 01:10 | 00:55 | 01:05 |
| 14230 | लखनऊ | 01:35 | 01:45 | 01:30 | 01:40 |

आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "प्रदेश में शहरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हो रहे विकास एवं वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने टीओडी 2022 निर्गत की है।

राजेश कुमार सिंह, जीडीए सचिव

## 12 महीने में पूरी होगी एलिगेंट विले परियोजना

**नोएडा,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। यूपी रेरा ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट की रुकी हुई एलिगेंट विले आवासीय परियोजना को पूरा करने की अनुमति दे दी है। खरीदारों की सहमति के बाद मौजूदा बिल्डर को ही परियोजना पूरी करने के लिए अधिकृत किया गया। परियोजना के शेष काम 12 महीने में पूरे करने होंगे। इसके पूरा होने से 761 खरीदारों को उनका फ्लैट मिल सकेगा। इस काम में 90 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे।

■ **रेरा ने किया अधिग्रहीत, 761 खरीदारों को मिलेगा फ्लैट, 90 करोड़ होंगे खर्च**

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सेक्टर टेकजोन-4 के जीएच-06बी में एलिगेंट विले आवासीय परियोजना है। परियोजना के प्रमोटर मेसर्स एलिगेंट इंफ्राकॉन प्रालि ने परियोजना के तीनों फेज को 2017 में उप्र रेरा में पंजीकृत कराया था। पंजीकरण अवधि तक परियोजना का निर्माण पूर्ण नहीं हो सका। फेज-1 का पंजीकरण अगस्त 2018, फेज-3 का पंजीकरण फरवरी 2019 और फेज-4 का पंजीकरण जुलाई 2019 को खत्म हो गया था। फेज-1 में टावर सी व डी, फेज-3 में टावर बी व ई और फेज-4 में टावर ए व एफ टावर हैं। इसमें 761 इकाइयों का निर्माण शेष है। मामला रेरा में पहुंचा तो उन्होंने परियोजना पूरा करने के लिए बिल्डर को आवंटियों की सहमति के साथ योजना प्रस्तुत करने के लिए कहा था। एलिगेंट विले परियोजना के



स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर फेज- 1 में 75-78 प्रतिशत, फेज- 3 में 74-76 प्रतिशत और फेज- 4 में 60 प्रतिशत तक निर्माण हुआ है। एलिगेंट विले में की कुल 761 इकाइयों में से 686 इकाइयों की बिक्री हो चुकी है। जबकि 75 इकाइयों का विक्रय होना है। एक अनुमान के अनुसार परियोजना के पूर्ण होने से कुल 120.01 करोड़ रुपये जुटाए जा सकते हैं। जिसमें मौजूदा आवंटियों से रुपए 65.93 करोड़ व शेष इकाइयों का विक्रय करके रुपए 47.58 करोड़ रुपए जुटाए जा सकते हैं।

परियोजना को पूरा करने व अन्य सभी प्रकार के व्यय की अनुमानित लागत लगभग रुपये 90.5 करोड़ रुपए है। इस प्रकार परियोजना आर्थिक रूप से व्यवहार्य है और इसे पूरा किया जा सकता है। ऐसे में रेरा ने मौजूद बिल्डर को ही सहमति देते हुए प्रोजेक्ट पूरा करने की अनुमति दे दी है।

## ग्रेप लागू होने से पहले एनसीआर निवासियों को मिली राहत

**नोएडा,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। कमीशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट ने दिल्ली एनसीआर के लोगों को राहत देते हुए। इमरजेंसी सेवाओं के लिए जनरेटर सेट चलाने की अनुमति दे दी है। अब 31 दिसम्बर तक जनरेटर चलाए जा सकेंगे। इसके बाद इनको ड्यूल फार्म में कन्वर्ट करना होगा। ग्रेप लागू होने से पहले इस तरह की अनुमति सिर्फ इमरजेंसी सेवाओं को देखते हुए ही दी गई है।

■ **31 दिसम्बर तक कर सकते हैं जनरेटर का प्रयोग, करना होगा शर्तों का पालन**

### इन सेवाओं में कर सकते हैं प्रयोग

आयोग ने स्पष्ट कहा किया कि ये डीजी सेट विभिन्न आवासीय और वाणिज्यिक इमारतों की लिफ्ट, एस्केलेटर, ट्रेवलेटर, चिकित्सा सेवाओं, अस्पताल, नर्सिंग होम्स, स्वास्थ्य देखभाल सेवा, जीवन रक्षक चिकित्सा उपकरण और दवाओं के निर्माण में शामिल इकाइयों, रेलवे, रेलवे स्टेशन, मेट्रो रेल, हवाई अड्डे, एसटीआरएस सेवाएं, आईएसबीटी, गंदा पानी को साफ करने वाले संयंत्र, सुरक्षा और राष्ट्रीय की महत्व की परियोजना, दूरसंचार और आईटी डेटा सेवा।

### सोसाइटी और उद्योगों के लिए राहत नाकाफी

एक अक्टूबर से ग्रेडड रेस्पांस एक्शप प्लान लागू किया जा रहा है। ऐसे में 31 दिसम्बर तक जनरेट पर लगने वाले प्रतिबंध से छूट मिलने से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि ये उद्यमियों और सोसाइटी वासियों के लिए नाकाफी है। क्योंकि से राहत केवल दो श्रेणी में दी गई है। इसे 800 किलोवाट और उससे ऊपर के डीजी सेट पर लागू किया गया है। 125 से 800 किलोवाट के डीजी सेट के लिए ड्यूल मोड होना जरूरी है। वहीं 19 किलोवाट से 125 किलोवाट के डीजी सेट में ड्यूल मोड होना ही चाहिए।

## टीओडी 22 क्रियान्वयन के लिए जीडीए में विभागों का घंटो हुआ मंथन

**गाजियाबाद,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। शासन की टी ओ डी नीति 2022 (ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलोपमेन्ट नीति)के क्रियान्वयन के लिए शनिवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सभागार में बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में निजी विकास कर्ताओं, सरकारी विभागों तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम के अधिकारियों ने बैठक कर कार्य योजना पर विचार विमर्श किया। इस बैठक में जीडीए ने कार्य योजना तैयार करके विभागों से उपलब्ध कराने को सम्बंधित विभागों से कहा है।

बैठक के बाद जीडीए के सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में शहरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हो रहे विकास एवं वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने टीओडी 2022 निर्गत की है। नीति में दिए गए प्रावधानों को देखते हुए गाजियाबाद एवं मोदीनगर महायोजनाओं के अंतर्गत 8 आरआरटीएस स्टेशन पर इनफ्लुएंस क्षेत्र व ग्राम दुहाई से दो क्षेत्र का चिन्हीकरण प्राधिकरण



बोर्ड के माध्यम से किया गया है।

उन्होंने बताया कि इनफ्लुएंस जोन का चिन्हीकरण स्टेशन से डेढ़ किलोमीटर की परिधि में भौतिक संरचनाओं के आधार मानकर किया गया। जबकि आवासीय व्यवसायिक औद्योगिक में अन्य उपयोग की योजनाएं लाए जाने को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम गुलधार एवं दुहाई में 500 से 550 हेक्टेयर क्षेत्रफल को चिन्हित किया गया है। जन सामान्य की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एवं अवस्थाना सुविधाओं का एक ही स्थान पर समुचित विकास हो सके स्टेशन के आसपास आवासीय व्यवसायिक औद्योगिक में अन्य उपयोगों का विकास एक साथ किया जाना संभव हो सकेगा। टीओडी जो के क्षेत्र में बढ़े हुए एफआर के साथ-साथ मिश्रित उपयोग के लाभ जन सामान्य विकास करता को प्राप्त हो सकेंगे।

| | |
|---|---|
| 1 | साहिबाबाद |
| 2 | गाजियाबाद |
| 3 | गुलधर |
| 4 | दुहाई |
| 5 | दुहाई डिपो |
| 6 | मुरादनगर |
| 7 | मोदीनगर-साउथ |
| 8 | मोदीनगर-नोर्थ |
| 9 | गुलधर एस.डी.ए. |
| 10 | दुहाई एस.डी.ए. |

**सार** संक्षेप

### सड़क पार कर रहे व्यक्ति को ट्रक ने रौंदा, व्यक्ति की दर्दनाक मौत



**जेवर।** कोतवाली क्षेत्र के खुर्जा रोड स्थित गांव माडलपुर के समीप शनिवार तड़के सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई जबकि ट्रक अनियंत्रित होकर रजवाहे में जा पहुंचा। ट्रक का चालक मौका पाकर फरार हो गया। थोरा गांव के रहने वाले दिलदार व मोहन गांव में सब्जी बेचने का काम करते हैं। शनिवार तड़के वह ई रिक्शा से जेवर सब्जी मंडी से सब्जी लेने के लिए जा रहे थे। खुर्जा रोड पर गांव माडलपुर के समीप ई रिक्शा को सड़क किनारे खड़ा कर चालक, दिलदार व मोहन सड़क पार कर लघुशंका करने गए थे। वापस ई रिक्शा की ओर लौटते वक्त जेवर से खुर्जा की ओर से तेजगति से जा रहा एक ट्रक दिलदार को रौंदते हुए अनियंत्रित होकर समीप से गुजर रहे रजवाहे में जा पहुंचा। हादसे में दिलदार 50 की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले लिया तथा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना पर स्वजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में मातम पसर गया। देर शाम मृतक का शव गांव पहुंचने पर मुस्लिम रीति रिवाज से उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### नशे से दूर रहने के लिए स्कूली बच्चों को दिलाई गई शपथ

**गाजियाबाद।** 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान' के अन्तर्गत नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरुकता कार्यक्रम का अभियान जिला आबकारी विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपद की आबकारी टीम ने जनपद स्थित विभिन्न विद्यालयों में जाकर स्कूली बच्चों को किसी भी प्रकार की नशीली दवाओं से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई गई। आबकारी टीम ने राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज विजयनगर, गाजियाबाद, कृष्ण इण्टर कॉलेज मोदीनगर, गाजियाबाद, श्योरविन इंटरनेशनल स्कूल निवाड़ी, गाजियाबाद एवं कंपोजिट विद्यालय कड़कड़ मांडल, गाजियाबाद में स्कूली बच्चों को नशीली दवाओं से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई गई तथा छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। स्कूली बच्चों को नशीली दवाओं से दूर रहने हेतु शपथ दिलाये जाने का अभियान जारी रहेगा।

### भाजपा नेता के रिश्तेदार कारोबारी से रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** कारोबारी व भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष के रिश्तेदार से 10 लाख रुपए रंगदारी मांगने वाले युवक को मोदीनगर पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी विवेक कुमार यादव ने बताया कि थाना मोदीनगर पर राजकुमार गुप्ता निवासी सुचेतापुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कुछ लोगों ने उनसे जबरन 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी व रंगदारी ना देने पर जान से मारने की धमकी थी। थाना मोदीनगर पुलिस ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया। अभियोग पंजीकृत होने के उपरान्त भी अरुण वर्मा ने अपने साथियों के साथ षडयन्त्र कर गुप्ता को पुनः जान से मारने की धमकी दी। जिसके सम्बन्ध में दिनांक 22सितम्बर को अभियोग पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि थाना मोदीनगर पुलिस द्वारा अभियोगों में वांछित एवं रंगदारी की मांग करने वाले अरुण वर्मा प निवासी हरमुखपुरी सुचेतापुरी गोविन्दपुरी थाना मोदीनगर गाजियाबाद को गिरफ्तार किया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को नंबर वन बनाने के लिए ली स्वच्छता की शपथ

**गाजियाबाद,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को रूप रेखा तैयार करने के लिए नगर निगम सदन की विशेष बैठक शनिवार की शाम को बुलाई गई। बैठक में जहां

■ **निगम सदन की विशेष बैठक में तैयार की गई रूप रेखा, शहर में 887 स्थानों पर होगा श्रमदान**



स्वच्छता कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गई वहीं महापौर सुनीता दयाल ने निगम अधिकारियों व पार्षदों को शपथ दिलाई। महापौर ने बताया कि नगर निगम द्वारा जनजागरण रैली, नुक्कड़ नाटक, हिण्डन नदी पर पलोग रन, सफाई मित्र सुरक्षा मेडिकल शिविर एवं 154 घंटे का सफाई अभियान का कार्यक्रम किया गया। विशेष सफाई अभियान कार्यक्रम के आयोजन हेतु 887 स्थानो को चिन्हित किया गया, न्यू बस स्टैंड शहीद स्थल पर प्रात: 10.00 बजे से 11.00 तक वृहद स्तर पर सफाई अभियान का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जन सहभागिता से श्रमदान किया जाएगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि इसी प्रकार के कार्यक्रम प्रत्येक वार्ड में पार्षदों के अध्यक्षता में आयोजित होंगे स्वास्थ्य विभाग की टीम सहित सभी जनप्रतिनिधि गण भी स्वच्छता के प्रति शहर को जागरूक करेंगे तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने हेतु भी अपील करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन की जिम्मेदारी अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को दी गई है। निगम के सदन कक्ष में आयोजित बैठक में महापौर द्वारा समस्त पार्षदों का स्वच्छता के लिए आवाहन किया कर स्वच्छता की शपथ ग्रहण कराई। महापौर द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को भी आयोजित सफाई अभियान में विशेष योगदान देने के लिए निर्देशित किया गया। सफाई की उपरांत एकत्र कचरे को व्यवस्थित करने के लिए कूड़ा गाड़ी की व्यवस्था, पुनः गंदगी ना होने की व्यवस्था, झाड़ू में डस्टबिन तथा ग्लव्स की व्यवस्था एवं पार्को की सफाई पर विशेष चर्चा बैठक में की गई जिसके लिए सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों का अवकाश रद्द कर दिया गया।



## जीडीए बोर्ड बैठक में मोदीनगर महायोजना-2031 का अनुमोदन

**गाजियाबाद,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। विकास प्राधिकरण की 162वीं बोर्ड बैठक कार्यालय आयुक्त, मेरठ स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। इस बैठक में 4 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें विचार-विमर्श उपरान्त प्राधिकरण बोर्ड द्वारा मोदीनगर महायोजना-2031 का अनुमोदन प्रदान किया गया।

जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में गाजियाबाद एवं लोनी महायोजना-2031 एवं अन्य प्रस्तावों को आगामी बैठक में रखने का निर्णय लिया गया।

### गुलावठी क्षेत्र में बगैर नामांकन के चल रहे ओयो होटल

## भाकियू संपूर्ण भारत ने नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन

**बुलंदशहर,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (संपूर्ण भारत) ने गुलावठी क्षेत्र में बग़ैर रजिस्ट्रेशन के चल रहे ओयो होटल पर नाराजगी जतायी है। भाकियू के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के नाम गुलावठी कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर बग़ैर रजिस्ट्रेशन के चल रहे ओयो होटल पर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली गुलावठी क्षेत्र में चल रहे ओयो होटल का नाम लिखकर देह व्यापार कराने का आरोप लगाते हुए भकियू सम्पूर्ण भारत के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपते हुए ओयो होटल बंद कराने की मांग की है। भाकियू कार्यकर्ताओं का आरोप है कि नाबालिक बच्चे भी खुलेआम गलत संगत में पढ़ रहे हैं। गुलावठी क्षेत्र में लोगों ने दुकानों पर दो कमरों के मकान बनाकर ओयो नाम से बोर्ड लगा रहे रखे हैं। भाकियू कार्यकर्ताओं का आरोप है कि गुलावठी क्षेत्र कोई औद्योगिक क्षेत्र नही है और न ही कोई पर्यटन स्थल है। गुलावठी क्षेत्र में बने कुछ ओयो होटल का रजिस्ट्रेशन भी नहीं है। ओयो होटलो के निशाने पर स्कूल के नाबालिक बच्चे भी हैं जो घर से स्कूल तो आते हैं। लेकिन स्कूल की छुट्टी मार कर गलत चाल चलन में पड़ते जा रहे हैं। कुछ होटल तो ओयो होटल के मानको को दर किनार करते हुए स्कूल व मंदिरों के बिल्कुल पास में ही बने हुए हैं। सिकंदराबाद रोड का आलम तो ऐसा है कि गुलावठी से लेकर नाथूगढ़ी, देवली तक एक किलोमीटर के एरिया है जहां सुनसान जगह पर



भी ओयो होटल बने हुए हैं। जिनमें केवल जोड़ों से लोग आते जाते हैं। इस तरह की गतिविधि समाज के लिए घातक है। बग़ैर रजिस्ट्रेशन के चल रहे ओयो होटलो को तत्काल प्रभाव से बंद करने की आवश्यकता हैं। भारतीय किसान यूनियन संपूर्ण भारत ने कहा कि अगर तत्काल प्रभाव से इनको बंद नहीं कराया गया तो भाकियू संपूर्ण भारत आंदोलन के लिए विवश होगी। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर मुख्य रूप से मोहम्मद आसिफ, जैकी, रवि, जीशान, भोली, हैप्पी, अवनी टंडन, अमित, दिनेश, मोहित, नाजिम, इकरामुद्दीन, पंकज चौधरी सहित भारी संख्या में भाकियू कार्यकर्ताओं ने भारी रोष के साथ अपनी नाराजगी व्यक्त की है।

## जिला उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों ने गिनाई समस्या

**नोएडा,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। उद्यमियों की समस्या को लेकर शनिवार को डीएम मनीष कुमार वर्मा ने ऑनलाइन जिला उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की। बैठक में नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने अनिल कुमार उपायुक्त, उद्योग एंव विभिन्न विभागों के अधिकारियों अवगत कराया कि वायु गुणवत्ता आयोग द्वारा डीजी सैट चलाने पर पाबंदी लगा दी गई है। आईजीएल को भी पीएनजी कनेक्शन देने में 4-6 माह का समय लग रहा है।

कई उद्योगों में 1 वर्ष बीत जाने के बावजूद आईजीएल द्वारा गैस कनेक्शन चालू नहीं की गई है। उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है, न ही गैस कनेक्शन लग पा रहे है ऐसे में उद्यमी क्या करें। प्रदूषण नियंत्रण विभाग नोडल एजेंसियों को उद्यमियों के प्रति नरमी बरतने का आग्रह करें। विद्युत विभाग को उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने व आईजीएल को जिन्होंने गैस कनेक्शन हेतु आवेदन किया है वह शीघ्र गैस कनेक्शन चालू करने को कहें। कोषाध्यक्ष शरद चन्द्र जैन ने अवगत कराया कि फेस-1 स्थित छोटी औद्यौगिक इकाईयां मुख्यत: सेक्टर- 6 व 7 जो कि अंदरूनी सड़को पर स्थित है। प्राधिकरण द्वारा इकाईयों के आगे उद्यमियों की खड़ी गाड़ियां उठा ली जाती है। उद्योगों में सामान लोडिंग-अनलोडिंग के लिए आए माल वाहक वाहनों के स्वामियों को अनावश्यक परेशान किया जाता है। जबकि ट्रांसपोर्टर की गाड़ियां सड़कों के दोनों ओर खड़े रहते हैं उन्हें कुछ नहीं कहा जाता। अत: इकाई के बाहर खड़े उद्यमियों के वाहन जिससे यातायात प्रभावित नहीं होता है उन्हें न उठाया जाए। ट्रांसपोर्टरों के माल वाहक वाहन सड़कों के किनारे खड़े हैं उन पर कार्रवाई की जाए। मुकेश कक्कड ने कहा कि पिछली बैठक में ग्रेटर नोएडा से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई थी। लेकिन अभी तक समस्याओं का समाधान नहीं किया गया।

उपायुक्त, उद्योग ने कहा कि जिन्होनें आई.जी.एल. में गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। उनकी सूची हमें भेज दें ताकि उनसे वार्ता कर शीघ्र उद्योगों में गैस कनेक्शन लगवाये जा सके।

## हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए वॉकथॉन

**ग्रेटर नोएडा,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा ने विश्व

■ **कार्यक्रम में क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार और सबा करीम ने स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक**

■ **यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा ने 'चलता रहे मेरा दिल' वॉकथॉन का किया आयोजन**

हृदय दिवस के उपलक्ष में वॉकथॉन का आयोजन किया। चलता रहे मेरा दिल नामक वॉकथॉन, जिसका उद्देश्य भारत में हो रही हृदयरोगों की बढ़ती हुई प्रवृत्ति पर प्रकाश डालना और सामान्य जीवनशैली के साधारण संशोधनों का हृदय स्वास्थ्य पर कैसे प्रभाव पड़ सकता है, इस पर जोर देना था। कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार ने अस्पताल के परिसर से वॉकथॉन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय क्रिकेटर सवा करीम, यथार्थ ग्रुप ऑफहॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. अजय त्यागी, यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. कपिल त्यागी मौजूद थे, और उनके साथ कई डॉक्टर्स और समर्पित अस्पताल कर्मचारी भी जुड़े थे। इस अवसर पर एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने जिनमें स्थानीय आवासी और वृद्ध नागरिक शामिल थे, वॉकथॉन में हिस्सा लिया।



सभी उपस्थित व्यक्तियों को मुफ्त टी-शर्ट दी गई और वॉकथॉन के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार जीतने का मौका मिला। इसके अलावा, हर प्रतिभागी को हृदय स्वास्थ्य जांच के लिए मुफ्त कूपन भी प्राप्त हुआ।

वॉकथॉन के बाद अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों के पैनल द्वारा 'हृदय स्वास्थ्य' पर एक ज्ञानवर्धन सांवाद आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज रंजन, हृदय सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ. अखिल रुस्तगी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपांकर वत्स, डॉ. अजीत सिंह और डॉक्टर कृष्ण यादव जैसे प्रख्यात डॉक्टर शामिल थे। इस चर्चा में यह बताया गया कि हृदय संबंधित बीमारियों को रोकने में नियमित शारीरिक गतिविधि, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारतीय क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार ने इस दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया कि नियमित व्यायाम व सुबह की सैर से फिटनेस बेहतर होगी और हृदय स्वस्थ रहेगा। यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की यह पहल, इस जागरूकता के बारे में लोगों को शिक्षित करने और हृदय रोग जैसे जीवनसंघातक खतरे को कम करने के लिए उपयोगी है। यथार्थ हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा के असिस्टेंट मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार बालियान ने निष्क्रिय जीवनशैली के कारण हृदयरोगों के बढ़ने का जिक्र किया। उन्होंने चिंता जताई कि कई भारतीय लोग हार्ट अटैक के लक्षणों के बारे में अज्ञान हैं, और वॉकथॉन और स्वास्थ्य चर्चा जैसे कार्यक्रम लोगों को हृदय रोगों व उनके लक्षणों के प्रति जागरूक करने के लिए जरूरी हैं। यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के सीईओ अमित सिंह ने कहा कि गतिहीन, तनावग्रस्त और खराब जीवनशैली के साथ, हृदय संबंधी बीमारियां न सिर्फ उम्रदराज आबादी के बीच एक बड़ी चिंता का विषय बनी हुई हैं बल्कि युवाओं को भी अपना शिकार बना रही हैं। भारत में बढ़ती मृत्युदर में हृदय रोग का एक प्रमुख योगदान है।

## प्राधिकरण द्वारा अधिकारियों व कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नोएडा,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। प्राधिकरण में जन सेवाओं को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों कार्मिकों को उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली 1956, नोटिंग व ड्राफ्टिंग / पत्राचार आदि विषयों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर-6, नोएडा स्थित इन्दिरा गांधी कला केन्द्र के मुख्य ऑडिटोरियम में किया गया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी लोकेश एम के निर्देशन में कार्यक्रम का शुभारंभ संजय खत्री, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा द्वारा दीप प्रज्वलित कर 29 सितम्बर को किया गया। जिसमें वंदना त्रिपाठी एवं सतीश पाल, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, स्वतंत्र कुमार, वित्त नियंत्रक व अविनाश त्रिपाठी, विशेष कार्याधिकारी उपस्थित रहे प्रशिक्षण का संचालन सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबन्ध संस्थान, उप्र शासन के अधिकारियों अमरीश कुमार सिंह यादव, उप निदेशक, रवीन्द्र नाथ सिंह, उप निदेशक एवं दीपक माथुर, सहायक निदेशक के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नोएडा प्राधिकरण के समूह



क, ख एवं ग के लगभग 250 नियमित अधिकारी कर्मचारियों द्वारा उत्साह से प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में सभी उपस्थित को उप्र सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली-1956, अनुशासनिक कार्रवाई से संबंधित संवैधानिक प्राविधान, लघु दण्ड देने की प्रक्रिया, विभागीय जांच की प्रक्रिया वृहद दण्ड देने की प्रक्रिया, आरोप पत्र का गठन, आदि के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस नोटिंग ड्राफ्टिंग से सम्बन्धित महत्वपूर्ण एवं ध्यातव्य बिन्दु, शासकीय पत्र, अर्द्धशासकीय पत्र, अशासकीय पत्र, पृष्ठांकन पत्र के आलेख का गठन, कार्यालय ज्ञाप, कार्यालय आदेश, अधिसूचना, प्रेस विज्ञप्ति का गठन आदि वृहद् विषयों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

उवाच

बाल श्रम-बाल-मजदूरी की समस्या और उससे निजात दिलाने के लिए सरकार विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है। शिविर में आये हुए श्रमिकों को किसी भी प्रकार का बाल श्रम करने तथा कराने से विरत रहने तथा रोकने के लिए जागरुक किया गया।

ऋचा उपाध्याय, शिविर सचिव

# कैपिटल ज़ोन

## गांधी जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। गांधी जयंती समारोह की तैयारी को लेकर तैयारियों की समीक्षा बैठक अपर जिलाधिकारी डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में हुई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने अधिकारियों को

- **1 अक्टूबर को सभी विभागों में किया जाएगा श्रमदान**
- **2 अक्टूबर को झंडारोहण के साथ कार्यक्रम आयोजित**



निर्देश दिए कि विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी आगामी 2 अक्टूबर को 154वें गांधी जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांधी जयंती समारोह के अवसर पर सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा एवं सभी कार्यालयों, विद्यालय और शैक्षिक संस्थानों में सुबह 9 बजे महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जाएगा, उसके बाद गांधी जी के जीवन संघर्ष, उनके देश सेवा, उनके जीवन मूल्य पर प्रकाश डाला जाएगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की आगामी 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली गांधी जयंती समारोह को लेकर सभी के द्वारा समय रहते अपनी सभी तैयारियां मानकों के अनुरूप पूर्ण कर ली जाए, ताकि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप ही जनपद में गांधी जयंती समारोह संपन्न हो सके। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की सभी के द्वारा अपने-अपने कार्यालय में भी गांधी जयंती समारोह का आयोजन करते हुए महात्मा गांधी जी के आदर्शों व सिद्धांतों के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का यह भी आहवान किया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक समस्त कार्यालय में अधिकारी व कर्मचारी गण समय से उपस्थित होकर श्रमदान करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में उप जिलाधिकारी चारुल यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल तथा कलेक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## महिला हत्या के आरोपी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। दादरी कोतवाली क्षेत्र के दादरी कस्बे में महिला की गोली मारकर हत्या के मामले में फरार शूटरों व पुलिस के बीच मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार हुए हैं। मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाशों के पैर में

- **आरोपियों के पास से प्रयोग किए गया बाइक व तमंचा बरामद**

गोली लगी है जिनको इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं बदमाशों के पास से पचास हजार रुपए नगद, दो अवैध तमंचे कारतूस और दो खोखा कारतूस पुलिस ने बरामद की है। इसके साथ ही पुलिस ने हत्या में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। बीते 26 सितम्बर को दादरी कस्बे की सरस्वती विहार कॉलोनी में राजकुमारी अपने घर से काम के लिए जा रही थी तभी दो बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर महिला की




हत्या कर दी और बदमाश मौके से फरार हो गए।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। हत्या के खुलासे के लिए कई टीमें जुटी हुई थी जिनकी शनिवार को बाइक सवार शूटरों से मुठभेड़ हो गई। डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मियां खान ने बताया कि महिला की हत्या के मामले में पुलिस की कई टीमें हत्यारों की तलाश में जुटी हुई थी। शनिवार को दादरी पुलिस की कोट की नहर के पास बाइक सवार दो हत्यारो से मुठभेड़ हो गई। बाइक सवार हत्यारों की पहचान हापुड़ निवासी अरविंद उर्फ मोनू गुर्जर और अनिकेत उर्फ दुजाना के रूप में हुई है। पुलिस मुठभेड़ में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई है घायल अवस्था में दोनों बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। हत्यारो के कब्जे से पचास हजार नगद, हत्या में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल, दो अवैध तमंचा, चार जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस पुलिस ने बरामद की है।

डीसीपी साद मिया खान ने बताया कि महिला की हत्या उसके पड़ोस में रहने वाले कपिल ने दो शूटरों के द्वारा कराई थी। यह दोनों शूटर महिला की हत्या कर फरार हो गए थे और आज शनिवार को हत्या के बदले रुपए लेने आए हुए थे। जब यह रुपए लेकर वापस जा रहे थे तभी पुलिस की टीम जो शूटरों की तलाश में जुटी हुई थी उससे मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के बाद दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। इस मामले में कई और अन्य लोगों के नाम भी सामने आ रहे हैं पुलिस मामले की जांच कर रही है और अन्य अपराधियों के खिलाफ जांच व साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### सार संक्षेप

#### अवैध शराब के साथ पुलिस ने महिला तस्कर को किया गिरफ्तार

**जेवर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव किशोरपुर के समीप पुलिस ने गस्त के दौरान एक महिला तस्कर को अवैध शराब के साथ हिरासत में लिया है। पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई जारी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार दोपहर को रन्हेरा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुनील भार्गव मय पुलिस बल के गस्त कर रहे थे। उसी दौरान एयरपोर्ट रोड पर गांव किशोरपुर के समीप एक महिला पुलिस को देखकर छुपने का प्रयास करने लगी। महिला पुलिस के माध्यम से महिला के पास से बरामद बोरे में पुलिस ने 100 पब्बे अवैध अंग्रेजी शराब के बरामद किये। पूछताछ में महिला तस्कर ने अपना नाम पूजा देवी पत्नी मनोज कुमार बताया।

#### जैन जल यात्रा का चेयरमैन ने किया स्वागत

**जेवर।** जैन समाज द्वारा आयोजित क्षमावाणी पर्व के उपलब्ध में शनिवार को निकाली गई जल यात्रा का नगर पंचायत अध्यक्ष ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा जलपान



कराकर आर्शीवाद प्राप्त किया। जैन समाज द्वारा क्षमावाणी पर्व के मौके पर शनिवार को जैन मंदिर से जेवर कस्बे में जल यात्रा निकाली गई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष नारायाण माहेश्वरी द्वारा अपने आवास पर जल यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया तथा सभी आंगतुकों को जलपान कराने के बाद आर्शीवाद प्राप्त किया। उसके जल यात्रा मुख्य बाजार, मुख्य चौराहा व टप्पल रोड होते हुए जैन इंटर कॉलेज पहुंची जहां पर यात्रा का विधिवत समापन किया गया। इस मौके पर गौरव पाठक, कपिल तालान, उमेश माहेश्वरी, शिवकुमार शर्मा, मनोज जैन, धर्मपाल जैन, संजय जैन, देवेश जैन, दीपू जैन, जैनेंद्र जैन, मोतीलाल, गौरव तथा जैन महिला मंडल की टीम मौजूद रही।



## अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर शैक्षिक कार्यशाला व शिक्षक सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित शैक्षिक कार्यशाला एवं शिक्षक सम्मान समारोह की बैठक गलगोटियाज विश्वविद्यालय के प्रो. वाइस चांसलर डॉ. अवधेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने भारतीय शिक्षा साहित्य और संस्कृति पर कार्यशाला पुस्तक लोकार्पण और प्राथमिक से लेकर डिग्री शिक्षकों को उत्तम शिक्षा के लिए एक जुट हो अभियान को सफल बनाने वाले अपने विद्यालय में कायाकल्प नवाचार क्रियात्मक शोध भाषा तकनिकी शिक्षा में नाम रोशन करने वाले 150 शिक्षक सम्मान प्राप्त करेंगे एवं 51 पुस्तकों के लेखक व संपादक अन्तरराष्ट्रीय पर्यावरण योद्धा से सम्मानित रंग मंच कर्मी लक्ष्मण अभिनेता राज्य स्तरीय प्रशिक्षक 28 महामहिम राज्य पलों के कर कमलों से सम्मानित बेसिक ऐजुकेशन मूवमेंट ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा को श्री फल अंग वस्त्र डी लिट उपाधि सहित 21000-इककीस हजार धनराशि देकर सम्मानित किया जायेगा। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अर्चना शिरोमणि शिखा सिंह, प्रीती सोनकर, विजय लक्ष्मी यादव, कृष्ण कुमार शर्मा से गहन विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। महामंत्री शिखा सिंह ने पुस्तक लोकार्पण कर नयी पुस्तक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर सभी को अपने लेख उपलब्धि प्रदान करने का अनुरोध किया।

## श्रमिकों के बीच लगाया गया विधिक साक्षरता शिविर

**ग्रेटर नोएडा,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर अवनीश सक्सेना, जनपद न्यायाधीश के दिशा निर्देश पर ऋचा उपाध्याय, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में शनिवार को मैसर्स सन ट्वीलाइट ग्रेटर नोएडा में कार्यरत श्रमिक वर्ग के मध्य विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव ऋचा उपाध्याय ने बताया कि बाल श्रम-बाल-मजदूरी की समस्या और उससे निजात दिलाने के लिए सरकार विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है। शिविर में आये हुए श्रमिकों को किसी भी प्रकार का बाल श्रम करने तथा कराने से विरत रहने तथा रोकने के लिए जागरुक किया गया। शिविर में श्रमिक व कारखानों के संदर्भ में अधिनियमित कानूनों यथा औद्योगिक विवाद अधिनियम, ट्रेड यूनियन अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, समान कार्य हेतु समान वेतन आदि विषयों पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला गया। शिविर में श्रम विभाग की ओर से

- **बाल मजूदूरी रोकने व सरकार की तरफ से चलायी जा रही योजनाओं के प्रति किया जागरुक**

उपस्थित श्रम पर्वतन अधिकारी राज कुमार ने उ.प्र. सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा श्रमिकों के लिए संचालित योजनाओं जैसे मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा सहायता योजना, मेधावी छात्र पुरस्कार योजना, आवासीय विद्यालय योजना, कौशल विकास



तकनीकि उन्नयन एवं प्रमाणन योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, चिकित्सा सुविधा योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, महात्मा गांधी पेंशन योजना, निर्माण कामकार अन्त्येष्टि सहायता योजना, श्रवण कुमार श्रमिक परिवार धार्मिक पर्यटन यात्रा योजना आदि के बारे में जानकारी दी।

## एनसीआर के उद्यमियों की समस्या समाधान के लिए आईआईए ने सरकार को दिया ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। शीतकालीन मौसम में राष्ट्रीय राजधानी एवं आसपास के क्षेत्रों में वायुप्रदूषण की समस्या विगत अनेक वर्षों से व्याप्त है जिसका मुख्य कारण सड़कों से उड़ने वाली धूल, गाड़ियों से उत्पन्न धुआं और घरों से जलने वाले ईधन का धुआं होता है जो पीएम 2.5 प्रदूषण के लिए 69 प्रतिशत प्रभाव रखता है। उद्योगो का इसमें केवल 11 प्रतिशत का योगदान होता है। इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) सभी उद्यमियों एवं सरकार के साथ मिलकर इस 11 प्रतिशत भाग को भी कम करने के लिए प्रयासरत है। जिसके लिए आईआईए द्वारा वायु गुणवत्ता प्रबन्धन आयोग, दिल्ली, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त उ.प्र. एवं अपर मुख्य सचिव, एमएसएमई उत्तर प्रदेश को सूचित किया है कि यद्यपि वायु प्रदूषण में उद्योगों का योगदान बहुत कम है फिर भी आई.आई.ए. एवं उद्यमी इसे और कम करने के लिए कृतसंकल्प है यदि उद्योगों की कुछ व्यवहारिक कठिनाईयों का समाधान करने में सरकार सहयोग करे। उद्योगो के समक्ष सबसे बड़ी समस्या अपने डीजल जनरेटरों को सीएक्यूएम के निर्देशानुसार डयूलफ्यूल मोड में बदलने की है जिसके लिए 7 लाख रूपए से लेकर 20 लाख रूपए का खर्च आता है जिसे लघु उद्योगो द्वारा वहन करना सम्भव नहीं है। इस परिस्थिति में निर्बाध विद्युत सप्लाई नहीं मिलने के कारण उद्योगों में कुछ समय के लिए डीजल जनरेटर चलाना मजबूरी हो जाता है। इसके अतिरिक्त यदि उद्योग अपने ईधन को गैस में परिवर्तित करना भी चाहे तो गैस की कीमत बहुत अधिक है। इन परिस्थितियों में प्रदूषण नियंत्रणबोर्ड के अधिकारी उद्योगों को बन्द करने के आदेश जारी कर देते है। इस समस्या के समाधान हेतु आईआईए के

- **एक अक्टूबर से एनसीआर में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों से उद्यमी भयभीत**
- **एक अक्टूबर से वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए लागू हो रहा है सीएक्यूएम नियम**

राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने सीएक्यूएम एवं उत्तर प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि उपरोक्त परिस्थिति में उद्योगों को बन्द करना समस्या का समाधान नहीं है, क्योंकि इस से बेरोजगारी बढ़ेगी और काफी आर्थिक नुकसान भी होगा जिससे उद्यमियों और सरकार दोनों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। अत: समस्या के समाधान हेतु सीएक्यूएम और प्रदेश सरकार को निम्नलिखित सुझाव राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल दिए हैं, जिसमें बिजली की आपूर्ति निर्बाध रूप से दिया जाए, गैस को जीएसटी के दायरे में लाया जाए, वैट कम किया जाए। डीजल इंजनों में लगने वाले किट में सब्सिडी दी जाए, बायो डीजल उपयोग की अनुमति दी जाए।

## गुर्जर समाज ने ग्वालियर घटना को लेकर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेश भाटी के नेतृत्व में गुर्जर समाज के नेताओं पर ग्वालियर मध्य प्रदेश में गंभीर धाराओं में फर्जी मुकदमे नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम जिला मुख्यालय सूरजपुर पर एसडीएम चारु यादव को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में संगठन के प्रदेश महासचिव कृष्ण नागर ने कहा कि 25 सितम्बर को ग्वालियर में गुर्जर समाज के लोगों ने अपने हक और अधिकार के लिए एक महापंचायत का आयोजन किया था, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए वहां उपस्थित नेताओं ने ग्वालियर प्रशासन से अनुरोध किया कि आप पंचायत स्थल पर आकर ज्ञापन ले लेकिन ग्वालियर प्रशासन ने नेताओं को अनसुना कर दिया। फिर सभी ने इकट्ठे होकर कलेक्ट्रेट के लिए कूच किया शांतिपूर्ण तरीके से कलेक्ट्रेट जा रहे हजारों समाज के युवाओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज आंसू गैस के गोले उनके वाहनों की तोड़फोड़ कर फर्जी मुकदमों एवं गंभीर धारा लगाकर करीब तीन दर्जन से अधिक नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया एवं प्रशासन समाज के लोगों को दबाने का काम कर रहा है। इस संबंध में संगठन के



प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विकास प्रधान ने कहा कि अगर मध्य प्रदेश सरकार ने नौजवान साथियों को रिहा नहीं किया और मुकदमे वापस नहीं किया तो पूरे देश में आंदोलन किया जाएगा। इस घटना से पूरे देश के गुर्जर समाज सही ओबीसी समाज में रोश है अगर समय रहते ग्वालियर प्रशासन ने अपना रवैया नहीं बदला तो पूरे देश का गुर्जर समाज सहित अन्य लोग इकट्ठा होकर शिवराज सरकार की इट से ईंट बजाने का काम करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर डॉ. विकास प्रधान, बृजेश भाटी, लोकेश भाटी, आलोक नागर, योगेंद्र मावी, विपिन नागर, कवित गुर्जर आदि लोग मौजूद रहे।

## नव प्रवेशित प्रबंधन के विद्यार्थियों को बताए गए सफलता के सूत्र

**ग्रेटर नोएडा,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। लॉयड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी ने हाल ही में एमबीए छात्रों के शैक्षणिक वर्ष 2023-25 बैच के लिए आरंभ नामक आयोजित छह-दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन हुआ। यह कार्यक्रम 25 से 30 सितम्बर तक हुआ, छात्रों को संस्थान की संस्कृति और उद्योग अंतर्दृष्टि से परिचित कराने और एक सफल शैक्षणिक यात्रा के लिए मंच तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया था। ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों के पंजीकरण के साथ मां सरस्वती वंदना की स्तुति से हुई। रितिका खुराना ने संस्थान के समूह, सहयोगी चिंताओं, रैंकिंग और समझौता ज्ञापन के बारे में जानकारी प्रदान की। मुख्य रणनीति अधिकारी डॉ. वंदना अरोड़ा सेठी और निदेशक डॉ. शिवानी कपूर ने नए छात्रों का



स्वागत किया। डॉ. नक्षत्रेश कौशिक ने छात्रों को लॉयड इंस्टीट्यूट के विभिन्न विभागों, संकायों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से परिचित कराया। ओरिएंटेशन के एक अभिन्न अंग में छात्रों को अपने कौशल का प्रदर्शन करना और कार्यक्रम पर बहुमूल्य प्रतिक्रिया प्रदान करना शामिल था। अभिमन्यु अहलूवालिया, प्रोजेक्ट मैनेजर, एवरेस्ट और देबोजीत सेन, सह-संस्थापक, क्रैक-ईडी जैसे उद्योग विशेषज्ञों ने इकिगई से एआई और जीवन सबक पर ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए। कार्यक्रम का समापन प्रमुख उद्योग विशेषज्ञों की एक पैनल चर्चा के साथ हुआ। प्रीति सिन्हा, ईवाई ग्रुप की वरिष्ठ सलाहकार, नेहा वदेहरा अरोड़ा, दैनिक भास्कर में मानव संसाधन प्रमुख, किंग राम, एवीपी, क्रेन्सियाय और मनोज शर्मा, आज एंटरप्राइजेज के मानव संसाधन प्रमुख उपस्थित रहे।

## शूटिंग चैंपियनशिप के प्रतिभागियों ने अपने कौशल का दिया परिचय

**ग्रेटर नोएडा,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल परिसर में ओपेन शूटिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि

- **प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**

के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मंत्री डी.पी. शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व ब्रिगेडियर राजीव नारायण माथुर और लखनऊ में यूपी राइफल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रामेंद्र कुमार शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर सुधीर तोमर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस उल्लेखनीय आयोजन को संस्थान के निदेशक कंचन कुमारी और




प्रधानाचार्या हीमा शर्मा की सक्रिय भागीदारी के साथ कार्यकारी निदेशक, राहुल कुमार के कुशल मार्गदर्शन में सावधानीपूर्वक समन्वित किया गया था। शूटिंग कोच मनीष चौधरी ने बताया कि चार दिवसीय इस चैंपियनशिप का प्राथमिक उद्देश्य सौहार्द की भावना पैदा करना और सभी प्रतिभागियों के बीच निष्पक्ष खेल और अनुशासन के मूल्यों को स्थापित करना था। इसने उत्कृष्टता का जश्न मनाने और निशानेबाजी की कला में महारत हासिल करने वालों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया।

चैंपियनशिप का समापन भव्य समारोह के साथ हुआ, जिसके दौरान विजेताओं को मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार राघव, पूर्व आईपीएस और शिमला विश्वविद्यालय के वीसी और विशेष अतिथि दीपक कुमार ओलंपियन और एशियाई खेल पदक विजेता और सूबेदार प्रशांत तोमर अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज सहित अतिथि रहे। प्रतियोगिता के एयर राइफल आई एस एस एफ वर्ग में अंश डबास प्रथम, शरद पांचाल द्वितीय, प्रिया तृतीय स्थान पर रही, एयर पिस्टल आई एस एस एफ वर्ग में संस्कृति बाना प्रथम, अनमोल जैन द्वितीय, अंजली चौधरी तृतीय स्थान पर रही, एयर राइफल एन आर वर्ग में रोहित नैन प्रथम, आयुष राघव द्वितीय हैप्पी सिंह तृतीय स्थान पर रहे, एयर पिस्टल एन आर वर्ग में नितिन कुमार प्रथम, गौरव चौधरी द्वितीय आदित्य डबास तृतीय स्थान पर रहे, सभी विजेता निशानेबाजों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की निदेशक कंचन कुमारी और प्रधानाचार्य हीमा शर्मा ने भी सभा को संबोधित किया और प्रतिभागियों को बधाई दी।

## भाजपा से लोकसभा का टिकट लेने के लिए प्रो. अजय छौंकर ने मांगा समर्थन

**जेवर,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा से टिकट पाने की चाहत रखने वालों में एक और इजाफा हुआ है। भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता प्रो0 अजय छौंकर ने शनिवार को जेवर क्षेत्र में जनसम्पर्क स्थापित कर अपने पक्ष में समर्थन मांगा।



डॉ. अजय छौंकर ने बताया कि वह खुर्जा स्थित एनआरईसी कालिज से भूगोल के प्रोफेसर थे तथा वर्ष 2018 में रिटायर्ड होने के बाद भाजपा के सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सर्विस के दौरान उन्होंने वर्ष 2014 व रिटायर्ड होने पर वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से टिकट की दावेदारी पेष की थी। आगामी लोकसभा चुनाव में टिकट को लेकर उन्होंने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। शनिवार को उन्होंने जेवर क्षेत्र के गांव थोरा, बंकापुर, चांचली आदि में जनसम्पर्क स्थापित किया तथा उसके बाद जेवर में अधिवक्ताओं के साथ बैठक समर्थन की मांग की। इस मौके पर अनिल छौंकर, चन्द्रपाल सिंह, शैलेन्द्र छौंकर, बलराम सिंह, प्रशांत भारद्वाज, जितेन्द्र सिंह, राम सिंह, देवेन्द्र सक्सेना, संजीव, अब्दुल कादिर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# साहित्य

# जीवन से विदा लेती ध्वनि

कहानी

■ रमेश शर्मा

शायद होती हो, शायद नहीं भी ! पर अब तक उसने जो देखा समझा था, उससे तो यही लगा था उसे कि एडजेस्टमेंट की कोई सुन्दर जगह नहीं होती। आदमी अनिच्छा से, लालच से या मजबूरी में एडजेस्टमेंट करता रहता है । जीवन भर। उसकी तरह। नौकरी की खातिर। नौकरी बचाने के लिए।

'बाबू जी धीरे चलना... प्यार में ज़रा संभलना....!' वह जिस शख़्स के पीछे सड़क पर चल रहा था उसके सेल फोन में उस वक्त यह फिल्मी गीत बज रहा था । यूं तो इस धुन को उसने पहले भी सुन रखा था पर इसे उस शख़्स के पीछे चलते हुए उस वक्त सुनना न जाने क्यों आज उसे अच्छा लगने लगा । उसे हमेशा लगता कि हर चीज की एक नियत जगह होती है दुनियां में, और उस नियत जगह पर उस चीज की खूबसूरती अपने आप बढ़ जाती है । सुबह का यह समय रायगढ़ की गज़मार पहाड़ी के नीचे घूमती हुई चिकनी सडकों पर चलते हुए यूं भी कितना खूबसूरत हो जाया करता है। इस समय में इस धुन को सुनते हुए लगा उसे कि कुछ चीजें अपनी जगह अपने आप ढूँढ लेती हैं ! अगर हम उन्हें उनकी सही जगहों पर पा सकें तो कितना सुकून मिलता है । इस फ़िल्मी धुन को सुनने की खातिर ही उसने आगे जा रहे उस शख्स के कदमों की रफ़्तार के साथ अपने कदमों की रफ़्तार को संयोजित करने का भरपूर प्रयास किया । कदमों को संयोजित करने की कोशिश में उसे बहुत सी बातें याद आने लगीं।

'एडजेस्टमेंट करना तो कोई तुमसे सीखे सियो !' निया ने एक बार उससे सीरियस होकर कहा था । उसका एडजेस्टमेंट शब्द पर इतना जोर था कि वह समझ नहीं पा रहा था कि आखिर वह कहना क्या चाहती है ? उसने निया से जिरह करना मुनासिब नहीं समझा कि आखिर उसे इस शब्द से आपत्ति क्यों है। इस तरह जिरह न करना भी उसकी परिस्थिति के मुताबिक एक किस्म का एडजेस्टमेंट ही था।

एक बार सामान्य सी बातचीत के दौरान उसने उससे पूछा था – 卐मुक्ति का रास्ता कठिन क्यों होता है निया ? इतना कठिन कि हम हर जगह एडजेस्टमेंट करने को मजबूर हो जाते हैं । एक ही रास्ता बचता है हमारे पास, दुनियां में अपने कदमों को गतिशील रखना है तो खुद को भीतर से बदल डालो ।

उसकी बातें सुनकर अचानक निया का चेहरा एक किताब की शक्ल का होने लगा था । एक ऐसी किताब जिसमें जीवन में मिले कठोर अनुभवों की कहानियां पढ़ी जा सकें ।

'मैं ऐसा नहीं मानती सियो ! हर जगह एडजेस्टमेंट करना सबके लिए संभव नहीं ।मेरे लिए तो बिल्कुल भी नहीं ।

इस तरह तो मुझे कभी मुक्ति नहीं चाहिए । चलो मान लिया कि बदलाव जीवन जीने की एक कला है ।सत्ता और दुनियावी रिश्तों से एडजेस्टमेंट का एक हुनर ! यह सोचकर हम दूसरों के अनुरूप अपने को भीतर से हर वक़्त संपादित करते रहते हैं , पर यह तो अपने आपसे धोखा हुआ सियो ! आखिर कब तक हम सेल्फ एडिटिंग का शिकार होते रहें ? कब तक अपने को धोखे में रखें? दुनियां को खुश रखने के लिए सेल्फ एडिटिंग का बोझ आखिर कोई क्यों ढोए सियो ?

और इस एडजेस्टमेंट शब्द को लेकर उनमें अक्सर मतभेद हो जाया करते थे।

वह उस वक्त सोचता रहा .... क्या एडजेस्टमेंट की भी अपनी कोई खूबसूरत और रचनात्मक जगह होती है ?

शायद होती हो, शायद नहीं भी ! पर अब तक उसने जो देखा समझा था, उससे तो यही लगा था उसे कि एडजेस्टमेंट की कोई सुन्दर जगह नहीं होती। आदमी अनिच्छा से, लालच से या मजबूरी में एडजेस्टमेंट करता रहता है । जीवन भर । उसकी तरह। नौकरी की खातिर । नौकरी बचाने के लिए ।

उसे लगता है प्राइवेट संस्थान में काम करते हुए अगर वह एडजेस्टमेंट न करे तो उसकी नौकरी कभी भी चली जाए। सत्ता के सुर में सुर न मिलाने की वजह से कई मीडिया कर्मियों को उनके मालिक नौकरी से निकाल चुके थे। यह सब आज भी वह अपनी नंगी आँखों से देख रहा है । यह सोचकर ही उसके भीतर डर की एक चिड़िया आकर बैठ गयी थी।

सामने चल रहा शख़्स अपने ही धुन में चला जा रहा था । सर्दियों का मौसम था । पुमा के स्पोर्ट्स शू उस शख़्स के पांवों के फिटनेस को जहां चुस्त दुरुस्त किये हुए थे वहीं उसने अपनी देह पर एक पश्मीने का शाल ओढ़ रखा था । चीजें उसके ऊपर कितना तो फब रही थीं । उसे फिर से महसूस हुआ कि हर चीज का अपनी सही जगहों पर होना भी कितना जरूरी है । दुधिया कलर का शाल ओढ़े उस ब्यक्ति के पीछे पीछे चलना आज उसे दोहरा सुकून दे गया था ।

'सुकून भी कितना दुर्लभ हो गया है जीवन में ।' – सुकून मिलने के इस दुर्लभ अनुभव ने चलते चलते उसके मन को इस एहसास से भी भर दिया था । 卐बड़े शहर जेब कतरों की तरह होते हैं । वे हमें लुभाते हैं , चकित करते हैं और चुपके से हमारी जेब काट लेते हैं।卐 बाजू में चल रहे एक कस्बाई आदमी को एक दूसरे कस्बाई आदमी से यह कहते हुए उसने जब सुना तो उसके शब्दों से वह थोड़ा अचम्भित सा हुआ । चलते चलते वह सोचने लगा .... लोगों के पास न जाने किस–किस तरह के अनुभव होते हैं जिसे वे कितनी खूबसूरती से व्यक्त कर साझा भी कर लेते हैं ।

साझा करने की बात को लेकर उसके भीतर बहुत सी बातें फिर से आने जाने लगीं । वह सोचने लगा .... बातों का साझापन भी जीवन की कई छोटी छोटी कहानियों को अपने साथ लेकर चलता है।

वह अपने भीतर भी कुछ टटोलने लगा । शायद कोई कहानी हो जिसे वह किसी से सुना सके । जीवन की सारी कहानियाँ समझौतों में लिथड़ी हुईं मिलीं । उसे ।

उसके मैनेजर का आदेश उसे याद आने लगा –卐यह बात गाँठ बांधकर रख लो कि सत्ता के विरूद्ध कोई टिप्पणी कहीं भी नहीं करनी किसी को । सत्ता कुमार्गी हो जाए तब भी उसकी हाँ में हाँ मिलाना , उसका सपोर्ट करना निहायत जरूरी है हमारे लिए । सबने कितनी बेशर्मी से उस दिन हाँ में हाँ मिलाया था ।

उसके बाद किस तरह उसके साथी और वह खुद भी सोशल मीडिया में सत्ता के पक्ष में माहौल बनाने के लिए ट्रोल आर्मी की भूमिका में आ गए थे ।

यह सब कहानी वह किसे सुनाए? किस तरह साझा करे किसी से ?सुनते ही लोग थू करने लगेंगे उस पर । अचानक उसे लगा कि उसका ज़मीर मर चुका है । एक गालीबाज़ को, एक बलात्कारी को भी वह अब सही ठहराने लगा है। उनके पक्ष में तर्क देने लगा है । सोचकर अचानक लगा उसे, जैसे उसने अपने वजूद को ही किसी गलत जगह पर लाकर टिका दिया है । कुछ समय के लिए उसे अपने आप से घिन्न सी आने लगी ।

आसमान में सूरज निकल चुका था । सडकों पर चहल पहल बढ़ गयी थी । उसके आगे–आगे चलने वाला शख़्स अब अपने गन्तव्य को जा चुका था । उसके जाने के साथ साथ 'बाबू जी धीरे चलना, प्यार में ज़रा संभलना......' वाले गीत की ध्वनि भी उससे विदा ले चुकी थी । उस वक्त उसके मन में कुछ इस तरह के भाव आ–जा रहे थे कि उसे लगने लगा जैसे अचानक उसके जीवन में किसी ध्वनि का इंतकाल हो चुका है।

**92 श्रीकुंज , बोईरदादर, रायगढ़ छत्तीसगढ़**

## ग़ज़ल

■ इब्न-ए-इंशा

दिल हिज्र के दर्द से बोझल है अब आन मिलो तो बेहतर हो

इस बात से हम को क्या मतलब ये कैसे हो ये क्यूँकर हो

इक भीक के दोनों कासे हैं इक प्यास के दोनो प्यासे हैं

हम खेती हैं तुम बादल हो हम नदियाँ हैं तुम सागर हो

ये दिल है कि जलते सीने में इक दर्द का फोड़ा अल्लहड़ सा

ना गुप्त रहे ना फूट बहे कोई मरहम हो कोई निश्तर हो

हम साँझ समय की छाया हैं तुम चढ़ती रात के चन्द्रमाँ

हम जाते हैं तुम आते हो फिर मेल की सूरत क्यूँकर हो

अब हुस्न का रुत्बा 'आली है अब हुस्न से सहरा ख़ाली है

चल बस्ती में बंजारा बन चल नगरी में सौदागर हो

जिस चीज़ से तुझ को निस्बत है जिस चीज़ की तुझ को चाहत है

वो सोना है वो हीरा है वो माटी हो या कंकर हो

अब 'इंशा'-जी को बुलाना क्या अब प्यार के दीप जलाना क्या

जब धूप और छाया एक से हों जब दिन और रात बराबर हो

वो रातें चाँद के साथ गईं वो बातें चाँद के साथ गईं


अब सुख के सपने क्या देखें जब दुख का सूरज सर पर हो

पुस्तक समीक्षा

# रोचक किस्सों का दस्तावेज

■ रोहित कौशिक

जिंदगी के किस्से यदि सपाट रूप से लिखे जाएं तो वे सिर्फ किस्से बन कर रह जाते हैं। जाहिर है सपाटबयानी में वह रचनात्मकता नहीं होती जिससे माध्यम से कोई भी कथा हमारी स्मृति का हिस्सा बन पाती है। प्रतिष्ठित युवा लेखक विपिन शर्मा ने हाल ही में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'तुम जिन्दगी का नमक हो'में जिंदगी की छोटी–छोटी कहानियां रोचक अंदाज में लिखी हैं। विपिन शर्मा के गद्य का लालित्य इन कथाओं को और भी प्रभावी बनाता है। ये किस्से छोटे जरूर हैं लेकिन इन छोटे–छोटे किस्सों में बड़ा दर्शन छिपा हुआ है। इन कथाओं का मूल स्वर प्रेम है। अक्सर हम बहुत ही सीमित और परम्परगत दायरे में प्रेम का अर्थ ग्रहण करते हैं। इन कथाओं में प्रेम के विभिन्न स्वरूप महसूस किए जा सकते हैं। जिंदगी से प्रेम किए बिना हम प्रेमिका से भी प्रेम नहीं कर सकते। इसलिए यहां एक तरफ जिंदगी से भरपूर प्रेम है तो दूसरी तरफ प्रेमी और प्रेमिका के बीच इश्क की कशिश भी है। जाहिर है कि जब जिंदगी से भरपूर प्रेम होगा तो जिंदगी से जुड़ी विभिन्न विसंगतियां भी किसी न किसी रूप से हमारे ऊपर अपना प्रभाव डालेंगी। इसलिए इन कथाओं में कहीं न कहीं जिंदगी की विसंगतियां भी मौजूद हैं।




पुस्तक : तुम जिन्दगी का नमक हो
लेखक : विपिन शर्मा
प्रकाशक : पुस्तकनामा, गाजियाबाद
मूल्य : 120 रुपये

इन किस्सों को पढ़ते हुए महसूस होता है कि इनमें सिर्फ कोरी कल्पना नहीं हैं बल्कि परोक्ष रूप से लेखक की रोजमर्रा की जिंदगी के अनुभव भी मौजूद हैं। जीवनानुभव से निकले किस्से जिंदगी के ज्यादा करीब तो होते ही हैं, विश्वसनीय भी होते हैं। निश्चित रूप से किसी भी कथा में कल्पनाशीलता का अपना महत्व होता है लेकिन यदि कल्पनाशीलता जीवनानुभव पर आधारित हो तो वह ज्यादा तार्किक होती है। यही कारण है कि इन किस्सों को पढ़ते हुए एक आत्मीय जुड़ाव महसूस होता है। ज्यों–ज्यों हम इस किताब को पढ़ते हुए आगे बढ़ते है, त्यों–त्यों इन किस्सों से हमारी रागात्मकता बढ़ती चली जाती है। इस दौर में जबकि बौद्धिक वर्ग कई तरह के वादों में उलझा अतिवाद का शिकार हो रहा है, ये कथाएं एक बनी बनाई लीक तोड़ती हुई अंधेरे में लैम्प पोस्ट की तरह हमें प्रकाशित करती हैं।

यहां कई शहर हैं, शहर की गलियां हैं, गांव हैं, चांद–तारे हैं, पहाड़ हैं, प्रकृति के विभिन्न रूप हैं तथा कई लेखक और शायर हैं। यानी एक मुकम्मल जिंदगी की कई बिखरी हुई तस्वीरें हैं। इन बिखरी हुई तस्वीरों से ही जिंदगी की एक बड़ी तस्वीर जुड़ती और पूर्ण होती है। दरअसल जिंदगी हमेशा गुलाबी नहीं होती। किसी एक रंग से रंगी जिंदगी वास्तविकता से बहुत दूर होती है। इसलिए कन कथाओं में परेशानियों और संघर्षों का रंग भी है। यह संघर्ष कई स्तरों पर दिखाई देता है। प्रेम के रास्ते पर चलते हुए संघर्ष न हों तो फिर ऐसे प्रेम का क्या औचित्य ? कभी यह संघर्ष हमारे प्रेम को और मजबूती प्रदान करता है तो कभी हालात की कठपुतली बनकर हमारे प्रेम को कमजोर भी कर देता है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि संघर्ष के समय हमारा दृष्टिकोण क्या है ? ये कथाएं विभिन्न परिस्थितियों में कहीं न कहीं हमारे दृष्टिकोण को भी परिलक्षित करती हैं।

इन किस्सों में स्थानीय जीवन की हलचल है तो अन्तरराष्ट्रीय विमर्श भी है। यह सही है कि रोजमर्रा की स्थानीय गतिविधियां हमारे जिंदगी का आधार हैं, तो अन्तरराष्ट्रीय गतिविधियां भी किसी न किसी रूप में स्थानीय गतिविधियों पर अपना प्रभाव डालती हैं। निश्चित रूप से इस प्रभाव को एक संवेदनशील लेखक ही अपनी रचनाओं में दर्ज कर सकता है। इस बदलाव और प्रभाव को विभिन्न लेखक अलग–अलग तरीकों से दर्ज करते हैं। असली सवाल यह है कि क्या लेखक इन बदलावों को सहज तरीके से अपनी रचनाओं में दर्ज कर पाता है ? बड़ी बात यह है कि विपिन शर्मा इन बदलावों को बहुत ही सलीके से इन किस्सों में दर्ज करते हैं। एक ऐसा भी अजीब समय हम सबने देखा है कि जब 'पॉजिटिव'शब्द हमारे लिए खतरे की घंटी बन गया था। यदि पिछले कुछ समय के किस्से लिखे जाएं और उन किस्सों में हमारी जिंदगी को बदरंग करने वाली महामारी का जिक्र न हो जो निश्चित रूप से यह स्वाभाविक नहीं होगा। महामारी के किस्से भी इस किताब को प्रासंगिक बनाते हैं। जीवंतता और रोचकता से ओत–प्रोत इन किस्सों को निश्चित रूप से पढ़ा जाना चाहिए। इन अद्भुत किस्सों को लिखने के लिए विपिन शर्मा बधाई के पात्र हैं।

फ़िल्म

# 'कलयुग'

■ अजय चंद्रवंशी

**श्याम बेनेगल ( 1981 )**

महाभारत की कथा विघटित होते गण समाजों और विकसित होते राजसत्ता के दौर की कहानी है। यह अपने यथार्थवादी दृष्टिकोण के लिए भी चर्चित रहा है। इसमे जिस तरह से सत्ता की केन्द्रीयता है और 'नैतिकता' को द्वितीयक दर्जा दिया गया है वह बाद के सामंती समाजों में कम से कम सैद्धांतिक स्तर पर दुर्लभ रहा है। महाभारत में यह प्रकट रूप से है ।वहां सत्ता प्राप्ति के लिए नैतिकता–अनैतिकता का मापदंड खत्म सा हो गया है; खून के रिश्ते और पारिवारिक सम्बन्ध बेमानी हो गये हैं। एक तरह से वहां आधुनिक पूंजीवादी समाजों की सामाजिक सम्बन्धों की पूर्व पीठिका सा है। यह अकारण नहीं पौराणिक काल निर्धारण में महाभारत(द्वापर) के बाद ही 'कलयुग' का आगमन होता है।

कलयुग(कलियुग) शब्द से ही एक नकारात्मकता का बोध प्रकट किया जाता रहा है ।यानी यह युग नहीं मूल्यबोध हो गया है ।बहुधा इसे 'सतयुग' के विपरीत देखा जाता है। सतयुग में जहां सब कुछ 'अच्छा' था वहीं कलयुग में अधिकतर बुरा ।यों कल(कलि)युग का शाब्दिक अर्थ 'मशीनी युग' भी होता है। खासकर पन्द्रहवी–सोलहवीं शताब्दी के व्यापारिक पूंजीवाद के दौर में सामंती मूल्यों के एक हद तक विघटन ने कलयुग की अवधारणा को बल दिया, क्योंकि लंबे समय से चले आ रहे सामंती मूल्यों का बिखराव एक झटके के समान था जिसकी एक प्रतिक्रिया कलयुग के रूप प्रकट हुई।

'महाभारत' और 'कलयुग' के इस सम्मिलन ने भारतीय समाज को गहरे रूप से प्रभावित किया है। आज भी पारिवारिक कलह की तुलना महाभारत से की जाती है और सामाजिक मूल्यों से विचलन को कलयुग का प्रभाव भी कहा जाता है।

फ़िल्म 'कलयुग' में इसी तरह की पारिवारिक 'महाभारत' की कहानी है ।फ़िल्म में एक ही परिवार के दो पीढ़ी के बाद के दो हिस्सों में व्यापारिक परिस्पर्धा और प्रतिष्ठा की लड़ाई है। यह लड़ाई प्रच्छन्न से क्रमशः प्रकट होती जाती है ।कहाँ तो खून के रिश्ते और प्रेम! और कहाँ हर पल दूसरे को नीचा दिखाने की चाह! इसकी चरम बदला और हत्या तक चली जाती है। परिणाम वही होता है सर्वनाश; किसी को कुछ हासिल नही!

फ़िल्म में भीष्मचन्द और रामचन्द नामक दो कारोबारी भाइयों की कहानी है। भीष्मचन्द अविवाहित है और उसने रामचन्द के निधन के बाद उसके दोनो बेटों खूबचन्द और पूरनचंद को पाल–पोसकर बड़ा किया ।खूबचन्द के बेटों धनराज और सन्दीपराज की पूरनचंद के बेटों धरमराज, बलराज और भरतराज के बीच अदावत चलती रहती है।

फ़िल्म में महाभारत की तरह एक निरापद पात्र 'करन' भी है,जो अनाथ है और जिसकी भीष्मचन्द ने परवरिश की है। वह धनराज को कारोबार में सहयोग करता है और वहां उसका उचित सम्मान है, मगर फिर भी आख़िरकार वह पारिवारिक सदस्य नहीं हैं इसलिए काबिल होकर भी उसकी सीमाएं है। भरतराज और उसके भाई तो और भी उसे उपेक्षित करते हैं क्योंकि वह उनके 'दुश्मन' के खेमे में है।

मगर विडम्बना कि वे तीनों उसके भाई ही हैं। पिता की अक्षमता के कारण उनकी माँ सावित्री के स्वामी प्रेमानन्द से संसर्ग से तीन बच्चे हुए जिन्हें पिता का नाम मिला। करन उन्ही से विवाह पूर्व का सन्तान है जिसे किसी का नाम नहीं मिला इसलिए उपेक्षित है। यह राज़ सावित्री, भीष्मचन्द तक सीमित है।

कलयुग(कलियुग) शब्द से ही एक नकारात्मकता का बोध प्रकट किया जाता रहा है ।यानी यह युग नहीं मूल्यबोध हो गया है ।बहुधा इसे 'सतयुग' के विपरीत देखा जाता है। सतयुग में जहां सब कुछ 'अच्छा' था वहीं कलयुग में अधिकतर बुरा ।यों कल(कलि) युग का शाब्दिक अर्थ 'मशीनी युग' भी होता है।

करन की योग्यता उसके पहचान के संकट के आगे निस्तेज है, फिर भी उसमे विद्रोह नहीं मानवीयता है। मगर धनराज के प्रति निष्ठा के कारण वह भरतराज परिवार को पछाड़ने के लिए हत्या करवाने की हद तक जाता है। और जब उसके सामने उन्ही के भाई होने की हक़ीकत खुलती है तब आत्मग्लानि, क्षोभ और बेबसी के सिवा कुछ नहीं रह जाता। अंततः वह भी कर्ण की तरह मारा जाता है। इस हक़ीक़त से भरतराज का परिवार भी आहत होता है मगर तब तक सब बर्बाद हो चुका होता है।

फ़िल्म में स्त्रियां लगभग यांत्रिक हैं और पितृसत्ता के मूल्यों से संचालित हैं। वे इस पारिवारिक तबाही को निष्क्रिय तटस्थता से देखती रहती हैं। सावित्री जरूर कुंती की तरह करन के पास जाकर उसे भाई होने की दुहाई देकर इस बर्बादी को रोकने का प्रयास करती है,और करन द्वंद्व से मुक्त होकर सहयोग करने का प्रयास भी करता है मगर हालात हाथ से फिसलते चले जाते हैं।'सुप्रिया' का चरित्र द्रोपदी सा है,परिवार में निर्णयों में एक हद तक हस्तक्षेप है ।पति से एक समय के बाद अनौपचारिक दूरी सी है ।आखिर में भरतराज से निकटता बढ़ाने का संकेत है। वह परिवार में अपनी स्थिति मजबूत रखने के लिए प्रयत्नरत दिखाई पड़ती है।




कुल मिलाकर फ़िल्म आधुनिक अभिजातवर्गीय परिवार का महाभारत है ।सामंती–पूंजीवादी मूल्यों से संस्कारित इस परिवार में झूठी प्रतिष्ठा और संदेह के आगे मानवता दम तोड़ देती है। ये जितने एक दूसरे के करीब दिखते हैं उतने ही दूर हैं ।इनका मिलना–जुलना, इकट्ठा होना सब यांत्रिक है,अंदर कहीं नफ़रत और प्रतिस्पर्धा है। यहां भाई–भाई, पति–पत्नी सब जैसे किसी औपचारिकता का निर्वहन कर रहे हैं। रिश्तों में गर्माहट कहीं नहीं है।

फ़िल्म का निर्देशन, चुस्त कथानक और सांकेतिकता, अभिनय सभी महत्वपूर्ण हैं ।पात्रों के द्वंद्व, परिस्थितियों की विडम्बना और बेबसी को बेहतर ढंग से उभारा गया है। धनराज का आत्महत्या से पहले अपनी छोटी बच्ची से पोयम सुनने का सुखद वातावरण एक झटके में मातम में बदल जाना हतप्रभ करता है। इस तरह और भी छोटी–छोटी घटनाएं हैं जो सार्थक निर्देशन को प्रकट करते हैं। पात्रों की संख्या अधिक होने के कारण भूमिकाएं सीमित मगर महत्वपूर्ण हैं। महाभारत अपने विराटता और यथार्थवादी चित्रण के कारण हर दौर के कलाकारों को प्रभावित करता रहा है और आगे भी करता रहेगा।

**कवर्धा**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश

उवाच

"अत्यधिक वास्तुशिल्प महत्व की एक ऐतिहासिक इमारत को ध्वस्त कर दिया जाएगा और उसकी जगह कुकी-कटर सरकारी भवन बनाया जाएगा और इस बीच कम से कम दो साल तक कोई राष्ट्रीय संग्रहालय नहीं होगा। यह बर्बरता है, शुद्ध व सरल।"

-शशि थरूर, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 23.0 |
| मुंबई | 32.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# मध्य प्रदेश में राहुल ने लोकतांत्रिक चेतना की अलख जगाई : कांग्रेस

**भोपाल/शाजापुर,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शनिवार को राज्य में वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की जनसभा के बाद कहा कि राहुल गांधी ने लोकतांत्रिक चेतना का अलख जगाया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री

- **शाजापुर में आयोजित जन आक्रोश यात्रा में शिवराज सरकार को घेरा**
- **प्रदेश में आज सबसे बड़ी चुनौती हमारे नौजवानों का भविष्य**

कमलनाथ ने शाजापुर में शिवराज सिंह चौहान सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान ने आज पूरे प्रदेश को चौपट प्रदेश बनाकर रख दिया है। शिवराज की घोषणा मशीन डबल स्पीड पर चल रही है। इनकी झूठ की मशीन भी डबल स्पीड से चल रही है। फिर भी भाजपा आज प्रदेश में जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रहे हैं। मैं तो कहता हूं कि शिवराज सिंह चौहान को अपने रेट कार्ड की यात्रा भी निकालनी चाहिए। मध्य प्रदेश में आज सबसे बड़ी चुनौती हमारे नौजवानों का भविष्य है।

**महिलाओं के प्रति अत्याचार में प्रदेश नंबर वन**

कमलनाथ ने कहा कि आप जिस प्रदेश में आए हैं वह महिलाओं के प्रति अत्याचार में नंबर वन है। आदिवासियों पर अत्याचार में भी



**मप्र की भाजपा सरकार ने आज पूरे प्रदेश को चौपट प्रदेश बनाकर रख दिया है : कमलनाथ**

है नंबर वन है। मध्य प्रदेश में चौपट रोजगार व्यवस्था, चौपट कृषि व्यवस्था, चौपट शिक्षा व्यवस्था, चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था, चौपट उद्योग धंधे और इस तरह के कई और चौपट उदाहरण हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि अब भाजपा के पास बचा क्या है। इनके पास पुलिस, पैसा और प्रशासन बचा हुआ है।

मुझे आप सभी पर विश्वास है कि दो महीने में जो चुनाव होने वाला है वह केवल एक उम्मीदवार या किसी पार्टी का चुनाव नहीं है, बल्कि यह चुनाव तो अब मध्य प्रदेश के भविष्य का चुनाव बन चुका है। मुझे पूरा भरोसा है कि यहां आए हुए सभी लोग और मध्य प्रदेश के मतदाता इस बार केवल सच्चाई का ही साथ देंगे। कमलनाथ ने कहा कि 50 प्रतिशत भ्रष्टाचार और कमीशन की व्यवस्था पूरे प्रदेश में पंचायत से लेकर मंत्रालय तक बनाई है। पैसे दो और अपना नाम गरीबी रेखा के नीचे की सूची में लिखवाने का काम किया जा रहा है। प्रदेश में भाजपा का समय पूरा हो चुका है। मध्य प्रदेश के मतदाताओं ने तय कर लिया है कि शिवराज सिंह और भारतीय जनता पार्टी को बड़े प्यार विदा करना है। आज प्रदेश की पूरी तस्वीर आपके सामने है। मुझे पता है कि खेतों में कटाई चल रही है। इसके बाद भी इतनी संख्या में लोग यहां उपस्थित है, जो हमें शक्ति दे रहे हैं।

## मध्य प्रदेश में अंधेर नगरी चौपट राजा है : कांग्रेस

कांग्रेस नेता शोभा ओझा ने पोलायकलां में जनसभा की शुरुआत करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में अंधेर नगरी चौपट राजा है। नवंबर में चुनाव होंगे। कमर कस लीजिए। भाजपा हर तरह का हथकंडा अपनाएगी और भ्रमित करेगी। लोगों को गुमराह करने के लिए प्रयास कर सकते हैं। सात सांसदों को चुनावों में उतारा है। इससे कोई फायदा नहीं होने वाला। उन्हें डर है। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से कहना चाहती हूं कि आप भी चुनाव लड़ लीजिए। कांग्रेस के विधायक और उम्मीदवार आपको भी धूल चटा देंगे। इंदौर में संजय शुक्ला के सामने कैलाश विजयवर्गीय को उतारा है। मैं दावे के साथ कहती हूं कि संजय शुक्ला निश्चित तौर पर कैलाश विजयवर्गीय को पटखनी देंगे।

## तेलंगाना में रेल सेवा को झंडी दिखाएंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जकलियर-कृष्णा के बीच नई रेलवे लाइन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और कृष्णा रेलवे स्टेशन से कचेगुडा तक उद्घाटन रेल सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। यह कार्यक्रम तेलंगाना में महबूबनगर में आयोजित किया जाएगा। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मोदी कार्यक्रम के दौरान 13500 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों जिसमें सड़क , पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं उच्च शिक्षा जैसी कई विकासात्मक परियोजनाएं की आधारशिला रखेंगे एवं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। तेलंगाना हाल के दिनों में अपने रेल नेटवर्क में तेजी से बदलाव का गवाह रहा है।



चाहे वह नई लाइनों का निर्माण हो, मौजूदा लाइनों का विस्तार हो, रेल लाइनों का विद्युतीकरण हो या नई यात्री सुविधाओं की शुरुआत हो, राज्य ने पहले कभी ऐसा विकास नहीं देखा है। मोदी द्वारा इस परिवर्तनकारी विकास को आगे बढ़ाते हुए जकलियर-कृष्णा के बीच एक नई लाइन राष्ट्र को समर्पित की जा रही है जो दक्षिणी तेलंगाना में रेल विकास की एक नई सुबह की शुरुआत करेगी। तेलंगाना के दक्षिणी जिलों को राज्य की राजधानी और कर्नाटक के रायचूर दोनों से जोड़ने वाले इस मार्ग पर ट्रेन सेवाओं की शुरुआत से क्षेत्र के लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास में मदद मिलेगी।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

**जम्मू,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। सेना ने कुपवाड़ा के मच्छेल सेक्टर में घुसपैठ के एक प्रयास को नाकाम बनाते हुए दो आतंकियों को अंतिम समाचार मिलने तक मार गिराया था। उनके कब्जे से हथियार व गोला बारूद भी बरामद हुआ है। जबकि पुलवामा में आतंकियों द्वारा जमीन के अंदर बनाए गए दो ठिकानों को नेस्तनाबूद करते हुए हथियार बरामद किए गए हैं। सेना प्रवक्ता के अनुसार, मच्छेल में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया गया है। कुपवाड़ा में मारे गए घुसपैठियों के पास से दो एसाल्ट राइफल, चार मैगजीन, 90 कारतूस, एक पिस्टल और पाकिस्तान मुद्रा में 2100 रुपए मिले हैं। यहां मिली जानकारी अनुसार, जिला कुपवाड़ा के अंतर्गत मच्छेल सेक्टर में एलओसी के साथ सटे कुमकारी हयहामा इलाके में गश्त रहे जवानों ने आज तड़के उस पार से घुसपैठियों के एक दल को भारतीय इलाके की तरफ आते देखा। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि मच्छेल में आतंकरोधी अभियान जारी है। दो आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। अभियान के समाप्त होने के बाद ही मारे गए आतंकियों की सही संख्या और उनकी पहचान का पता चल सकेगा। एक्स पर कुपवाड़ा पुलिस ने लिखा कि कुपवाड़ा पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए एक खुफिया इनपुट के आधार पर, मच्छेल सेक्टर के कुमकारी हयहामा क्षेत्र में सेना और पुलिस द्वारा किए गए एक संयुक्त अभियान में, घुसपैठ करने वाले 2 आतंकवादी अब तक मारे गए हैं। आप्रेशन अभी भी जारी है। इस बीच सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर में पुलवामा के त्राल में दो आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। सेना



- **सेना ने आतंकियों के पास से हथियार किए बरामद**

प्रवक्ता ने बताया कि एक विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए, जम्मू कश्मीर पुलिस और सेना की 42 आरआर ने नागबल वन, गुलशनपोरा त्राल के वन क्षेत्र में घेराबंदी की। तलाशी के दौरान, दो आतंकी ठिकानों का भंडाफोड़ किया गया। संबधित अधिकारियों ने बताया कि यह दोनों ठिकाने त्राल के ऊपरी हिस्से में गुलशपोना के साथ सटे नागबल जंगल में थे। यह दोनों ठिकाने जंगल में जमीन खोदकर तैयार किए गए थे और इनके ऊपर लकड़ियां व घासफूस बिछाई गई थी, ताकि किसी को इनके बारे में पता न चले। इन ठिकानों से कंबल, कुछ खाने पीने का सामान व हथियार मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि यह दोनों ठिकाने काफी पुराने हैं। यह दूसरी घुसपैठ की कोशिश है जिसे पिछली रात कश्मीर में सेना ने नाकाम कर दिया है। गत 16 सितम्बर को बारामूला जिले के उरी सेक्टर में मुठभेड़ में तीन घुसपैठिए मारे गए। उस घुसपैठ विरोधी अभियान के बाद, सेना ने कहा कि घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को पाकिस्तानी सेना से 'गोलीबारी का समर्थन' भी मिला।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में आतंकी हमले के मामले में छापामारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी के ढांगरी गांव में हुए, आतंकवादी हमले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम ने शनिवार को पुंछ जिले में कई जगहों पर छापे मारे। एक अधिकारी ने कहा कि एनआईए टीम ने स्थानीय पुलिस की सहायता से सुबह पुंछ जिले में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। साथ ही पुंछ जिले के गुरसाई गांव के दो लोगों पर आतंकवादियों को शरण देने के मामले में एनआईए ने पहले ही मामला दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि इसी साल एक जनवरी को राजौरी जिले के ढांगरी गांव में हुए आतंकवादी हमले में सात नागरिक मारे गए और 13 घायल हो गए।

### शाह ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात की राजधानी गांधीनगर में अहमदाबाद नगर निगम और अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण के 1651 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। शाह ने सरखेज, भाड़ज गांव, ओगणज, जगतपुर गांव और त्रागड में तालाबों के नवीनीकरण कार्यों का शिलान्यास भी किया। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में करोड़ों लोग अलग-अलग प्रकार के छोटे-छोटे व्यवसाय करते हैं और इनके बिना देश का विकास संभव नही है।

### गिरिराज सिंह असली हिंदू हैं ही नहीं : वीरेंद्र

**पटना।** संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में महिला आरक्षण पर हो रही बहस के दौरान राजद के सांसद मनोज झा द्वारा पढ़ी गई एक कविता को लेकर बिहार की सियासत में उठा बवंडर अभी थमा भी नहीं है कि राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज को लेकर विवादास्पद बयान दे दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वे असली हिंदू हैं ही नहीं। पत्रकारों ने जब उनसे गिरिराज सिंह के एक बयान को लेकर सवाल किया तो भाई वीरेंद्र ने कहा कि सच्चाई यह है कि गिरिराज सिंह असली हिंदू हैं ही नहीं।

### मप्र के सतना में उल्टी दस्त से तीन लोगों की मौत

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले के नागौद थाना क्षेत्र के सितपुरा गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत उल्टी दस्त से हो गई। सितपुरा में उल्टी दस्त की वजह से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। डायरिया से दो बच्चों सहित एक महिला की मौत हो चुकी है। पीड़ित सितपुरा की कोलान नई बस्ती निवासी ढैया कोल की महिला झल्ली कोल, उसकी 6 वर्षीय बेटी व पांच वर्षीय बेटा की मौत हो गई हैं।

# कुलगाम में सेना लोगों का कर रही उत्पीड़न : महबूबा

**श्रीनगर,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सेना की एक इकाई की ओर से निवासियों के कथित उत्पीड़न की परेशान करने वाली खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। महबूबा ने सेना के अवंतीपोरा स्थित विक्टर फोर्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल बलबीर सिंह से भी चिंताजनक आरोपों पर गौर करने का अनुरोध किया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, कुलगाम के कांसलो कांडा क्षेत्र के निवासियों से 9 आरआर शिविर के सैनिकों द्वारा कथित तौर पर परेशान किए जाने के बारे में परेशान करने वाले फोन आए। यह भी चिंता है कि वे युवाओं को सेना शिविर में बुला रहे हैं और उन्हें मुफ्त में मजदूरी करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। महबूबा ने यह भी कहा कि जीओसी अवंतीपोरा बलबीर सिंह से अनुरोध है कि कृपया इन चिंताजनक आरोपों पर गौर करें। यदि यह सच है तो उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि इसमें शामिल लोगों पर कार्रवाई की जाए। सेना के अधिकारियों ने हालांकि, कहा कि आरोप सही नहीं हैं।



- **लोगों के कथित उत्पीड़न पर जताई चिंता**

अधिकारियों ने कहा कि यह सच नहीं है। इसे लोकल फॉर्मेशन से चेक किया गया है। सेना द्वारा नियोजित आकस्मिक मजदूरों को समय पर भुगतान किया जाता है और ऐसा कुछ नहीं हुआ है।

# अज्ञानता का राजनीतिक लाभ लेना शर्मनाक : धनखड़

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की आलोचना करके राजनैतिक लाभ अर्जित करने के प्रयास को मानवता के लिए शनिवार को घातक बताया और कहा कि देश का भविष्य युवाओं के योगदान और उनकी सजगता पर निर्भर करेगा। धनखड़ शनिवार को यहां संकल्प फाउंडेशन और पूर्व लोक सेवा अधिकारी संघ को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने भारतीय मूल्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा समाज में परिवर्तन तब आएगा जब हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों का आदर करेंगे। भारतीयता और भारत हमारे लिए सर्वोपरि हैं और प्रत्येक व्यक्ति भारतीय होने पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत जैसी समृद्ध विरासत पूरी दुनिया में कहीं नहीं है।

- **उपराष्ट्रपति ने पूर्व लोक सेवा अधिकारी संघ को किया संबोधित**

भारत की संस्कृति पांच हजार वर्षों से भी अधिक पुरानी संस्कृति है, जो लोकाचार और मानवीय मूल्य भारत की संस्कृति में विद्यमान है जो पूरी दुनिया में किसी भी देश की संस्कृति में नहीं है। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी उस समय भारत ने एक सौ से अधिक देशों को वैक्सीन भेजकर उनकी सहायता की। भारतीय संस्कृति का यही लोकाचार और संस्कृति की पहचान है। वसुधैव



**समाज में परिवर्तन तब आएगा जब हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों का आदर करेंगे : जगदीप धनखड़**

कुटुंबकम का सच्चा अर्थ यही है। धनखड़ ने अन्य देशों में जाकर भारत की आलोचना करने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब बहुत अधिक प्रगति होती है तब कुछ ताकतें देश की प्रगति की आलोचना करने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। और किसी भी हद तक जाकर आलोचना करती हैं तथा देश को बदनाम करने का कुकृत्य करती हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी वहां का मानव संसाधन है। देश की सांस्कृतिक विरासत भी एक बड़ी पूंजी होती है और सांस्कृतिक विरासत एक सौम्य शक्ति के रूप में देश की तरक्की में अपनी भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि जिस दिन हमारे देश के युवा ठान लेंगे की चुना हुआ सांसद संविधान की अपेक्षा के अनुसार अपने कर्तव्य का पालन करेगा उस दिन हमारे सांसदों को संविधान के अनुसार आचरण करना पड़ेगा। भारत की नई शिक्षा नीति की प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा नई शिक्षा नीति बदलाव का एक मुख्य कारण बनेगी। इस शिक्षा नीति के तहत युवा एक साथ कई पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर सकते हैं।

## देश के युवा राष्ट्र की उन्नति के कर्णधार : उपराष्ट्रपति

देश के युवाओं को आगाह करते हुए धनखड़ ने कहा कि देश के युवा राष्ट्र की उन्नति के कर्णधार हैं और भारत को विकसित बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। भारत की आबादी में युवाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारे देश का भविष्य देश के युवाओं के योगदान और उनकी सजगता पर निर्भर करेगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने वाले योद्धा युवा ही बनेंगे। सांसदों के आचरण और मर्यादा को लेकर अपनी चिंता को साझा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद में सांसद संवाद करेंगे, चर्चा करेंगे, गहन विचार विमर्श करेंगे और महत्वपूर्ण कानूनों के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे लेकिन वे शोर हंगामा, आरोप-प्रत्यारोप करते हैं।

# विधानसभा व लोकसभा चुनावों में भाजपा को मजबूत करने को बहाल होगे विस्तारक

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा ने विधानसभा व लोकसभा चुनावों में पार्टी को मजबूत करने के लिए विस्तारकों को बहाल करने का अहम फैसला लिया है। अगले दो महीने में सभी विस्तारकों की बहाली हो जाएगी और प्रशिक्षण देकर इनकी तैनाती कर दी जाएगी। इसके लिए भाजपा ने 10 सदस्यीय समिति का गठन किया है। पार्टी ने तय किया है कि 1 दिसम्बर से पहले उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और बिहार जैसे राज्यों में विस्तारकों की बहाली व प्रशिक्षण का काम पूरा कर इन्हे पूरी तरह से जमीन पर उतार दिया जाएगा।

वहीं छोटे राज्यों में यह काम एक जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। देश भर में विस्तारकों की सभी गतिविधियों की संचालन केंद्रीय स्तर पर भाजपा महासचिव सुनील बंसल देंखेंगे। उनके अधीन 10 नेता अलग-अलग राज्यों में काम करेंगे। विस्तारक योजना का संयोजन उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा करेंगे। वहीं सह संयोजक कि जिम्मेदारी बिहार के संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया और दिल्ली के भाजपा नेता राजुकंमार सभांलेंगे। इसमें बतौर सदस्य तमिलनाडु के श्रीनिवासन, महाराष्ट्र के सुनील कर्जतकार, यूपी के



विजय बहादुर पाठक, मध्य प्रदेश के श्याम महाजन, हिमाचल प्रदेश के उमेश शर्मा, बिहार के प्रोफेसर मनोज सिंह और त्रिपुरा के पार्टी नेता किशोर बर्मन को बनाया गया है। इन सभी नेताओं को देश भर के अलग-अलग राज्यों में विस्तारक बहाली, प्रशिक्षण व समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा नेतृत्व ने इसकी जानकारी सभी प्रदेश अध्यक्षों को दे दी है औरअति शीर्ष विस्तारकों के काम को तेजी से लागू करने का निर्देश दिया है। बतादें कि विस्तारक ऐसे कार्यकर्ता होते हैं जो सालों से भाजपा या राष्ट्रीय स्वयं सेवक के किसी प्रकल्प में काम कर रहे हैं। ये जमीन पर पार्टी के आंख, नाक और कान होते हैं। जो दिन प्रतिदिन की जमीनी हकीकत से पार्टी के शीर्ष नेताओं को अवगत कराते हैं।

**भाजपा ने इसके लिए दस सदस्यीय समिति का किया गठन**

## ओडिशा विधानसभा में फिर हुआ हंगामा

**भुवनेश्वर,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों द्वारा शनिवार को सदन में हंगामा के कारण सुबह करीब 10:31 बजे से शाम चार बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी गई। जैसे ही आज सदन में प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू हुई वैसे ही भाजपा सदस्य सदन के वेल में आ गए और गुरुवार को अध्यक्ष द्वारा अपने दो सदस्यों के निलंबन को हटाने और सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के अरुण साहू द्वारा नेता प्रतिपक्ष जयनारायण मिश्र के मानसिक स्वास्थ्य पर की गई अपमानजनक टिप्पणी को हटाने की मांग करते हुए नारे लगाने लगे। सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद अध्यक्ष प्रमिला मलिक ने बीजद के सुधीर सामल को अपना प्रश्न उठाने के लिए कहा, लेकिन इससे पहले कि वह प्रश्न को आगे बढ़ाते, भाजपा सदस्य वेल में आ गए और सदन में विरोध प्रदर्शन करने लगे। भाजपा के दो विधायकों मोहन चरण माझी और मुकेश महालिंग को गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष के आसन पर कथित तौर पर दाल फेंकने के बाद शेष सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था।



# झारखंड में नहीं थम रहा डेंगू-चिकनगुनिया का कहर

- **मेडिकल स्टूडेंट सहित अब तक सात की मौत**
- **डेढ़ हजार से ज्यादा मरीज मिले**

**रांची,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। झारखंड में डेंगू-चिकनगुनिया का कहर थम नहीं रहा। मरीजों की तादाद डेढ़ हजार से भी ज्यादा पहुंच गई है। पिछले चार साल में डेंगू पीड़ितों की संख्या कभी इससे ज्यादा नहीं रही। अब तक सात मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें तीन स्कूली छात्र और एक मेडिकल स्टूडेंट शामिल हैं। राज्य के जिला अस्पतालों में बनाए गए डेंगू वार्ड मरीजों से फुल हो चुके हैं। शुक्रवार को जमशेदपुर के टाटा मेन हॉस्पिटल में इलाजरत मेडिकल प्रथम वर्ष के छात्र अविनाश कुमार झा की मौत हो गई। वह आदित्यपुर बाबाकुटी निवासी आईएन झा के पुत्र थे। जमशेदपुर के जेपीएस बारीडीह, तारापोर एग्रिको और डीबीएमएस स्कूल के तीन छात्रों की मौत भी डेंगू से हुई है। शुक्रवार को जमशेदपुर में डेंगू के 19 मरीज मिले। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जमशेदपुर के रहने वाले हैं और सबसे ज्यादा मरीज इसी जिले (पूर्वी सिंहभूम) में पाए गए हैं। यहां डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 891 पहुंच चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक राज्य में इस साल जनवरी से अब तक डेंगू के 1534 और चिकनगुनिया के 240 मरीज मिले हैं।



यह आंकड़ा सिर्फ सरकारी अस्पतालों में इलाजरत मरीजों का है। अनुमान है कि सैकड़ों मरीजों का इलाज प्राइवेट हॉस्पिटलों में चल रहा है।

प्रतिबद्धता | *नारी सशक्तीकरण के नए युग की शुरुआत*

# देश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बनेगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम

**भोपाल, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। देश के संसदीय इतिहास में नारी सशक्तिकरण का एक अनूठा उदाहरण पेश करते हुए संसद के दोनों सदनों ने ऐतिहासिक 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित कर दिया है। राष्ट्रपति मुर्मू की स्वीकृति के बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम अब कानून का रूप ले चुका है। अधिनियम यह सुनिश्चित करने की सरकार की।**

प्रतिबद्धता है कि महिलाओं की आवाज को अब और भी अधिक प्रभावी ढंग से सुना जाए। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बनेगा। इससे जहां नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व और मजबूत होगा, वहीं अधिनियम से नारी सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत होगी। यह सिर्फ एक कानून नहीं है, बल्कि इसके जरिए राष्ट्र निर्माण में अमूल्य भागीदारी निभाने वाली देश की



- **आधी आबादी की विधायिका में भी मुखर होगी आवाज**

माताओं, बहनों और बेटियों को उनका अधिकार मिला है। इस ऐतिहासिक कदम से महिलाओं की आवाज और बुलंद होगी, उनकी शक्ति, साहस और सामर्थ्य को एक नई पहचान मिलेगी। नारी शक्ति के सहयोग और सामर्थ्य के बिना एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव नहीं है।

देश की महिला शक्ति को उनका अधिकार देने वाला सरकार का यह निर्णय, आने वाले समय में एक विकसित और समृद्ध भारत के निर्माण का मुख्य स्तंभ बनेगा। लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया भर में लैंगिक समानता और समावेशी शासन का एक शक्तिशाली संदेश दिया है। इस अधिनियम के माध्यम से 140 करोड़ की आबादी में 50 प्रतिशत हिस्से वाली मातृशक्ति को सच्चे अर्थों में सम्मानित करने का काम किया है। अब देश की महिलाएं न केवल नीतियों में भागीदार बनेंगी, बल्कि नीतियों के निर्धारण में भी अपना योगदान देंगी। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के दिन से ही महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सहभागिता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता रही है। वर्तमान प्रावधान के अनुसार संसद में चुनकर आने वाले सदस्यों की तीनों श्रेणियों सामान्य (जिसमें ओबीसी शामिल हैं), अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में सरकार ने 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया गया है। जिससे देश में महिला सशक्तिकरण की एक नई दिशा तय होगी। संविधान संशोधन की धारा 330 (ए) और धारा 332 (ए) के माध्यम से महिला आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इस विधेयक के जरिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। हालांकि, महिलाओं को इसका लाभ जनगणना और परिसीमन (लोकसभा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण) की प्रक्रिया के बाद ही मिलेगा।

# प्रादेशिकी

## सरकार सहयोग करे तो वैश्य समाज बड़े उद्योग/संस्थाएं लाने को तैयार : गर्ग

**हिसार**। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और व्यापार मंडल हरियाणा के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा है कि सरकार अगर सहयोग करे तो वैश्य समाज अग्रोहा में बड़े उद्योग/संस्थाएं लाने को तैयार है। श्री गर्ग ने वैश्य समाज के प्रतिनिधियों के साथ आज यहां बैठक करने के बाद पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को महाराजा अग्रसेन की धर्म नगरी अग्रोहा को महानगर बनाना चाहिए, जिसमें रिहायशी सेक्टर, शॉपिंग मॉल के साथ टेक्सटाइल हब और इंडस्ट्रियल जोन भी बनना चाहिए। सरकार अगर अग्रोहा के विकास पर ध्यान देती है तो वैश्य समाज अग्रोहा में बड़े उद्योग और संस्थाएं लाने के लिए तैयार है। अग्रोहा के विकास से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा और सरकार को करोड़ों-अरबों रुपए राजस्व की प्राप्ति होगी।

# ब्रिटेन से दून लौटने पर सीएम धामी का भव्य स्वागत

**देहरादून,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपना चार दिवसीय लंदन का दौरा करके शनिवार को देहरादून लौटे। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और सुबोध

- महेंद्र भट्ट, प्रेमचंद अग्रवाल व सुबोध उनियाल रहे मौजूद
- 12,500 करोड़ का एमओयू साइन करा कर लौटे हैं धामी

उनियाल समेत कई विधायक और वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। बता दें कि बीती 25 सितम्बर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार का एक डेलिगेशन ब्रिटेन गया था, जिसने ब्रिटेन में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के लिए वहां के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया। इसी तरह से ब्रिटेन में धामी सरकार ने करीब 12,500 करोड़ रुपए के निवेश के एमओयू साइन किये।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्वागत में देहरादून के बन्नू स्कूल के ग्राउड में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएम धामी हेलीकॉप्टर से सीधे बन्नू स्कूल के ग्राउंड में पहुंचे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि निवेश के लिए जो प्रतिनिधिमंडल ब्रिटेन दौरे पर गया था, उसने ब्रिटेन के दो बड़े शहरों में रोड शो किये थे। प्रदेश में करीब 12,500 करोड़ रुपए का निवेश होने जा रहा है, जिनके प्रस्तावों का एमओयू साइन हो चुका है। साथ ही उन्होंने बताया कि दिसम्बर में देहरादून में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 होने जा रहा है। उसमें निवेशकों का एक बड़ा वर्ग प्रदेश में निवेश करेगा। इस निवेश से प्रदेश के विकास को नई रफ्तार मिलेगी और यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी खुलेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उम्मीद जताई है कि उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के बाद प्रदेश की जीडीपी (सकल घरेलू दर) दो गुनी होगी।



### 12 हजार करोड़ प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धिः भट्ट

देहरादून। इस मौके पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि सीएम धामी ब्रिटेन से प्रदेश के लिए 12,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की सौगात लेकर आए हैं, जो प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। वहीं, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल और सुबोध उनियाल ने कहा कि जो ब्रिटेन से सीएम ने 12,500 करोड़ का निवेश प्रस्ताव लेकर आए हैं, उससे प्रदेश में उद्योग बढ़ेंगे, साथ ही तमाम क्षेत्रों में बेहतर काम होगा।

### धामी के स्वागत में होश खो बैठे बीजेपी नेता

देहरादून। चार दिवसीय दौर के बाद ब्रिटेन से लौटे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का राजधानी देहरादून में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया, लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्वागत कार्यक्रम में बड़ी चूक देखने को मिली। यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हेलीकॉप्टर से उतरे भी नहीं थे कि उनके स्वागत के लिए भीड़ हेलीकॉप्टर के पास पहुंच गई थी। परेशानी की बात ये थी कि तबतक हेलीकॉप्टर का रोटर (पंखुड़ी) बंद भी नहीं हुआ था। ऐसे में कोई बड़ा हादसा हो सकता था। हैरानी की बात ये है कि इस लापरवाही में उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी सबसे आगे थे। पुलिस ने बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्वागत में उन्हें कुछ दिखाई ही नहीं दे रहा था।

# ब्लूप्रिंट के साथ तैयार करें विकास कार्यों के प्रस्तावः जिलाधिकारी

**रुद्रप्रयाग,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। जनपद में होने वाले विकास कार्यों के लिए संबंधित विभागों को पूरा ब्लूप्रिंट तैयार करना होगा। किसी भी निर्माण या अन्य विकास कार्यों की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट आधुनिक तकनीक की मदद से थ्री-डी नक्शे, खर्च का ब्योरा, कितने लोग योजना से लाभ ले सकेंगे समेत सभी पहलुओं के साथ जमा करनी होगी। इसके अलावा जिन निर्माण या अन्य विकास कार्यों में खंड एवं जिला स्तर के अधिकारियों की समीक्षा व सर्वे रिपोर्ट की आवश्यकता होगी वहां अधिकारियों को मौके पर जाकर रिपोर्ट तैयार करनी होगी।

शनिवार को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने जिला खनिज फाउंडेशन न्यास की बैठक में न्यास की ओर से जारी धनराशि से जनपद में चल रहे पुराने कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही नए प्रस्ताव भी सुने। जिलाधिकारी ने बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तावित अधूरी रिपोर्ट और नक्शों पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने सभी विभागों को सभी प्रस्तावों को ब्लूप्रिंट पूरी जानकारी के साथ तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी निर्माण कार्यों में नक्शे थ्री-डी मॉडल से तैयार होने चाहिए जिससे किसी को भी प्रस्तावों को समझने में आसानी हो। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि आधे-अधूरे प्रस्तावों को लौटा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने किसी भी ग्राम सभा या नगर क्षेत्र में प्रस्तावित निर्माण कार्यों का उद्देश्य जानने के बाद ही उसका डिजाइन तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि जब उद्देश्य के अनुसार डिजाइन तैयार होंगे तभी निर्माण कार्यों का पूरा लाभ जनता को मिल सकेगा। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को यह स्पष्ट किया कि जनपद में किसी बड़े निर्माण से पहले साइट सलेक्शन कमेटी की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से लगाई जाए, बिना कमेटी के रिपोर्ट के निर्माण का प्रस्ताव पास नहीं किया जाएगा। बैठक में अगस्त्यमुनि महाविद्यालय के प्रतिनिधि द्वारा पूर्व में खनन न्याय की ओर जारी धनराशि के सापेक्ष कार्य पूर्ण होने एवं बिल न दिखाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए तुरंत कोषागार के प्रतिनिधि एवं सहायक खंड विकास अधिकारी को मौके पर जाकर जांच के निर्देश दिए।



- जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने ली जिला खनिज फाउंडेशन न्यास की बैठक
- बैठक में पुराने कार्यों की समीक्षा के साथ नए कार्यों के प्रस्ताव भी सुने

## सार संक्षेप

### उत्तराखण्ड के चमोली में आकाशीय बिजली गिरने से देव-भाभी की मौत

**चमोली**। उत्तराखंड के पहाड़ों में भले ही मॉनसून की विदाई हो गई हो, लेकिन आसमानी आफत अभी भी लोगों की जान ले रही है। ताजा घटना उत्तराखंड के चमोली जिले के विकासखंड नंदनगर घाट की है। यहां पर सरपाणी गांव में बिजली गिरने से मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में एक महिला और एक पुरुष शामिल हैं। बताया जा रहा है कि चमोली में हल्की-फुल्की बारिश हो रही थी। इसी दौरान अचानक गांव में तेज आवाज के साथ बिजली के गड़गड़ाने की आवाज सुनाई दी। अचानक देखा तो दरवाजे पर खड़े 31 साल के जय प्रकाश और परिवार की ही महिला हेमा देवी वज्रपात की चपेट में आ गए। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जहां बिजली गिरने की जानलेवा घटना हुई उस घर में उस वक्त 12 लोग मौजूद थे। 10 लोग सुरक्षित हैं। लेकिन दो लोगों की अचानक मौत हो जाने से गांव में गमगीन माहौल हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एसडीआरएफ और पुलिस की टीमों को रवाना किया गया है।

### उत्तराखण्ड के कई जिलों में बारिश की संभावना

**देहरादून**। उत्तराखंड में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। वहीं प्रदेश के पहाड़ी पर्यटक स्थलों में इन दिनों मौसम खुशनुमा बना हुआ है। कभी बारिश तो कभी धूप के साथ आसमान में बादल छाने से तापमान में गिरावट आ गई है। वहीं मौसम विभाग ने प्रदेश के पहाड़ी जिलों में बारिश का पूर्वानुमान जताया है। साथ ही मौसम विभाग ने भारी बारिश को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में गरज और चमक के साथ तेज बारिश का अंदेशा जताया है। जिसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं मौसम विभाग ने प्रदेश के अन्य हिस्सों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है।

### छात्रों को मानव तस्करी के दुष्परिणामों की दी जानकारी

**रुद्रप्रयाग**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में राइंका रुद्रप्रयाग में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को मानव तस्करी के दुष्परिणाम, यातायात नियमों, नशे से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही छात्रों को अपने घर के आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। राइंका रुद्रप्रयाग में आयोजित जागरुकता शिविर में पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशस हर्षवर्द्धनी सुमन ने कार्यक्रम में उपस्थित बालक-बालिकाओं एवं अध्यापकगणों को मानव तस्करी के दुष्परिणाम, यातायात नियमों, नशे से बचाव की जानकारी दी। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्य एवं उसके महत्व की जानकारी भी दी गई। प्रभारी महिला सुरक्षा हेल्पलाइन उप निरीक्षक ज्योति पंवार ने छात्रों को साइबर क्राइम व उनके बचाव, महिला सम्बन्धी एवं बालक बालिका संबंधी अपराधों व उनके बचाव के साथ ही उत्तराखंड पुलिस एप के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी। साथ ही महिला सुरक्षा हेल्पलाइन के कार्यों के बारे में अवगत कराया।

# सुखविंदर सरकार ने आपदा पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाया

■ हिमकिरण मांटा

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। सुखविंदर सरकार ने आपदा पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाया है। सरकार ने आपदा से क्षतिग्रस्त अधोसंरचना के पुनरुत्थना व प्रभावितों के पुनर्वास के मकसद से 3500 करोड़ का पैकेज जारी किया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पैकेज जारी करते हुए घोषणा की कहा कि आपदा प्रभावितों के पुनर्वास पर सरकार 750 करोड़ की रकम खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त घरों के मालिकों को सरकारी दर प्रति बैग सीमेंट मिलेगा। साथ ही इन्हें बिजली व पानी के कनैक्सन लगाने के लिए कोई खर्च नहीं करना होगा।

शिमला में पत्रकार वार्ता में राहत पैकेज की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार ऐसे प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को निशुल्क भूमि देगी जिनके पास जमीन बनाने के लिए भूमि नहीं है। इसके लिए प्रदेश का मूल निवासी होने की शर्त लागू नहीं होगा। प्राकृतिक आपदा प्रभावितों को घर बनाने के लिए सरकार शहरों में 3 तथा गांव में 2 बिस्वा मुफ्त भूमि देगी। उन्होंने कहा कि पुनरुत्थान व पुनर्वास पैकेज में सरकार ने राज्य के बजट से 1850 करोड़ की रकम पहले ही जारी कर दी है। 1021 करोड़ की रकम रविवार को जारी करेंगे। इसके अलावा एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के तहत प्राप्त 750 करोड़ की रकम भी जारी की जाएगी। साथ ही मनरेगा के तहत क्षतिग्रस्त घरों व निजी संपत्ति के डंगे लगाने के लिए एक हजार करोड़ की रकम खर्च होगी। विधायक निधि से भी डंगे लगाने पर रकम खर्च की जाएगी।

- सरकार ने आपदा से क्षतिग्रस्त ढांचा व प्रभावितों के पुनर्वास के मकसद से 3500 करोड़ का पैकेज जारी किया

**राहत प्रदान करने के मकसद से सरकार ने राहत नियमावली में बदलाव किया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के मकसद से सरकार ने राहत नियमावली में बदलाव किया है। बदलाव के बाद आपदा से क्षतिग्रस्त ढाबा अथवा दुकान के मालिक को पहले के 25 हजार के बजाय अब एक लाख की राहत राशि मिलेगी।

पूरी तरह से क्षतिग्रस्त 3500 घरों के मलिकों को पहले के डेढ़ लाख के स्थान पर 7 लाख की रकम सरकार देगी। आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त घर के मालिक के 6500 के बजाय एक लाख की राहत राशि सरकार देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पुनरुत्थान व पुनर्वास, पैकेज की अवधि 7 जुलाई से 30 सितंबर तक तय की है। इसके तहत क्षतिग्रस्त कच्चे मकान के मालिक को 4 हजार के स्थान पर एक लाख की राहत राशि दी जाएगी। गौशाला बनाने के लिए 3 हजार के बजाय 50 हजार, आपदा में गाय अथवा भैंस की मृत्यु होने पर इनके स्वामियों को 37 हजार के स्थान पर 55 हजार की राहत राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि व बागवानी क्षेत्र को हुए नुकसान के एवज मिलने वाली मुआवजा राशि भी सरकार ने बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि पहले प्रति हैक्टेयर 3615 रुपए की मुआवजा राशि कृषि भूमि पर फसलों को नुकसान के बदले दी जाती थी, मगर अब इसे 10 हजार रुपए प्रति बीघा कर दिया गया है।



**आपदा प्रभावितों के पुनर्वास पर सरकार 750 करोड़ की रकम खर्च करेगी। प्राकृतिक आपदा में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त घरों के मालिकों को सरकारी दर प्रति बैग सीमेंट मिलेगा। साथ ही इन्हें बिजली व पानी के कनैक्सन लगाने के लिए कोई खर्च नहीं करना होगाः**
सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री

### सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश भाजपा पर हमला बोला

**शिमला**। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने भाजपा पर प्राकृतिक आपदा में राज्य के लोगों के साथ खड़े न होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विधान सभा के मानसून सत्र में प्रदेश की त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के संकल्प पर 3 दिन चर्चा हुई। चर्चा में पक्ष व विपक्ष के सभी सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इसके बाद प्रस्ताव पर मतदान के दौरान विपक्ष सदन में खामोश रहा। मुख्यमंत्री शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को विशेष राहत पैकेज देने के मुद्दे पर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले। सभी ने मदद का आश्वासन दिया। मगर प्रदेश भाजपा की खामोशी हैरत में डालने वाली थी। उन्होंने कहा कि सिर्फ राजनीति के लिए ही राजनीति नहीं होनी चाहिए। सुक्खू ने कहा कि अपने जीवन काल में उन्होंने प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से तबाही का ऐसा मंजर कभी नहीं देखा।

## स्वच्छता सेवा परववाड़े में स्वच्छता की दिलाई शपथ

**नई टिहरी,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। विंटरलाइन फेस्ट ऑफ आगराखाल के शुभारंभ अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और अध्यक्ष नगरपालिका परिषद नरेंद्रनगर राजेंद्र विक्रम सिंह ने माउंटेन बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष ने स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में साहसिक खेल, टूरिज्म आदि के क्षेत्र में अपार संभावचनाएं हैं। आज से 10 अक्टूबर, 2023 तक कसमोली में आयोजित आगराखाल थौल महोत्सव एक सराहनीय पहल है। कहा कि कसमोली ट्रैक रूट को विकसित किया जाएगा, ताकि स्किल और रोजगार को बढ़ाया मिल सके। उत्तराखण्ड टूरिज्म विभाग टिहरी गढ़वाल के तत्वाधान में आयोजित आगराखाल थौल महोत्सव के अवसर पर नगरपालिका परिषद नरेंद्रनगर से माउंटेन बाइक रैली को रवाना किया गया। जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि रैली नरेंद्रनगर-आगराखाल-कसमोली तक आयोजित की जाएगी। रैली में 15 स्थानीय तथा 37 प्रदेश से बाहर के माउंटेन बाइककर हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि 01 अक्टूबर, 2023 को आगराखाल-कसमोली ट्रैक रूट पर ट्रेल रनिंग की जाएगी तथा कसमोली में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता श्रमदान किया जाएगा।

इस अवसर पर सीडीओ मनीष कुमार, एसडीएम नरेंद्रनगर देवेंद्र नेगी, घनसाली शैलेंद्र नेगी, जिला साहसिक खेल अधिकारी के.एस. नेगी, डीओ पीआरडी पंकज तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## देश-दुनिया के निवेशक राजस्थान की ओर हुए आकर्षित : गहलोत

**बीकानेर,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और उसके महत्वपूर्ण फैसलों का ही परिणाम है कि आज बड़ी संख्या में देश-दुनिया के निवेशक प्रदेश की ओर आकर्षित हुए हैं। श्री गहलोत शनिवार को बीकानेर में आयोजित भुजिया पापड़ व्यवसायियों के साथ संवाद और विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बीकानेर का भुजिया पापड़ देश-विदेश में प्रसिद्ध बताते हुए कहा कि एमएसएमई एक्ट के तहत उद्योगों को विभिन्न प्रकार की अनुमतियों में रियायत दी गई है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है। एग्रो बिजनेस, प्रोसेसिंग एवं एक्सपोर्ट की पॉलिसी बनाई गई है। राज्य सरकार के महत्वपूर्ण फैसलों का ही परिणाम है कि आज बड़ी संख्या में देश-दुनिया के निवेशक प्रदेश की ओर आकर्षित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि बीकानेर में भुजिया एवं पापड़ उत्पादन की सैकड़ों इकाइयां संचालित हैं। इनमें लोगों को वृहद स्तर पर रोजगार मिल रहा है। स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देना विजन-2030 का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि संवाद के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों को विजन-2030 डॉक्यूमेंट में शामिल किया जाएगा।

श्री गहलोत ने कहा कि प्रत्येक प्रदेशवासी की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पांच अक्टूबर को विजन-2030 डॉक्यूमेंट जारी किया जाएगा। उसी के आधार पर राज्य सरकार प्रदेश की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेगी। अभी तक 2.50 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा अपने सुझाव दिए जा चुके हैं, जिनका अध्ययन कराया जा रहा है। इस दौरान भुजिया पापड़ व्यवसाय से जुड़े विभिन्न उद्यमियों, विद्यार्थियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के साथ संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। इनमें स्वास्थ्य का अधिकार, राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी, गिग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, पुनः ओपीएस की षुरूआत, कामधेनु बीमा योजना, अनुप्रति कोचिंग योजना सहित विभिन्न नीतिगत फैसलों से हर वर्ग को राहत प्रदान की गई है।



**एमएसएमई एक्ट के तहत उद्योगों को विभिन्न प्रकार की अनुमतियों में रियायत दी गई है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है। एग्रो बिजनेस, प्रोसेसिंग एवं एक्सपोर्ट की पॉलिसी बनाई गई है। राज्य सरकार के महत्वपूर्ण फैसलों का ही परिणाम है कि बड़ी संख्या में देश-दुनिया के निवेशक प्रदेश की ओर आकर्षित हुएः**
अशोक गहलोत

## सरकार डिफाल्टर शुगर मिलों की संपत्ति जप्त कर किसानों को पैसा देगी : कंग

**चंडीगढ़,** 30 सितम्बर (एजेंसियां) पंजाब में फगवाड़ा शुगर मिल के मालिक जरनैल सिंह वाहिद की गिरफ्तारी पर आम आदमी पार्टी ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली 'आप' सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के खिलाफ मान सरकार की मुहिम का हिस्सा है। शनिवार को पार्टी मुख्यालय से जारी एक बयान में' आप' पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि पिछली सरकारों में ये लोग राजनीतिक संरक्षण और राजनेताओं से मिलीभगत कर किसानों के साथ धोखा करते थे और सरकारी पैसे की लूट-खसोट करते थे। अब मान सरकार कार्रवाई कर इनके भ्रष्टाचार पर लगाम लगा रही है। कंग ने कहा कि गन्ना किसानों के भुगतान के लिए सरकार ने अपना सारा हिस्सा पहले ही दे दिया है, लेकिन कई प्राइवेट शुगर मिल वालों ने किसानों के पैसे जानबूझकर रोक रखे हैं। शुगर मिलों के पास गन्ना किसानों के करोड़ों रुपए बकाया है, लेकिन वे किसानों को पैसे का भुगतान नहीं कर रहे। इसीलिए आज फगवाड़ा शुगर मिल के मालिक पर कार्रवाई हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार डिफाल्टर शुगर मिलों की संपत्ति जप्त कर किसानों को पैसा देगी।

## नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया डेंगू बचाव का संदेश

**रुद्रप्रयाग,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में बीते पांच माह से जारी डेंगू रोकथाम व नियंत्रण अभियान के तहत शनिवार को रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि, सुमाड़ी व मयाली बाजार में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुतियां के जरिए जरूरी एहतियाती उपायों पर अमल करने का संदेश दिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि डेंगू रोकथाम व नियंत्रण अभियान की कड़ी में शनिवार को सूचना विभाग में पंजीकृत नाट्य दलों के माध्यम से चार स्थानों पर डेंगू रोकथाम जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। नाट्य दल देवभूमि सांस्कृतिक कलामंच द्वारा रुद्रप्रयाग बस अड्डा व अगस्त्यमुनि बाजार में, एक्सल डेवलपमेंट एंड एजुकेशन सोसायटी द्वारा सुमाड़ी बाजार तथा रूद्र कला समिति द्वारा मयाली बाजार में डेंगू रोग रोकथाम बचाव व नियंत्रण विषयक पर नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति दी। घरों में गमलों, गमलों की ट्रे आदि में पानी ठहरने न देने, कूल का पानी नियमित रूप से बदलते रहने, बेकार वर्तन, खुली बोतलें, डिब्बे, टूटे हुए प्लास्टिक, पुराने टायर आदि को घर में एकत्र न करने, पानी की टंकियों व बर्तनों को अच्छी तरह से ढक कर रखने, ऐसे कपड़े पहनने जो शरीर को ज्यादा से ज्यादा ढक सके, मच्छर भगाने वाली क्रीम का उपयोग करने का संदेश दिया। नाटकीय मंचन जरिए कलाकारों ने तेज बुखार, सर दर्द, बदन दर्द, मांसपेशियों में दर्द, आंख के पिछले भाग में दर्द, शरीर पर लाल चक्कते, जी मचलाना और उल्टी जैसे लक्षण के विषयक में जानकारी दी व डेंगू के लक्षण होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने, अधिक मात्रा में पानी पीने, पौष्टिक आहार का सेवन करने व अधिक से अधिक आराम करने की सलाह के नुक्कड़ नाटकों का समापना हुआ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एचसीएस मर्तोलिया ने कहा कि पिछले पांच माह से सभी संभव माध्यमों से डेंगू बचाव व रोकथाम के विषयक आशा, एएनएम, सीएचओ व अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा सामुदायिक स्तर पर छोटी-छोटी गोष्ठियों, स्कूलों में प्रार्थना सभाओं में जागरूकता सत्रों के आयोजन व अन्य माध्यम से जागरूकता को लेकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।



- रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि, मयाली व सुमाड़ी बाजार में नुक्कड़ नाटक आयोजित
- एनएचएम के तहत पांच माह से चल रहा डेंगू जागरूकता अभियान

## आनंदपुर साहिब में धार्मिक स्थलों को जाने वाले रास्तों पर लगे नए दिशा सूचक बोर्ड

**चंडीगढ़,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। श्री आनंदपुर साहिब विधानसभा क्षेत्र से गुज़रते राजमार्ग पर नवीन किस्म के दिशा सूचक बोर्ड लगाए गए हैं। यह बोर्ड यात्रियों को दूरी और आगामी शहर के बारे जानकारी देने के साथ-साथ इस मार्ग पर पड़ने वाले प्रमुख धार्मिक स्थलों के बारे संक्षिप्त ऐतिहासिक विवरण से भी अवगत करवाते हैं। सरकारी प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि खालसा पंथ के सृजन स्थल श्री आनंदपुर साहिब में नतमस्तक होने के लिए हर साल देश-विदेश से लाखों की संख्या में लोग आते हैं। इसके इलावा हिंदु धर्म के शक्तिपीठ नैना देवी को जाने के लिए भी आनंदपुर साहिब में से ही रास्ता जाता है जिस कारण सारा साल यहां यात्रियों की आमद रहती है।

प्रवक्ता ने बताया कि आनंदपुर साहिब विधानसभा हलका जल स्त्रोतों, नदियों, डैमों, दरियाओं और कंडी पहाड़ी वाला इलाका है, जहां बड़े स्तर पर देश-विदेश से सैलानी इसकी खूबसूरती का आनंद मनाने आते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि इन यात्रियों को दूरी और ऐतिहासिक महत्ता से अवगत करवाने के मकसद से यह नवीन किस्म के दिशा सूचक बोर्ड लगाए गये हैं। प्रवक्ता ने बताया कि इन बोर्डों पर कुछ पक्तियों में इस पवित्र धरती के बारे धार्मिक और इतिहास महत्ता संबंधी लिखा गया है, जिससे श्री आंनदपुर साहिब आने वाले लोगों की जानकारी में और विस्तार होगा।

आनंदपुर साहिब के क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं जिनमें श्री गुरु तेग बहादुर म्यूज़ियम पांच पियारा पार्क का नवीनीकरण, नेचर पार्क, भाई जैता जी की स्मारक, इनफोरमेशन जैसे कई प्रोजेक्ट शामिल हैं।

# प्रादेशिकी

## डीएम ने नगर पालिका व नगर पंचायत में बड़ा तिरंगा लगाने के दिए निर्देश

**फर्रुखाबाद,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नगर निकायों में 15 वें वित्त आयोग से आबंटित टाइट ग्रांट व अन टाइट ग्रांट से कराए जाने वाले विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट सभागार में संपन्न हुई। सभी नगर पालिका नगर पंचायत में बड़ा तिरंगा लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तिरंगा के आस-पास पर्याप्त मात्रा में प्रकाश व्यवस्था एवं उसके रखरखाव हेतु बेहतर इंतजाम किया जाए। एसटीपी फतेहगढ़ की मरम्मत कराने हेतु नगर पालिका फर्रुखाबाद और निर्देशित किया गया। नगर निकायों की सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। सभी नगर निकायों में टैक्स वसूली हेतु एक कार्य योजना तैयार कर युद्ध स्तर पर वसूली करने के निर्देश दिए। समस्त नगर निकायों में अभियान चलाकर आवारा गोवंश को पकड़ने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

# तकनीकी दृष्टि से और संपन्न बनेंगे किसान

**लखनऊ,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। वर्ष 2018 में कृषि कुंभ के आयोजन के लिए देश भर में सराहे गए उत्तर प्रदेश में कृषि कुंभ 2.0 को वैश्विक समारोह बनाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को इसकी समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि कुंभ 2.0 में प्रदेश के प्रत्येक जनपद के साथ-साथ देश के हर राज्य की भागीदारी कराई जानी चाहिए। हर राज्य में कृषि क्षेत्र में हो रहे बेस्ट प्रैक्टिस को यहां प्रदर्शित किया जाए, इससे हमारे किसान तकनीकी दृष्टि से और संपन्न हो सकेंगे। यह आयोजन बीज से बाजार तक और दुनिया भर में कृषि क्षेत्र में अपनाई जा रही तकनीक से लेकर नवाचार तक की जानकारी देने वाला होगा। आयोजन दिसंबर के दूसरे सप्ताह में संभावित है। उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कुंभ के इस दूसरे संस्करण में 2 लाख से अधिक किसानों की प्रतिभागिता कराई जाए। भारत सरकार के माननीय मंत्रीगणों, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कृषि एवं संवर्गी सेक्टर की ख्यातिलब्ध कंपनियों/संस्थाओं, सभी कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्रों, प्रगतिशील किसानों को आमंत्रित किया जाए। सम्मेलन के वैश्विक स्वरूप पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान, इजरायल, क्रोएशिया, पोलैंड, पेरू, जर्मनी, यूएसए, फिलीपींस, साउथ कोरिया, इंडोनेशिया जैसे देशों में खेती-किसानी को लेकर अनेक अभिनव कार्य हो रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तर्ज पर संबंधित देशों में भारतीय दूतावासों/उच्चायोग से संपर्क कर इन देशों को कृषि कुंभ में कंट्री पार्टनर के रूप में सहभागी बनाने के प्रयास किए जाएं। सम्मेलन का मुख्य कार्यक्रम लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में होगा, जबकि इससे पूर्व नई दिल्ली में कर्टेन रेजर इवेंट भी आयोजित किया जाएगा। कृषि कुंभ के विभिन्न आयामों के संबंध में विमर्श करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेलन के दौरान गौ-आधारित प्राकृतिक खेती, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने की तैयारियों, श्री अन्न के प्रोत्साहन, एफपीओ आधारित व्यवसाय, खेती की लागत को कम करने, पराली प्रबन्धन के साथ-साथ .1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाले राज्य में कृषि सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा कराई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों/संस्थाओं द्वारा कृषि प्रदर्शनी, इंटीग्रेटेड फार्मिंग, ड्रोन के उपयोग, औद्यानिक क्षेत्र की उपलब्धियों, गोवंश संरक्षण, रेशम उद्योग की प्रगति, एग्रो फॉरेस्ट्री, फूलों की खेती, कृषि उद्यमिता, कृषि विविधीकरण, एग्री स्टार्टअप, डिजिटल एग्रीकल्चर जैसे विषयों पर चर्चा-विमर्श, विशेषज्ञों के व्याख्यान, प्रदर्शनियां आदि आयोजित की जाएंगी।

■ कृषि कुंभ 2.0 को वैश्विक समारोह बनाने की तैयारियों में जुटी सरकार



तकनीक से नवाचार के वैश्विक परिदृश्य से परिचय कराएगा कृषि कुंभ 2.0 : योगी आदित्यनाथ

### वानिकी नववर्ष मनाएगी सरकार

**लखनऊ।** योगी सरकार वनों के सृजन-संरक्षण पर और तेजी से कदम बढ़ा रही है। यूपी में सफलतापूर्वक वृहद रूप से 36.15 करोड़ पौधरोपण करने के बाद योगी सरकार अब वानिकी नववर्ष भी मनाएगी। सभी 75 जनपदों में समान रूप से पौधरोपण के पश्चात पहली अक्टूबर को राजधानी लखनऊ के साथ ही सूबे के सभी 75 जनपदों में इसका वृहद आयोजन किया जाएगा। विभिन्न वानिकी कार्यों के संबंध में एक्टिविटी बुक का भी विमोचन होगा। साथ ही पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जनअभियान 2024 के लिए मिशन टीम भी अभी से घोषित होगी। वृक्षारोपण अभियान-2023 को सफल बनाने वाली मिशन टीम की हौसला अफजाई करने के बाद योगी सरकार अब उनका सम्मान भी करेगी।

## हर घर सोलर अभियान कल से

**लखनऊ,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में सोलर एनर्जी को बढ़ावा दे रही योगी सरकार महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर से पूरे माह लखनऊ एवं वाराणसी सोलर सिटी में हर घर सोलर अभियान आयोजित करने जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य यूपीनेडा द्वारा सोलर एनर्जी पालिसी-2022 के अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित 6000 मेगावाट सोलर रूफटॉप संयंत्र के (आवासीय/व्यवसायिक) लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में प्रयास करना है। यूपीनेडा के निदेशक अनुपम शुक्ला ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि हर घर सोलर अभियान के अंतर्गत पहला बूट कैम्प लखनऊ के विकासभवन में तथा वाराणसी में नगर निगम कार्यालय के निकट आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं के हित में आयोजित इस कैम्प में आवासीय एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं के साथ-साथ अन्य विभिन्न विभागों के सम्बधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। कैम्प के दौरान सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना के सम्बन्ध में लोगों को विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही आवेदन की प्रक्रिया तथा नेट-मीटर की स्थापना की प्रक्रिया के सम्बन्ध में भी जानकारी दी जाएगी।

## उप्र में ग्राम चौपालों के मिल रहे सार्थक परिणाम : केशव

**लखनऊ,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणों की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने बताया कि ग्राम चौपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं और काफी हद तक लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम चौपालों को और अधिक प्रभावी व परिणामपरक बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि और अधिक ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जाए तथा चौपालों से पूर्व सफाई अभियान चलाया जाए और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण वहां पर आयें और व्यक्तिगत समस्यायें ही न हल हों,बल्कि सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों से ही हो। चौपालों से सार्वजनिक समस्याओं का सर्वमान्य हल निकलेगा, क्योंकि वहां अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि , जागरूक लोग व ग्रामीण सभी एक जगह मौजूद रहेंगे और अपने सुझाव भी देंगे। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि शुक्रवार को प्रदेश की 1561ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 5930 प्रकरणों का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।



49444 ग्राम पंचायतों में अब तक किया गया ग्राम चौपालों का आयोजन

## सार संक्षेप

### पल्लवी जैन को विधि के क्षेत्र में पीएचडी की उपाधि

**मेरठ।** शोभित सम विश्वविद्यालय मेरठ के विधि विभाग की शोध छात्रा को प्रो डॉ. इमरान के निर्देशन में घरेलू हिंसा के विरुद्ध महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा एक कानूनी अध्ययन विषय पर शोध कार्य पूर्ण करने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। डिग्री प्राप्त करने के पश्चात पल्लवी ने अपनी सफलता का श्रेय शोभित विवि के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र, कुलपति प्रोफेसर जयानंद, अपने परिवार, पति इशू जैन, बेटी, पुत्र एवं अपने सुपरवाइजर डॉ इमरान एवं विभाग के सभी शिक्षकों को दिया।

### मेरी माटी मेरा देश अभियान में अमृत कलश यात्रा निकाली

**मवाना।** नगर पालिका परिषद् मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक व अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार ने सभासदों के साथ आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान में अमृत कलश यात्रा की गयी। उक्त यात्रा पालिका कार्यालय से प्रारम्भ होकर तहसील रोड स्थित कन्या जूनियर हाईस्कूल में बने शिलाफल्कम तक चलाई गई। अध्यक्ष समेत सभी सभासदों को पंच-प्रण की शपथ दिलाई गई। सभासद अभिजीत चौहान, राजेन्द्र चौहान, शहजाद, नीरज खटीक, सलीम, विशाल चौहान, पालिका कर्मचारी सन्दीप, मोनिश आदि उपस्थित रहे।

### मेधावी छात्र सम्मानित

**मवाना।** शनिवार को नगर स्थित ए.एस.इंटर कॉलेज में आर्य समाज मवाना के तत्वावधान में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नरेंद्र एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में कॉलेज के दसवीं और बारहवीं के छात्रों को सम्मानित किया गया। आर्य समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम कक्षा 12 वर्ष सोनिया 92 शिवम कुमार 88.4 प्रिंसी 88 व कक्षा 10 की अपूर्व पवार, सुधीश पवार को 87.3 कोमल 84.3 अंक प्राप्त करने के लिए प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नरेंद्र कुमार रस्तोगी ने बताया ए.एस.इंटर कॉलेज मवाना का नाम आता है उसे समय मेरी अंतरात्मा से एक अलग अनुभूति मुझे महसूस होती है में चाहता हूं इसी प्रकार से यह विद्यालय हमेशा प्रगति करता रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया कि उनके द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मान देने की परंपरा का पुनः प्रारंभ किया गया।

### डायल 112 पर गलत सूचना देने पर युवक गिरफ्तार

**किठौर।** शुक्रवार को गोविंदपुर निवासी आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसने डायल 112 पर सूचना दी के कुछ लोगों ने उसको गोली मार दी है और उसके चोट आई है और एंबुलेंस की सुविधा भी नहीं है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। शुक्रवार दोपहर के समय सोनू पुत्र तिलक राम निवासी गोविंदपुर ने डायल 112 पर सूचना दी के मोहित वह दो अन्य लोगों ने गोली मार दी पीआरबी द्वारा यह सूचना किठौर थाना को दी गई। किठौर पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए झूठी शिकायत करने वाली युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

## मानसिक स्वास्थ्य की अहम भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन

**मेरठ,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के आचार्य विष्णु गुप्त सुभारती कॉलेज ऑफमैनेजमेंट एंड कॉमर्स के नवप्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए सुभारती विश्वविद्यालय के वेलनेस केंद्र के कैरियर निर्माण मे सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण की भूमिका विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ डीन एवं डायरेक्टर फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स प्रो. डॉ. आर.के. घई, वेलनेस केंद्र निदेशक डॉ. राहुल बंसल ने दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मंच संचालन डॉ. विनीता मित्तल के द्वारा किया गया। डीन एवं डायरेक्टर प्रो. डॉ.आर.के. घई ने विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि करियर निर्माण में मानसिक स्वास्थ्य की विशेष भूमिका है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक भाव के साथ लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है और इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करते हुए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ. राहुल बंसल ने बताया कि मानव क्षमताओं को कैसे अधिकतम स्तर तक विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य से ही हमारे जीवन का विकास होता है। उन्होंने करियर निर्माण में मानसिक स्वास्थ्य के विशेष पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए सभी का ज्ञान वर्धन किया।



# आरओ प्लांट पर बने सभागार में पालिका बोर्ड की बैठक आयोजित

**मवाना,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। तहसील रोड स्थित नगर पालिका के आरओ प्लांट पर बने सभागार में शनिवार दोपहर नगर पालिका बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में नगर को जलभराव से मुक्ति दिलाने की खातिर दो करोड़ 21 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई ताकि जल निकासी की व्यवस्था की जा सके। नाले कहां और कितने लम्बे बनाये जायेंगे, इसका खुलासा नहीं किया गया है। साथ ही नगर में पथ प्रकाश व्यवस्था में सुधार के लिए मुख्य मार्गों पर नई लाईटें और पोल लगाने के लिए 3.12 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत निर्माण व विकास कार्यों पर 5.94 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। बोर्ड बैठक में सभासदों ने वार्डों की बेहतर सफाई व खम्भों पर लाइटें नहीं लगी होने के मुद्दे भी उठाए। पालिका बोर्ड की अध्यक्षता चेयरमैन अखिल कौशिक ने की और संचालन पालिका अधिशासी अधिकारी राजीव जैन ने किया। बोर्ड बैठक में गत बोर्ड बैठक में पास हुए विकास कार्य की पुष्टि की गई। इस मौके पर जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर के आय व्यय के अनुमोदन पर विचार किया गया। पेयजल योजना के अंतर्गत 25 सोलर वाटर कूलर खरीदे जाने को लेकर शासन को भेजे जाने वाले प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई गई। बैठक में विकास निधि से प्राप्त धनराशि को खर्च करने, वित्तीय वर्ष 2023-24 विज्ञापन शुल्क का ठेका छोड़े जाने पर चर्चा हुई। नगर की सड़क एवं नाली का निर्माण जैसे अन्य विकास कार्यों को लेकर सभासदों की अनुमति से विकास कार्यों को सहमति मिल गई है। 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत एमआरएफ प्लांट पर शेड निर्माण के लिए 14 लाख 31 हजार रुपए की धनराशि आबंटित करने की स्वीकृति दी गई।

■ 5.94 करोड़ विकास कार्यों व 3.12 करोड़ पथ प्रकाश के लिए स्वीकृति
■ बोर्ड बैठक के दौरान सभासदों ने कई मुद्दे उठाए
■ बेहतर सफाई व खम्भों पर लाइटों के मुद्दे पर चर्चा



## त्योहारों पर मिलेगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति

**मेरठ,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। आगामी त्यौहारों एवं पर्वों पर उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने हेतु 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रिवेन्टिव मेन्टेनेन्स हेतु अनुरक्षण अभियान चलाया जायेगा।

इस सम्बन्ध में प्रबन्ध निदेशक चैत्रा वी. द्वारा मेरठ, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, सहारनपुर, मुरादाबाद एवं नोएडा क्षेत्र के अधिकारियों को माह अक्टूबर 2023 में विद्युत प्रणाली को दुरूस्त करने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में 33 केवी लाइनों, एलटी लाइनों एवं विद्युत परिवर्तकों के प्रिवेन्टिव मेन्टेनेन्स के निर्देश दिए हैं। प्रबन्ध निदेशक ने कहा है कि आगामी त्यौहारों एवं पर्वों पर उपभोक्ताओं सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए पावर परिवर्तकों के अर्थिंग, क्लैम्प, जम्पर, आईसोलेटर, परिवर्तक के तेल टॉप-अप करने, सर्किट ब्रेकर की ट्रिपिंग ठीक करने, केपेसिटर बैंक, अर्थिंग आदि की जांच अनुरक्षण अभियान में किया जाए।

# घनश्याम तिवारी हत्याकांड के बाद सुल्तानपुर में ब्राह्मणों का महाकुंभ

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**लखनऊ,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद मेनका गांधी के संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर में पिछले शनिवार को एक सरकारी डॉक्टर की हत्या हो गई थी। हत्यारोपियों ने डॉक्टर घनश्याम तिवारी की शरीर में ड्रिल मशीन से जगह जगह छेदकर और पीट पीट कर मरणासन्न अवस्था में छोड़ दिए थे। इसके बाद मारने वाले अपराधी डाक्टर को ई-रिक्शा पर लादकर घर भेज दिए थे। अस्पताल में मौत हो गई थी। डॉ.घनश्याम तिवारी की जघन्य हत्या के सात दिन बाद ब्राह्मण चेतना मंच के आहवान पर शनिवार को सुल्तानपुर के तिकोनिया पार्क में पूर्वांचल के ब्राह्मणों का महाकुंभ था। इस महाकुंभ में सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, जौनपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, बाराबंकी, कौशांबी, बनारस आदि जिलों के दसियो हजार ब्राह्मण जुटे थे। पूर्व कैबिनेट मंत्री जयनारायण तिवारी के आगे आने पर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक पवन पांडेय, पूर्व विधायक संतोष पांडेय, पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी, पूर्व मंत्री ओमप्रकाश तिवारी, पूर्व मुख्यमंत्री श्रीपति मिश्र के बेटे प्रमोद मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद पांडेय, सांसद मेनका गांधी के प्रतिनिधि रंजीत कुमार, सगरा सुंदरपुर आश्रम के पीठाधीश्वर मौनी महाराज, टीकरमाफी आश्रम के साधु संत आदि श्रद्धांजलि सभा में आए थे। ब्राह्मणों के मंच से स्व डॉ घनश्याम तिवारी के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की होड़ मची थी। इसमें पूर्व विधायक पवन पांडेय पांच लाख रुपए, विवेक तिवारी बिजेथुआ पांच लाख रुपए,अंबरीश मिश्र पांच लाख रुपए, सर्वेश मिश्र बहराइच एक लाख रुपए, अनिल तिवारी जौनपुर एक लाख रुपए, डॉ ओम प्रकाश तिवारी एक लाख रुपए और बच्चों को निशुल्क शिक्षा, पूर्व विधायक संतोष पांडेय स्व डॉ.के घर की बाउंड्री वॉल, विपिन मिश्र प्रयागराज 51 हजार रुपए देने का एलान किए।



## जिला न्यायाधीश ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**मेरठ,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन, जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण द्वारा जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन), वैश्य अनाथालय व सुरजकुंड बाल गृह का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में जिला न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी द्वारा भोजनालय, स्टॉक रजिस्टर, मुलाकाती रजिस्टर, हैल्थ रजिस्टर, शिशु एवं महिला पाठशाला आदि का निरीक्षण कर जेल अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरो से परिजनो की मुलाकात, बायोमैट्रिक उपस्थिति आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नारी निकेतन का निरीक्षण करते हुए संवासिनियो को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सुरजकुंड बालगृह पर भोजनालय, स्वास्थ्य केंद्र, स्टॉक रजिस्टर, मुलाकाती रजिस्टर आदि का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में वैश्य अनाथालय का भी निरीक्षण किया गया।



## न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**किठौर/माछरा,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। शनिवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय बहरोड़ा के प्रांगण में न्याय पंचायत शाहजहापुर के अन्तर्गत आने वाले परिषदीय स्कूलों की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिनमे आधा दर्जन से अधिक स्कूलों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। नगर पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन लगभग 9:00 बजे के करीब शुरू हुआ परिषदीय स्कूलों की खेल प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी माछरा कुसुम सैनी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय बहरोडा, आदर्श प्राथमिक विद्यालय नंबर 2 से प्रेमचन्द, जावेद अली, तशरीफअली प्रा.वि.किठौर नबर एक से सायरा, 2 से तसनीम, तीन से ममता, ताहिरा खातून, शाहजहांपुर से हरीश शर्मा झीडयो से विक्रम सिंह शाहजामल से सतीश कुमार आदि स्कूलों के अध्यापको ने बच्चों को लाकर प्रतिभाग कराया खेलों का आयोजन माछरा खंड शिक्षा अधिकारी कुसुम सैनी के नेतृत्व में किया गया।

■ उच्च प्राथमिक विद्यालय बहरोडा में किया गया खेल प्रतियोगिता का आयोजन

# बच्चों के हाथ में कटोरा की जगह किताब थमा रहा उप्र पुलिस का सब इंस्पेक्टर

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। रामनगरी अयोध्या में भीख मांगने वाले दर्जनों बच्चे प्राइमरी स्कूल की दहलीज पर पहुंच गए हैं। हाथ में कटोरा की जगह किताब थामे इन बच्चों को देखना सुखद तो है ही साथ में शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर सरकारी दावों पर सवालिया निशान भी लगाता है। सामाजिक ताने-बाने में भिखमंगा नाम से संबोधित इन बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को भी सभ्य समाज अपने साथ बैठाना नहीं चाहता है। आजमगढ़ निवासी व फैजाबाद में तैनात सब इंस्पेक्टर रणजीत सिंह यादव इन बच्चों के सपनों को पंख लगाने, तराशने का भगीरथ प्रयास कर रहे हैं। अब तक तीन दर्जन से ज्यादा बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्ति दिलाकर उनका प्रवेश प्राइमरी स्कूल में कराया जा चुका है। राजा राम की नगरी अयोध्या जहां किसी जाति व समाज के बसने की वर्जना नहीं रही। नगर की इसी उदारता ने सहज ही घुमंतू नटों को भी यहां का निवासी बना दिया। लेकिन, राजकीय नीतियां नगर के चरित्र सी उदार नहीं हैं, इसीलिए यहां बस जाने के बावजूद नटों को समाज की मुख्यधारा से नहीं जोड़ा जा सका। नटों की मंगता पहचान और वृत्ति दोनों यथावत है। जिस उम्र में बच्चों के हाथ किताबें होनी चाहिए, उस उम्र में उनके हाथ कटोरा है। जनपद में तैनात सब-इंस्पेक्टर रणजीत सिंह यादव इसी वंचना व विद्रूप के विरुद्ध सीटी बजाते हैं। सुबह उनकी सीटी की आवाज सुनते ही नट समाज के बच्चे मैदान में जमा हो जाते हैं। इन बच्चों के पास संसाधन नहीं है, लेकिन ललक है। यही रणजीत की प्रेरणा बनी।

अयोध्या में रामजन्मभूमि स्थल पर सुर्ख पत्थरों से मंदिर साकार हो रहा है। सूर्य की किरणों से यह पुण्य पत्थर और चटख हो उठे हैं। यहां पुलक है, प्रयोजन हैं। जबकि, उसी के पूरब जयसिंहपुर वार्ड के एक हिस्से में दिवस का रंग भी रात सा है। यह नटों की बस्ती है। सूर्य अस्त नेपाल मस्त के दृश्य के लिए समय बाध्यता इस बस्ती में मायने नहीं रखती। मंगतो का पेशा सूअर पालन, कूड़ा बीनना, रिक्शा चलाना, शादी ब्याह के अवसरों पर बैंड बजाना, लाइट उठाना, मजदूरी करना है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सर्व शिक्षा अभियान का स्कूल चलो के सरकारी नारे इस बस्ती तक आते-आते दम तोड़ देते हैं। इस नट बस्ती के लगभग सत्तर बच्चों की उम्र पढ़ने की हो गई थी लेकिन किसी भी बच्चे का पंजीकरण सरकारी स्कूल में नहीं था। समाज, घरपरिवार व सरकारी भेदभाव के शिकार इन बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा पुलिस विभाग के एक सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव ने उठा लिया। कच्चे-पक्के सीलन भरे घर, बजबजाती नालियों में लोटते सूअर, कच्ची पगडंडी जैसी सड़क पर बहता पानी और बदबूदार भरे माहौल की बस्ती में रणजीत यादव अपने सहयोगियों के साथ सुबह सात बजे पहुंच जाते हैं। बच्चों को बुलाने के लिए वे सीटी बजाते हैं। सीटी की आवाज सुनकर अलसाए, नंगे, मैले कुचले कपड़ों में कुछ बच्चे मैदान की तरफ बढ़ लेते हैं। रणजीत यादव सीटी बजाते हुए बहुत से बच्चों को नाम पुकार कर घरों से निकालते हैं। आधे घंटे की मशक्कत के बाद 60-70 बच्चों का जमावड़ा चिलबिल पेड़ के नीचे हो जाता है और फिर शुरू हो जाता है 'अपना स्कूल'। मैदान साफ कर बच्चे बैनर, दरी, जाजिम, स्वयं बिछाते हैं।

कॉपी पेन रबड़ की व्यवस्था रणजीत यादव, जिन्हें लोग अब खाकी वाला गुरु भी कहते हैं, ने कर रखा है। नई पेंसिल पाने के चक्कर में कई बच्चे पेंसिल घर भूल आए कहकर गुरु जी को ही पढ़ा देते हैं। गुरुजी भी मंद मुस्कान के साथ बैग से एक पेंसिल निकालकर बच्चे को थमा देते हैं। फिर बोर्ड पर एबीसीडी आदि लिख दिया जाता है। पढ़ाई शुरू होने से पहले भारत माता की जय, जय हिंद के नारे के बाद जब रणजीत यादव साइलेंट बोलते हैं तो बच्चे भी साइलेंट बोल उठते हैं। बरसात होने पर अपना स्कूल नही लगता है बाकी ठंडी, गर्मी में नियमित क, ख, ग, घ रटना पड़ता है। पिछले तीन वर्ष की मेहनत का परिणाम बहुत सुखद निकला। अपना स्कूल में तराशे गए लगभग तीन दर्जन बच्चों को प्राइमरी स्कूल में भर्ती करा दिया गया है।

■ शिक्षित बनो नारे के साथ मलिन बस्ती में चल रहा है अपना स्कूल
■ कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों



अल्पसंख्यक संस्थान सीधे प्रवेश हेतु
इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेन्ट एजुकेशन एण्ड टैक्नोलॉजी,
ईदगाह ईकरी रोड सरधना (मेरठ)
बी0एड0 काउन्सिलिंग कोड – SM1324
अल्पसंख्यक कॉलिज बी0एड0 (C.C.S.U College Code- 586)
(चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त) सत्र–2023–25 में
अल्पसंख्यक कोटे में सीधे प्रवेश हेतु
सम्पर्क करे:–
Contact – 9927065501, 7668771948
Email- 7imetsardhana@gmail.com




देशबन्धु नई दिल्ली, रविवार, 1 अक्टूबर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### कल ज़ी अनमोल सिनेमा पर प्रदर्शित होगी शकुंतला

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानीमानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म शकुंतला ज़ी अनमोल सिनेमा पर 1 अक्टूबर को प्रदर्शित होगी। दुष्यंत और शकुंतला की प्रेम कहानी ने दर्शकों के दिलों में पहचान बनायी है।महाकवि कालिदास की भव्य रचना 'शकुंतला' पर आधारित फिल्म शकुंतला में सामंथा रुथ प्रभु ने मुख्य किरदार निभाया है। शकुंतला और राजा दुष्यंत का विवाह तो हो जाता है लेकिन एक साधु के श्राप के कारण दुष्यंत, शकुंतला के बारे में सब कुछ भूल जाते हैं। यह एक ऐसी महिला शकुंतला के सफर की कहानी है जिसे अपने प्यार से दोबारा मिलने के लिए हर तरह के जज्बात, दर्द और सब्र से गुज़रना पड़ता है। फिल्म शकुंतला ज़ी अनमोल सिनेमा पर 1 अक्टूबर को शाम 7 बजे प्रदर्शित होगी।

कैंसर को लेकर शोधकर्ताओं का दावा

# खून में प्लास्टिक कण पहुंचने पर कैंसर का खतरा



**प्रयागराज,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के स्वतंत्र शोधकर्ता पद्मश्री वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार सोनकर ने दावा किया है कि 'टी बैग' का इस्तेमाल से अतिसूक्ष्म प्लास्टिक कण (माइक्रान एवं नैनो) हमारे खून में पहुंचकर कैंसर जैसे घातक रोग का कारक बन रहा है। डॉ. सोनकर ने बताया कि एक टी बैग में 20 से 30 फीसदी प्लास्टिक के फाइबर होते हैं जो माइक्रॉन एवं नैनो आकार में लाखों की संख्या में चाय की प्याली के रास्ते हमारे खून में पहुंच कर कैंसर जैसी जानलेवा व्याधियां पैदा कर रही है। हमारे खून में प्लास्टिक के कण भेजने वाला अकेला माध्यम टी बैग ही नहीं है, बल्कि यह भोजन, वाष्प के साथ बादल में पहुंचकर वर्षा के पानी से भी पहुंच रहा है।

**घर के अंदर से लेकर बाहर तक प्लास्टिक का वर्चस्व**

उन्होंने बताया कि प्लास्टिक में बिस्फेनाल-ए (बीपीए) रसायन के अलावा पैलेडियम, क्रोमियम और कैडिमियम जैसे तमाम धातुएं शामिल हैं जो कैंसर जैसे अनेक रोगों को जन्म देने में सक्षम हैं। हमारे घर के अंदर से लेकर बाहर तक प्लास्टिक का वर्चस्व है। घरों में पानी के पाइप, छत पर रखी पानी की टंकी, भोजन के बर्तन, किचन मे नमक से लेकर लगभग हर खाद्य एवं पेय पदार्थ यहां तक की जीवन रक्षा वाली तरल दवा भी प्लास्टिक की बोतल में मिलती हैं।



डॉ. सोनकर ने बताया कि शरीर में एंडोक्राइन प्रणाली में ग्रंथियों और अंगों का एक जटिल समूह होता है जो हार्मोन का उत्पादन और स्राव करके शरीर के विभिन्न जैविक कार्यों को विनियमित और नियंत्रित करता है। बीमार पड़ने या मानसिक व्याधि से गुजरने पर यही एंडोक्राइन प्रणाली हमारा उपचार करती है। प्लास्टिक के रसायन एंडोक्राइन प्रणाली को बाधित कर देते हैं जिससे हमारा शरीर गम्भीर बीमारियों से ग्रसित हो जाता है। पद्मश्री सोनकर ने अपने अंडमान-नीकोबार प्रयोगशाला में सीप के टिश्यू कल्चर के जरिए फ़्लास्क में मोती तैयार करने का काम कर पूरी दुनिया में अपना नाम रोशन किया है। समुद्री जीव जंतुओं की दुनिया पर केंद्रित तमाम साइंटिफ़िक जर्नल्स 'एक्वाक्लचर यूरोप सोसायटी' वर्ल्ड अक्वाकल्चर, इनफोफिश इन्टरनेशनल में डॉक्टर अजय सोनकर के इस नए रिसर्च का प्रकाशन वर्ष 2021 हो चुका है। मोती बनाने की विधा में 'टिश्यू कल्चर' की आधुनिकतम तकनीक का उपयोग करते हुए नियंत्रित इपीजेनेटिक द्वारा ख़ास मोती बनाने वाले भारतीय वैज्ञानिक सोनकर को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख विश्वविद्यालय के 'फॉरेंसिक जेनेटिक मेडिसिन विभाग' ने इस क्षेत्र में आगे के अनुसंधान के लिए पिछले वर्ष मार्च में एक साथ मिलकर काम करने का प्रस्ताव दिया है। डॉ. सोनकर ने बताया कि उन्होंने अंडमान नीकोबार द्वीप समूह से सीप के अंदर से टिश्यू बाहर निकालकर कृत्रिम वातावरण में रखकर उसमें मोती उगाने का करिश्मा किया है। उन्होंने बताया कि अब मोती बनाने के लिए सीप पर निर्भरता समाप्त हो गयी और इसके साथ ही सीप के लिए ज़रूरी समुद्री वातावरण की आवश्यकता भी समाप्त हो गयी। भारत सरकार ने इस नई उपलब्धि पर उन्हें वर्ष 2022 में पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा गया था। डॉ. सोनकर ने बताया कि इस अनुसंधान के लिए 'टिश्यू कल्चर' का उपयोग करने के साथ-साथ 'नियंत्रित इपीजेनेटिक' का भी इस्तेमाल किया। 'टिश्यू कल्चर' का उपयोग करके हमने सीप के जीन के उन कुछ गुणों को अभिव्यक्त होने से रोक दिया जिसके कारण मोती में अशुद्धियां आती हैं। उसी प्रकार कुछ ऐसे जीन को अपनी अभिव्यक्ति देने के लिए प्रेरित कर दिया जो शुद्धतम मोती के तत्व उत्पन्न करते हैं।

**एक टी बैग में 20 से 30 फीसदी प्लास्टिक के फाइबर**

**चाय की प्याली के रास्ते हमारे खून में पहुंच रहे माइक्रॉन**

## ब्रेकअप ट्रैक के जरिए संगीत की दुनिया में कदम रख रहीं पलक पुरसवानी



**मुंबई,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। रियलिटी स्टीमिंग शो 'बिग बॉस ओटीटी 2' में नजर आने वाली टीवी अभिनेत्री और मॉडल पलक पुरसवानी संगीत की दुनिया में कदम रख रही हैं। उनका म्यूजिक वीडियो जल्द ही रिलीज होने वाला हैं। पलक ने कहा कि उनका नया सॉन्ग एक ब्रेकअप ट्रैक है, जो सभी को पसंद आएगा।

एक्ट्रेस ने अपने सॉन्ग को लेकर कहा कि मैं म्यूजिक वीडियो को लेकर बहुत एक्साइटिड हूं, क्योंकि बहुत से लोग जो रिश्तों में ब्रेकअप से गुजरते हैं, वे इससे जुड़ाव महसूस करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि उनका खुद भी इस ट्रैक से पर्सनल अटैचमेंटहै और वे इससे जुड़ सकती हैं। इस पर विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि मैं भी इससे जुड़ी हूं। साथ ही, यह मेरा अब तक का पहला म्यूजिक वीडियो है। मैं अपने सभी एक्टर फ्रेंड्स से उम्मीद करूंगी कि वे इसको प्रमोट करें ताकि म्यूजिक वीडियो वायरल हो जाए!

म्यूजिक वीडियो के बारे में खुलासा करते हुए पलक ने कहा कि मेरे आने वाले म्यूजिक वीडियो के सिंगर मोहम्मद दानिश हैं जो इंडियन आइडल का हिस्सा थे। म्यूजिक वीडियो में मेरे अपोजिट अध्विक महाजन हैं।

उन्होंने इसका हिस्सा बनना क्यों चुना, इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि इसे मुंबई के मढ़ में ही शूट किया गया था। मैंने इस गाने के लिए 'हां' इसलिए कहा क्योंकि गाना वाकई बहुत अच्छा था। मैं इस गाने से एक खास तरह से जुड़ सकती हूं। यह 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। यह देखते हुए कि गाना बिल्कुल तैयार है, पलक पुरसवानी ने अपने म्यूजिक डेब्यू के लिए एक ऐसा विषय चुना है, जो यूनिवर्सल है और फिर भी इसे संभालना बहुत मुश्किल है।

## समाज में करुणा की भावना जागृत करना ही है समय की मांग : कैलाश सत्यार्थी




**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन (एसएमजीसी) ने आज विराटनगर में, अपने पहले युवा शिखर सम्मेलन 'यूथ समिट फॉर ह्यूमन फ्रटर्निटी एंड कम्पैशन' का उद्घाटन करते हुए दुनिया भर में परोपकार की भावना को जागृत करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। जायद अवार्ड फॉर ह्यूमन फ्रेटरनिटी के सहयोग से आयोजित इस समारोह में देश - दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों से आए 600 यूथ लीडर्स नें अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यर्थी नें कहा, 'दुनिया में पहली बार, समाज में करुणा की भावना को जागृत करने के लिए आज एक छत के नीचे 500 - 600 युवा यहां एकत्रित हुए हैं। इस बारे में बात हमेशा से होती आई है लेकिन दुनियाभर में उठ रहे इन सामाजिक मुद्दों और अलगाव के कारण यह एक आवश्यकता बन गई है। आज यहां जो लोग एकत्र हुए हैं वे करुणा के इस इतिहासिक वैश्विक आंदोलन का हिस्सा हैं।' जायद अवार्ड फॉर ह्यूमन फ्रेटरनिटी के महासचिव न्यायाधीश, मोहम्मद अब्देलसलाम ने ह्यूमन फ्रेटरनिटी और कम्पैशन के बीच एक संबंध स्थापित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि, 'कोई भी मनुष्य अपने मन में शत्रुता, भेदभाव और नफरत की भावना लेकर पैदा नहीं होता है। दुनिया के सभी धर्म परोपकार की बात करते हैं।' लाइबेरिया की 2011 की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता, लेमाह गॉबी ने कम्पैशन पर अपना अनुभव साझा करते हुए एक कहानी सुनाई। उन्होनें बताया कि कैसे एक पूर्व बाल सैनिक ने उन्हें न्याय पाने के लिए एक शांतिपूर्ण और दयालुता का रास्ता दिखाया, जब उनका गांव नष्ट हो गया था। यह शिखर सम्मेलन वैश्विक विचारकों, यूथ इंफ्लुएंसर, मानव भाईचारे के अग्रदूतों, धार्मिक नेताओं, निर्णायकों और चेंजमेकर्स को एक साथ लाता है।

## ज़ी अनमोल लेकर आ रहा है महाकवि कालिदास की भव्य रचना 'शकुंतला'

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। अपने ब्रांड के वादे : 'आपकी फैमिली का सिनेमा हॉल' के साथ ज़ी अनमोल सिनेमा ने लगातार ऐसा धमाकेदार मनोरंजन पेश किया है, जो देशभर के दर्शकों के दिलों में सीधे उतर गया। ज़ी अनमोल सिनेमा की विशाल लाइब्रेरी, अलग-अलग तरह की फिल्में और पूरे परिवार को पसंद आने वाली सामग्री के चलते यह चैनल ऐसे दर्शकों का पसंदीदा बन गया है, जो अपने घरों में आराम से बैठकर बढ़िया मनोरंजन चाहते हैं। अपने इसी वादे पर खरा उतरता हुआ यह चैनल ला रहा है भारत की अनमोल कहानी शकुंतला, जिसमे मुख्य किरदार में नज़र आएँगी टैलेंटेड अदाकारा सामंथा। देखिये कालिदास की कालजयी रचना पर आधारित फिल्म शकुंतला टीवी पर पहली बार, रविवार, 1 अक्टूबर शाम 7 बजे। दुष्यंत और शकुंतला की प्रेम कहानी ने सदियों से दर्शकों के दिलों में दिलचस्पी जगाई है। फिल्म 'शकुंतला' दर्शकों को इसी मनमोहक युग में ले जाती है, जिसे बड़े रोमांचक तरीके से दिखाया गया है। हर बारीकी को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किए गए सेट, बेहतरीन परिधान और शानदार सिनेमैटोग्राफी के साथ इस फिल्म ने हमें एक ऐसी दुनिया दिखाई, जो दिलचस्प होने के साथ-साथ बेहद आकर्षक भी है। देखिए भारत की अनमोल कहानी, शकुंतला टेलीविजन पर पहली बार रविवार 1 अक्टूबर को शाम 7 बजे, ज़ी अनमोल सिनेमा पर और रविवार 15 अक्टूबर को रात 8 बजे, ज़ी सिनेमा और जी सिनेमा एचडी पर।




## मेगा सर्च इंजन के धुरंधरों को पछाड़ आगे बढ़ा गूगल, 1998 में हुई थी शुरुआत

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। गूगल, सर्च इंजन का पर्याय बन गया है। इसकी शुरूआत 1998 में हुई थी, तब याहू, आस्क जीव्स और अल्टाविस्टा जैसे नामों के साथ प्रतिस्पर्धा थी। 1994 में स्थापित याहू 21वीं सदी की शुरुआत तक ई-मेल, ऑनलाइन न्यूज और सर्च में ग्लोबल लीडर था।

हालांकि, कंपनी अपने मेन सर्च और डिस्प्ले ऐड बिजनेस में जीमेल और हॉटमेल जैसे प्रतिद्वंद्वियों से तेजी से आगे निकल गई, जबकि इसका न्यूज एग्रीगेशन फेसबुक, ट्विटर और अन्य डिजिटल चैनलों से पीछे रह गया। स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इसका अधिकतर रेवेन्यू एडवरटाइजिंग स्पेस बेचने से आता था, कंपनी के सेल्स में गिरावट आई क्योंकि इसकी ऑडियंस अन्य प्लेटफार्मों पर चली गयी। जब इंटरनेट का इस्तेमाल मुख्य रूप से एकेडेमिया और सरकारों द्वारा किया जाता था, तब मोजेक कम्युनिकेशंस कॉर्पोरेशन ने नेटस्केप नेविगेटर लॉन्च किया, जो 1994 में पहले ग्राफिकल वेब ब्राउजरों में से एक बन गया। हालांकि, स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट ने जल्द ही प्रतिद्वंद्वी इंटरनेट एक्सप्लोरर लॉन्च किया, जिससे ब्राउजर मार्केट पर कंट्रोल पाने के लिए खींचतान शुरू हो गई। मोजेक ने अपने सर्च इंजन को सशक्त बनाने के लिए अमेरिकी वेब पोर्टल एक्साइट के साथ साझेदारी की। नेटस्केप को 1998 में अमेरिका ऑनलाइन (एओएल) द्वारा अधिग्रहित किया गया था।




हालांकि, एओएल ने आधिकारिक तौर पर 2008 में नेटस्केप नेविगेटर को बंद कर दिया था, लेकिन नेटस्केप ब्राउजर के कोड पर स्थापित ओपन-सोर्स मोजिला प्रोजेक्ट जारी रहा, अंततः लोकप्रिय फायरफॉक्स ब्राउजर को जारी किया। अब बंद हो चुके इंटरनेट एक्सप्लोरर के यूजर्स को एमएसएन सर्च याद होगा, जो 1990 और 2000 के दशक में माइक्रोसॉफ्ट का डिफॉल्ट सर्च इंजन था। 1998 में शुरू की गई इस सर्विस ने अपने सर्च इंजन को तब तक कई कंपनियों को आउटसोर्स किया जब तक कि माइक्रोसॉफ्ट ने अपना खुद का वेब क्रॉलर नहीं बना लिया।

2009 में इसे विंडोज लाइव सर्च और अंततः बिंग के रूप में रिब्रांड किया गया। स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, उस साल माइक्रोसॉफ्ट और याहू ने एक दशक लंबी डील की घोषणा की, जिसने याहू सर्च इंजन को बिंग से बदल दिया।

2023 में, बिंग को ओपनएआई के चैट जीपीटी-4 पर बेस्ड एक नए चैटबॉट फीचर को शामिल करने के लिए नया रूप दिया गया, जिससे मार्च में 100 मिलियन एक्टिव यूजर्स तक पहुंचने में मदद मिली। 1995 में लॉन्च होने के बाद अल्ट्राविस्टा बड़ी मात्रा में वेबसाइट्स को अनुक्रमित करने वाले शुरुआती सर्च इंजनों में से एक था।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह सर्च इंजन लोकप्रिय था क्योंकि इसने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगभग 20 मिलियन वेबपेजों को अनुक्रमित किया था और इसमें फास्ट कंप्यूटर थे जो तेजी से रिजल्ट दे सकते थे। यह सॉफ़्टवेयर डिजिटल इक्विपमेंट कॉरपोरेशन की रिसर्च लैब में कंप्यूटर वैज्ञानिकों द्वारा बनाया गया था। 2001 में, गूगल पर सर्च की संख्या ने अल्ट्रा विस्टा को पीछे छोड़ दिया, जो उस समय तक टॉप वेब डेस्टिनेशन्स में से एक था।

## फिल्म प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के दोबारा अध्यक्ष चुने गए शिबाशीष सरकार

**मुंबई,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' और 'वायसरायज हाउस' जैसी फिल्मों का समर्थन करने वाले निर्माता शिबाशीष सरकार को 2023-24 के लिए फिल्म प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। मुंबई के अंधेरी इलाके में द क्लब में आयोजित गिल्ड की 69वीं वार्षिक आम बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से फिर से चुना गया। गिल्ड ने सरकार के दोबारा चुने जाने की सूचना देने के लिए एक पत्र जारी किया है।

इसके अलावा, मनीष गोस्वामी, अपूर्व मेहता, मधु भोजवानी और अंबिका खुराना को फिर से उपाध्यक्ष चुना गया है, जबकि आशिम सामंत और फाजिला अल्लाना को गिल्ड के कोषाध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है।



गिल्ड ने शनिवार को जारी पत्र में कहा है, '29 सितम्बर को मुंबई में आयोजित एसोसिएशन की 69वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शिबाशीष सरकार को प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। उन्हें गिल्ड की प्रबंधन परिषद द्वारा सर्वसम्मति से फिर से अध्यक्ष चुना गया। इसमें आगे उल्लेख किया गया है, 'इसके अतिरिक्त, मनीष गोस्वामी, अपूर्व मेहता, मधु भोजवानी और अंबिका खुराना को उपाध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया, जबकि आशिम सामंत और फाजिला अल्लाना को गिल्ड के कोषाध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया। एजीएम में, राष्ट्रपति ने कंटेंट निर्माताओं के साथ-साथ बड़े मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के वर्तमान परिदृश्य और दृष्टिकोण पर अपने विचार साझा किए।

पत्र के अनुसार, उन्होंने कहा कि इस साल बॉक्स ऑफिस पर सफलताओं का सिलसिला बहुत उत्साहजनक रहा, लेकिन इकोसिस्टम के कुछ क्षेत्रों में चिंता का विषय बना हुआ है, साथ ही संरचनात्मक मुद्दे भी हैं, जिन्हें संबोधित करने की आवश्यकता है, इससे पहले कि हम वास्तव में हमारे पीछे कोविड द्वारा पैदा किए गए व्यवधान को दूर कर सकें।

पत्र में निष्कर्ष निकाला गया, 'इसके अलावा, मेंबर्स को पिछले वर्ष के दौरान गिल्ड में प्रमुख गतिविधियों और विकास से अवगत कराया गया और उन मुद्दों और क्षेत्रों पर अपने सुझाव भी साझा किए गए जिन पर गिल्ड को विचार करना चाहिए।'

## फिल्म दोनों की स्टार कास्ट पहुंचे शारदा विवि





■ कलाकारों के साथ सेल्फी लेने की लगी होड़

**ग्रेटर नोएडा,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित शारदा विवि में शनिवार को फिल्म की स्टारकास्ट निर्देशक सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश बड़जात्या, अदाकारा पूनम ढिल्लों की बेटी पलोमा ढिल्लों और एक्टर सनी देओल के बेटे राजवीर देओल ने अपनी फिल्म दोनों का प्रमोशन के लिए पहुंचे। राजवीर देओल और पलोमा फिल्म दोनों से अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं और अब ये जोड़ी लोगों का दिल भी जीत रही है। इस फिल्म को मशहूर फिल्म निर्देशक सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश एस बड़जात्या ने निर्देशित किया है। फिल्म का टाइटल ट्रैक दोनों लोगों का पसंदीदा गाना बन चुका है। प्रमोशन के दौरान दोनों एक्टर्स झलक पाने और उनके फोटो लेने के लिए जैसे पूरा परिसर ही उमड़ पड़ा था। रिलीज होने वाली फिल्म दोनों को देखने की अपील भी की। अभिनेता राजवीर देओल और अभिनेत्री पलोमा ढिल्लो ने छात्रों के साथ अपनी फिल्म टाइटल सांग पर डांस किया और सेल्फी ली। शारदा विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर आलोक गुप्ता, पीआर डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. अजीत कुमार और प्रो वाइस चांसलर परमानंद ने उनका अभिवादन व आभार व्यक्त किया।

साइबर सुरक्षा शोधकर्ताओं ने लगाया पता

## माइक्रोसॉफ्ट की बिंग चैट में मैलवेयर फैलाने वाले विज्ञापन शामिल



